मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष त्रयोदशी उपरांत 08:40 चतुर्दशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 29 नवंबर 2024
वर्ष 34, अंक 299, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मौजूद हैं 664 ईसा पूर्व आए महातूफान के निशान 14
वैन डेम और बीस्ट से जैकलीन ने किया कोलैबरेशन 13

## हेमंत चौथी बार बने झारखंड के सीएम

- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दिलाई शपथ
- कार्यक्रम में मौजूद रहे विपक्ष के कई प्रमुख नेता

रांची, एजेंसी



हेमंत सोरेन को शपथ दिलाते राज्यपाल संतोष गंगवार।

झारखंड में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में गुरुवार शाम 4 बजे हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। हेमंत सोरेन ने राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के 49 वर्षीय नेता का मुख्यमंत्री के रूप में यह चौथा कार्यकाल होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हेमंत सोरेन को बधाई एवं नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण नेता मौजूद थे। सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री के तौर पर चौथी बार शपथ ली। इसके साथ ही वह झारखंड के राजनीतिक इतिहास में उनके नाम कई रिकॉर्ड दर्ज हो गया। वह राज्य के 24 वर्षों के अब तक के इतिहास में चार बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले पहले राजनेता बन गए।

## रवांडा से भारत लाया गया लश्कर का आतंकी

**नई दिल्ली।** सीबीआई और एनआईए के समन्वित अभियान में लश्कर-ए-तैयबा के एक सदस्य को रवांडा से भारत लाया गया। इसके खिलाफ इंटरपोल का रेड नोटिस जारी हो चुका है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि लश्कर के सदस्य सलमान रहमान खान ने बेंगलुरु में आतंकवादी गतिविधियों के लिए हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री उपलब्ध कराई थी। सीबीआई के वैश्विक परिचालन केंद्र ने सलमान को रवांडा से भारत लाने के लिए एनआईए और इंटरपोल नेशनल सेंट्रल ब्यूरो (किगाली) के साथ मिलकर काम किया।

## दिल्ली-एनसीआर में लागू रहेगी ग्रैप-4 की पाबंदी

### सुप्रीम कोर्ट ने 2 दिसंबर तक जारी रखने का दिया निर्देश, केवल स्कूलों को छूट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (ग्रैप)-4 के तहत आपात उपायों में छूट देने से गुरुवार को इनकार कर दिया। कोर्ट ने इन्हें 2 दिसंबर तक जारी रखने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि कोर्ट कमिश्नर द्वारा प्रस्तुत दूसरी रिपोर्ट से पता चलता है कि अधिकारी ग्रैप-4 के तहत पाबंदियों को अक्षरशः लागू करने में पूरी तरह विफल रहे हैं।

पीठ ने कहा कि हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि स्कूलों के संबंध में संशोधित उपायों को छोड़कर ग्रैप-4 के तहत सभी पाबंदियां सोमवार तक लागू रहेंगी। इस बीच वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग एक बैठक आयोजित करेगा और ग्रैप-4 से ग्रैप-3 या ग्रैप-2 की ओर जाने के बारे में सुझाव देगा। हम यह भी स्पष्ट करना चाहते हैं कि यह आवश्यक नहीं है कि ग्रैप-4 में दिए गए सभी उपाय लागू किए जाएं। कोर्ट ने कहा कि ग्रैप-4 की पाबंदियों को सुनिश्चित करने में गंभीर चूक करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी लानी चाहिए। पीठ ने पंजाब से संबंधित उस खबर का संज्ञान लिया, जिसमें एक भूमि अभिलेख अधिकारी और संगरूर ब्लॉक पटवारी यूनियन के अध्यक्ष ने खुले तौर पर किसानों को उपग्रह की नजर से बचने के लिए शाम 4 बजे के बाद पराली जलाने की सलाह देने की बात स्वीकार की थी। पीठ ने कहा कि हम इस खबर की सत्यता के बारे में नहीं जानते, लेकिन यदि यह सही है तो यह बहुत गंभीर बात है। ग्रैप-4 पाबंदियां राष्ट्रीय राजधानी में गैर-आवश्यक सामान ले जाने वाले ट्रकों के प्रवेश को प्रतिबंधित करने से संबंधित हैं।

### प्रदूषण के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए छूट

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता पर केंद्र की समिति ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण निकायों के सदस्य सचिवों को निर्माण स्थलों पर प्रदूषण नियंत्रण मानदंडों के घोर उल्लंघन के लिए कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार दिया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने गुरुवार को एक बैठक में निर्माण और विध्वंस स्थलों पर वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए जारी आदेशों की निगरानी और प्रवर्तन को मजबूत करने हेतु सख्त निर्देश जारी किए।

## एक नजर

### एचपीजेड टोकन मामले में संपत्तियां कुर्क कीं

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को कहा कि उसने एचपीजेड टोकन मामले में धन शोधन की जांच के तहत भारत और दुबई में नई संपत्तियां कुर्क की हैं, जिनमें चीन से जुड़ी कुछ मुखौटा कंपनियों की संपत्तियां भी शामिल हैं। इस मामले में निवेश धोखाधड़ी के जरिये कई निवेशकों को कथित तौर पर ठगा गया था। ईडी ने एक बयान में कहा कि इन संपत्तियों की कीमत 106 .20 करोड़ रुपये है।

### एयर इंडिया को घरेलू उड़ानों से वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैम्पबेल विल्सन ने गुरुवार को कहा कि हवाई यातायात में अधिकांश वृद्धि 2025 में घरेलू और कम दूरी की अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों से देखने को मिलेगी। कंपनी के बेड़े में ज्यादातर विमान छोटे आकार वाले शामिल हो रहे हैं और बड़े आकार वाले पुराने विमानों को अगले वर्ष नया रूप देने के लिए भेजा जाएगा। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने पांच साल की बदलाव यात्रा शुरू की है।

### कूनो राष्ट्रीय उद्यान में दो चीता शावकों की मौत

**श्योपुर।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले स्थित कूनो अभयारण्य में मादा चीता निर्वा के चार शावकों को जन्म देने की खबर सामने आने के एक सप्ताह के भीतर ही यहां दो शावकों की मौत हो गई। इनके शव क्षत-विक्षत अवस्था में पाए गए। चीता परियोजना संचालक की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार कूनो अभयारण्य में मादा चीता निर्वा की रेडियो टेलेमेट्री जानकारी के आधार पर निर्वा के डेन साइट से दूर होने पर वन्य-प्राणी चिकित्सकों के नेतृत्व में मॉनीटरिंग दल द्वारा निरीक्षण किया गया। डेन साइट पर दो नवजात चीता शावकों के शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिले।

### बम का प्रैंक वीडियो बनाने वाले दो गिरफ्तार

**जयपुर।** इंस्टाग्राम पर प्रसिद्धि पाने के लिए राजस्थान में प्रतापगढ़ शहर में बस स्टैंड पर बम होने का प्रैंक वीडियो बना सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में पुलिस ने दो युवको को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल ने बताया कि प्रतापगढ़ बस स्टैण्ड पर बम होने का वायरल प्रैंक वीडियो सामने आया। जिसमे दो युवक अफवाह फैला रहे थे एवं डरा धमका रहे थे कि इस बैग के पास कोई मत जाना, इस बैग में बम रखा हुआ है।

## उच्चतम न्यायालय पहुंचा संभल जामा मस्जिद विवाद, आज होगी सुनवाई

### मस्जिद कमेटी ने दी जिला अदालत के 19 नवंबर के सर्वेक्षण आदेश को चुनौती

- सिविल जज के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का अनुरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय उत्तर प्रदेश के संभल जिले में मुगलकालीन मस्जिद का सर्वेक्षण कराने संबंधी एक जिला अदालत के 19 नवंबर के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर 29 नवंबर की अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ शाही जामा मस्जिद, संभल की प्रबंधन समिति द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करने वाली है।

संभल जामा मस्जिद कमेटी की याचिका में सिविल जज द्वारा पारित 19 नवंबर के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि जिस जल्दबाजी में सर्वेक्षण की अनुमति दी गई और एक दिन के भीतर ही सर्वेक्षण किया गया तथा अचानक मात्र छह घंटे के नोटिस पर दूसरा सर्वेक्षण किया गया, उससे व्यापक सांप्रदायिक तनाव पैदा हुआ तथा इससे देश के धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक ताने-बाने को खतरा है।

संभल में 19 नवंबर से तनाव व्याप्त है, जब अदालत के आदेश पर शाही जामा मस्जिद का सर्वेक्षण किया गया था, क्योंकि दावा किया गया था कि इस स्थल पर पहले हरिहर मंदिर था। संभल में 24 नवंबर को हिंसा भड़क उठी।



पुलिस टीम के साथ हालात का जायजा लेते डीआईजी मुनिराज जी।

### जुमा को देखते हुए मुरादाबाद मंडल में अलर्ट

संभल। संभल में जामा मस्जिद में सर्वे को लेकर हुए बवाल के बाद पहले जुमे और अदालत में जामा मस्जिद प्रकरण की सुनवाई के मद्देनजर मुरादाबाद मंडल में अलर्ट घोषित किया गया है। शुक्रवार को सर्वे रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जा सकती है, इसे लेकर हिंदू और मुस्लिम पक्ष के वकीलों ने तैयारी कर ली है। संभल शहर और चंदौसी न्यायालय परिसर में बेहद कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह और डीआईजी मुनिराज जी ने गुरुवार शाम से ही संभल में डेरा जमा लिया है। पीस कमेटी की बैठक में कमिश्नर और डीआईजी ने धर्मगुरुओं से शहर में शांति व्यवस्था बनाने में मदद करने के साथ ही जामा मस्जिद में स्थानीय लोगों के ही नमाज पढ़ने की अपील की है।

### सीबीआई जांच के साथ एसआईटी के गठन की मांग

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका के माध्यम से संभल हिंसा की जांच के लिए सेवानिवृत न्यायाधीश की अध्यक्षता में विशेष जांच दल गठित करने की मांग की गई है। याचिका में सीबीआई से हिंसा के कारणों से लेकर पूरी घटना में संबंधित अधिकारियों की संलिप्तता की जांच का अनुरोध किया गया है। किसी धार्मिक स्थल के सर्वेक्षण के दौरान जिला प्राधिकारियों की भूमिका के संबंध में दिशा-निर्देश देने की मांग भी की गई है। वाराणसी के समाजसेवी डॉ. आनंद प्रकाश तिवारी की ओर से अधिवक्ता इमरान उल्लाह और विनीत विक्रम ने याचिका दाखिल कर आयुक्त मुरादाबाद मंडल, जिला मजिस्ट्रेट व एसपी संभल, एसडीएम चंदौसी, क्षेत्राधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच के लिए हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन करने का अनुरोध किया गया है।

## चित्रकूट धाम को नई पहचान दिलाएगी सरकार : मुख्यमंत्री

- योगी ने मत्यगजेंद्रनाथ का किया जलाभिषेक और मंदाकिनी की आरती उतारी
- कर्वी में मंदाकिनी पर बनेगा नया पुल रानीपुर टाइगर रिजर्व विकसित होगा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि चित्रकूट धाम को पौराणिक और ऐतिहासिक पहचान दिलाने के लिए डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्ध है। मां मंदाकिनी की स्वच्छता-अविरलता के लिए और रामघाट के सुंदरीकरण के लिए सरकार ने पहले ही भरपूर पैसा दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चित्रकूट आते समय कर्वी में मंदाकिनी नदी पर बने पुराने पुल को देखा, कहा कि मंदाकिनी नदी पर नया पुल निर्मित होगा। गुरुवार को रामघाट में मत्यगजेंद्रनाथ के जलाभिषेक और मंदाकिनी नदी की आरती के बाद वे लोगों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उनको सनातन हिंदू धर्म के इस तीर्थ में आने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने बताया कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 1300 करोड़ रुपये निर्गत किए हैं। युद्धस्तर पर काम चल रहा है। बाईपास निर्माण हो या फिर चित्रकूट से जुड़े पौराणिक और ऐतिहासिक स्थलों के सुंदरीकरण का काम, सरकार तेजी से काम कर रही है। यमुना नदी से तुलसीदास की जन्मस्थली को बचाने की व्यवस्था की जा रही है। डिफेंस कारिडोर, इंड्रस्टियल कारिडोर के साथ ईको टूरिज्म के लिए रानीपुर टाइगर रिजर्व को और विकसित किया जाएगा। यहां मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जिला प्रभारी मंत्री मनोहरलाल, भाजपा पदाधिकारी, साधु-संत आदि मौजूद रहे।



मत्यगजेंद्रनाथ शिव मंदिर में पूजन करते योगी आदित्यनाथ।

### रानी दुर्गावती की प्रतिमा का किया अनावरण

**बांदा।** मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को बांदा में मेडिकल कॉलेज के मुख्य द्वार पर वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण किया। कहा कि रानी दुर्गावती महान योद्धा थीं, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। यह प्रतिमा उनकी वीरता और त्याग की याद दिलाती रहेगी और पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बांदा में विकास को गति देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

## प्रियंका ने ली लोकसभा सदस्यता की शपथ

नई दिल्ली, एजेंसी



- कहा-सदन में जनता के मुद्दों को उठाना हमारी प्राथमिकता

केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य निर्वाचित हुईं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने गुरुवार को निचले सदन की सदस्यता की शपथ ली। शपथ के बाद उन्होंने कहा कि जनता के जरूरी मुद्दों को उठाना, देश और पार्टी के लिए काम करना ही उनकी प्राथमिकता रहेगी तथा वह संविधान के उसूलों के लिए लड़ाई लड़ेंगी।

प्रियंका ने हिंदी भाषा में शपथ ली और इस दौरान उन्होंने संविधान की एक प्रति अपने हाथ में ले रखी थी। वह जब शपथ लेने के लिए खड़ी हुईं तो कांग्रेस सांसदों ने 'जोड़ो-जोड़ो, भारत जोड़ो' के नारे लगाए। महाराष्ट्र के नांदेड़ से निर्वाचित हुए कांग्रेस नेता रवींद्र बसंतराव चव्हाण ने भी सदन की सदस्यता की शपथ ली। शपथ लेने के बाद प्रियंका गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का हाथ जोड़कर अभिवादन किया।

## यूजी छात्र घटा-बढ़ा सकेंगे डिग्री पाठ्यक्रमों की अवधि

- यूजीसी प्रमुख बोले-उच्च शिक्षण संस्थानों में जल्द नई व्यवस्था

**नई दिल्ली।** यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार के अनुसार उच्च शिक्षण संस्थान जल्द ही स्नातक (यूजी) छात्रों के सामने पाठ्यक्रमों की अवधि को छोटा करने या बढ़ाने का विकल्प पेश कर सकेंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस सप्ताह एक बैठक में उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए त्वरित डिग्री प्रोग्राम (एडीपी) और विस्तारित डिग्री प्रोग्राम (ईडीपी) की पेशकश के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को मंजूरी दे दी है। मसौदा मानदंडों को अब हितधारकों की प्रतिक्रिया के लिए सार्वजनिक किया जाएगा। कुमार ने कहा कि डिग्रियों में पाठ्क्रमों की अवधि छोटी किए जाने या बढ़ाए का उल्लेख होगा और इन डिग्रियों को आगे की पढ़ाई या नौकरी के लिए निर्धारित अवधि की डिग्री के समान माना जाएगा। कहा कि छात्र पढ़ाई की क्षमताओं के आधार पर अपने अध्ययन की अवधि को छोटा करने या बढ़ाने के लिए इस विकल्प का उपयोग कर सकते हैं।

## निजी हिस्सेदारी के लिए बिजली की पांच नई कंपनियां बनेंगी

- पूर्वांचल में तीन व दक्षिणांचल में दो कंपनियां बनाने पर सहमति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों को तोड़कर पांच नई विद्युत वितरण कंपनियां बनाई जाएंगी। इसमें पूर्वांचल निगम में तीन व दक्षिणांचल निगम में दो नई कंपनियां होंगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने कार्मिक संगठनों से बातचीत के बाद देर शाम यह निर्णय लिया। उधर, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रबंधन पर गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि निजीकरण कतई स्वीकार नहीं करेंगे।

कॉरपोरेशन की बैठक में ऊर्जा क्षेत्र में सुधार पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें यह तय पाया गया कि निगमों को विभाजित किया जाना श्रेयस्कर होगा। प्रत्येक निगम में 30-35 लाख उपभोक्ता हो सकें। इससे किसी एक कंपनी व निजी निवेशक के एकाधिकारी की आशंका भी समाप्त हो जाएगी। पांच कंपनी होने पर कई निजी निवेशक आगे आ सकेंगे। इन नई कंपनियों की सीमाएं इनके मंडलों व जिलों में होगी। प्रत्येक कंपनी में बड़े नगर भी शामिल होंगे। नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों का इस प्रकार सामंजस्य किया जाएगा, जिससे इसमें कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को निवास व अपने परिवार के दायित्वो के निर्वाहन में असुविधा न होने पाए। इससे पहले कार्मिक संगठनों के साथ प्रबंधन की वार्ता हुई, पर कार्मिकों ने निजीकरण के प्रस्ताव को मानने से इनकार कर दिया।

## ई-रिक्शा के लिए अधिकतम किराया दर 8.30 रुपये प्रति किलो मीटर निर्धारित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ई-रिक्शा के लिए अधिकतम किराया दर 8.30 रुपये प्रति किमी. निर्धारित किया गया है। इस प्रमुख सचिव परिवहन एल. वेंकटेश्वर लू की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। अभी तक 5 रुपये रुपये प्रति किमी. तय थी।

प्रमुख सचिव ने परिवहन ने आयुक्त व अन्य संबधित अधिकारियों को भेजे निर्देश में लिखा है कि ठेका गाड़ी के रूप में संचालित हो रहे ई-रिक्शा के लिए किराये की अधिकतम दर प्रति किलोमीटर अथवा उसके भाग के लिए 8.30 रुपये तय किए गए हैं। मार्च 2024 तक प्रदेश में करीब पौने छह लाख ई-रिक्शा पंजीकृत थे। अब इनकी संख्या और बढ़ चुकी है।

## सड़क निर्माण घोटाले में एक एसई, दो एक्सईएन समेत 16 अभियंता निलंबित

- सड़क निर्माण घोटाले में मुख्यमंत्री की बड़ी कार्रवाई
- हरदोई में चार नवनिर्मित सड़कों के नमूने फेल मिले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** हरदोई के सड़क निर्माण घोटाले में एक एसई, दो एक्सईएन समेत 16 अभियंताओं को निलम्बित कर दिया गया है। घोटाले का पूरा प्रकरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान में आने के बाद गुरुवार देर शाम यह बड़ी कार्रवाई की गई है। इस मामले में मुख्यमंत्री की सख्ती को देखते हुए लोक निर्माण विभाग में हड़कंप मच गया है।

दरअसल, बीते दिनों हरदोई में चार नवनिर्मित सड़कों के नमूने लिए गए थे। लैब में इन नमूनों की जांच कराई गई तो ये सभी नमूने फेल हो गए। तारकोल की मात्रा कम मिली।

गिट्टी समेत अन्य सामग्री भी मानक से कम मिली। इसके बाद जैसे ही रिपोर्ट मुख्यमंत्री तक पहुंची, उन्होंने तत्काल प्रभाव से अधीक्षण अभियंता सुभाष चंद्र, अधिशासी अभियंता सुमंत कुमार व शरद कुमार मिश्रा को निलंबित कर देने के आदेश दिए।इसी प्रकरण में 8 अवर अभियंता मोहम्मद शोएब, राजीव कुमार, अमर सिंह, रुचि गुप्ता, सत्येंद्र कुमार, अवधेश कुमार गुप्ता, मकरंद सिंह यादव और वीरेंद्र प्रताप सिंह को भी निलंबित किया गया है।

सभी निलंबित अभियंताओं के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं। विभागीय सूत्रों के मुताबिक जिन नौ अन्य जिलों में सड़कों की जांच कराई गयी है उनके भी नमूने जांच के लिए लैब में भेज दिए गए हैं। रिपोर्ट आने पर वहां भी कड़ी कार्रवाई तय मानी जा रही है।

## 15 साल का रघु अब दुधवा के खुले जंगल में दिखाएगा हनक

### टाइगर रिजर्व के जंगल में छोड़ा गया पहला गैंडा, जल्द ही तीन मादा गैंडे छोड़े जाने की उम्मीद

संवाददाता, पलियाकलां

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त दुधवा टाइगर रिजर्व में पहली बार किसी गैंडे को खुली हवा में सांस लेने का मौका मिला। सौर ऊर्जा संचालित तारबाड़ से 15 वर्षीय रघु नाम के नर गैंडे को असम के काजीरंगा पार्क से आई एक्सपर्ट टीम की देखरेख में रेडियो कॉलर लगाकर खुले जंगल में छोड़ा गया। जल्द ही तीन मादा गैंडों को छोड़े जाने की उम्मीद है।

वर्ष 1984 में असम के काजीरंगा और नेपाल से लाए गए गैंडों से दुधवा नेशनल पार्क में गैंडा पुनर्वास योजना शुरू की गई थी। बेहतर व्यवस्था के चलते गैंडों की संख्या निरंतर बढ़ती रही। प्रदेश के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ललित कुमार वर्मा ने बताया कि खुले जंगल में गैंडों को छोड़े जाने की तैयारी करीब दो माह से चल रही थी। इस सिलसिले में केंद्र सरकार के आदेश पर असम के काजीरंगा पार्क से एक्सपर्ट टीम ने दुधवा टाइगर रिजर्व के वनाधिकारियों के साथ कई बार बैठक कर गुरुवार का दिन निश्चित किया। दुधवा के सोनारीपुर रेंज अंतर्गत सलूकापुर परिक्षेत्र में तारबाड़ के अंदर विचरण कर रहे करीब 40 गैंडों में से 15 साल के नर गैंडे रघु का चयन कर विदेश से आई दवा से बेहोश किया। इसके बाद चिकित्सीय टीम ने उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया। संतुष्ट होने के बाद रेडियो कॉलर लगाकर जंगल में छोड़ दिया गया। गैंडा ट्राली से उतरते ही जंगल की घनी, ऊंची घास में चला गया। एक्सपर्ट अब तीन मादा गैंडों को अवमुक्त किए जाने की योजना बनाने में लग गए हैं।



### रघु सबसे ताकतवर बनकर उभरा

असम से दुधवा में लाए गए बांके नामक गैंडे ने अपनी हनक कायम कर नेपाल से आई हिमरानी के साथ मिलकर दुधवा में गैंडों के वंश बेल को इस कदर बढ़ाया कि एक समय दुधवा में गैंडों की संख्या बढ़कर 34 तक पहुंच गई, लेकिन इस बीच अपनी भरपूर जिंदगी जीने के बाद 18 अक्टूबर 2014 को हिमरानी ने प्राकृतिक मौत को गले लगाकर दुधवा के गैंडा परिवार को अलविदा कह दिया। इस बीच बांके पर भी बुढ़ौती का ग्रहण लगने के कारण दुधवा के गैंडों पर उसके वर्चस्व का तिलिस्म भी टूट गया। दुधवा के गैंडों में बांके के बाद अब रघु गैंडा ही सबसे ताकतवर बनकर उभरा। राइनों विजुअल में इस बात का खुलासा भी हुआ। खुले जंगल में मादा गैंडों के छोड़े जाने के बाद अब यह वहां अपनी वंश बेल बढ़ाएगा।

# श्रीअन्न खरीद में बन रहे कीर्तिमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ 17749.25 मीट्रिक टन ज्वार व 42732.65 मीट्रिक टन बाजरा की सरकार ने की खरीद किसानों को करोड़ों का भुगतान**

**अमृत विचार :** धान की तरह इस बार 'श्री अन्न' खरीद में नए कीर्तिमान बन रहे हैं। अबतक 17749.25 मीट्रिक टन ज्वार खरीद के साथ किसानों को 52.13 करोड़ दिये गये हैं। इसी तरह 42732.65 मीट्रिक टन बाजरा खरीदकर किसानों के खाते में 103.90 करोड़ रुपये का भुगतान हुआ है।

बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, कानपुर नगर-देहात, फतेहपुर, उन्नाव, हरदोई, मीरजापुर व जालौन में वर्ष 2024-25 के लिए ज्वार खरीद चल रही है। इस वर्ष 20 हजार मीट्रिक टन खरीदारी का लक्ष्य है। लक्ष्य के सापेक्ष 88.75 फीसदी क्रय कर लिया गया है। गुरुवार तक 3503 किसानों से 17749.25 मीट्रिक टन ज्वार की खरीद हो चुकी है। इस एवज में सरकार ने 52.13 करोड़ रुपये से अधिक भुगतान कर दिया है। पिछले वर्ष (2023-24) तक इस अवधि में 22 जनपदों में 5904.55 मीट्रिक टन ज्वार की खरीद हुई थी। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अब तक 11,844.7 मीट्रिक टन से अधिक की खरीद की जा चुकी है।

इसी तरह बाजरा खरीद भी तेजी से चल रही है। अब तक विभिन्न जिलों के 248 क्रय केंद्रों से 8031 किसानों से बाजरा की खरीद हुई है और निरंतर जारी है।

### सरकार ने बढ़ाया है न्यूनतम समर्थन मूल्य

श्रीअन्न को बढ़ावा देने के साथ ही सरकार ने इसका न्यूनतम समर्थन मूल्य भी बढ़ाया है। ज्वार मालदांडी का 3421 रुपये, ज्वार (हाईब्रिड) का 3371 रुपये, बाजरा का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2625 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है।

# जिला कारागारों में जल्द खोली जाएंगी गोशालाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ बायोगैस संयंत्र भी लगेंगे, गोसेवा आयोग की बैठक में कई प्रस्तावों को मंजूरी**

**अमृत विचार :** प्रदेश के सभी कारागारों में गोशालाएं खोली जाएंगी, ताकि बंदियों को गोसेवा करने का मौका मिले, साथ ही वे गोआधारित उत्पादों का सेवन कर सकें। उप्र. गोसेवा आयोग की बोर्ड बैठक में इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। इसके अलावा महाकुंभ-2025 में आयोग का स्टाल लगाने, गोवंश के महत्व व पंचगव्य आधारित उत्पादों का जन-जन तक प्रचार-प्रसार करने समेत कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

प्रदेश के गांवों में ग्राम गोवंश संरक्षण समिति बनाने का प्रस्ताव पारित हुआ। इसके अलावा बिजली विभाग, एमएसएमई व आयुष विभाग को भी बोर्ड में जोड़े जाने की सहमति दी गई। बैठक में प्रत्येक गोआश्रय स्थल व अस्थाई गोआश्रय स्थल को प्रत्येक माह समय पर धनराशि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। गोआश्रय स्थलों को सामाजिक संगठनों, स्वयं सहायता समूहों व गैर सरकारी संगठनों को समझौता ज्ञापन के तहत अनुबंध कर संचालित करने पर आम सहमति बनी। बैठक में निराश्रित गोवंशों को प्राकृतिक खेती मॉडल से जोड़कर किसानों को हरा चारा उपलब्ध कराने व उन्हें पैदावार के लिए गोआधारित प्राकृतिक खाद उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। बैठक में आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, उपाध्यक्ष अतुल सिंह, महेश कुमार शुक्ल, सदस्य राजेश सिंह सेंगर, दीपक गोयल, रमाकांत उपाध्याय, पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के प्रमुख सचिव के रवीन्द्र नायक, निदेशक पशुपालन (प्रशासन एवं विकास पीएन सिंह, आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्याम नंदन सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष सूर्यकांत जालान भी मौजूद रहे।



गोसेवा आयोग की बैठक में उपस्थित अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता।

### पंचगव्य औषधियों को आसानी से मिलेगा लाइसेंस

आयोग की बैठक में पंचगव्य औषधियों के ड्रग लाइसेंस की प्रक्रिया का सरलीकरण कराने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके जरिये पंचगव्य पदार्थों कोइल, गोनाईल, अगरबत्ती, साबुन, मूर्तियां, दीपक व पंचगव्य निर्मित औषधियां बनाने के लिए जल्द ही योजना बनाकर गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को भी इससे जोड़ा जाएगा। इसके अलावा गोशालाओं को 'फाइव ई' (इनवारोमेंट, इकॉनमी, इम्प्लायमेंट, एनर्जी, एजूकेशन) योजना के अंतर्गत स्वावलंबी बनाने के लिए बोर्ड के सभी सदस्यों ने सहमति दी।

## एक नजर

### छाया रहेगा कोहरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए सुबह और शाम घने कोहरे की संभावना जतायी है। साथ ही तापमान में भी और गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, उप्र. के कई जिलों में अगले तीन दिनों तक कोहरा छाया रहेगा। आने वाले 24 घंटों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है, जिससे दिन में भले धूप खिली रहे, लेकिन ठंड और बढ़ेगी। वहीं प्रदूषण का स्तर कई जिलों में खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। राजधानी में सोमवार सुबह एयर क्वालिटी इंडेक्स 200 से ऊपर रहा। लालबाग और तालकटोरा क्षेत्रों में यह स्तर 279 से 293 तक पहुंच गया, जो खराब श्रेणी में आता है।

### 125 जर्जर स्कूलों के कायाकल्प को मिले 27.72 करोड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** 516.64 करोड़ से 26 जिलों के 125 जर्जर हो गए माध्यमिक स्कूलों के कायाकल्प को लेकर प्रदेश सरकार की ओर से दी गई पहली किस्त का उपभोग प्रमाण पत्र और टास्क फोर्स रिपोर्ट आने में देरी से काम ठप हो गए थे। शासन की सख्ती के बाद रिपोर्ट आने पर 27.72 करोड़ दूसरी किस्त जारी की गई है। शासन ने दो माह में कार्य पूर्ण कराने का आदेश भी दिया है। शासन के विशेष सचिव कृष्ण कुमार गुप्त ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा और शिक्षा निदेशालय को जारी आदेश में कहा है कि सरकार ने द्वितीय किस्त के रूप में 27 करोड़ 72 लाख 93 हजार रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी है।

### संभल दंगे की जांच सीबीआई से कराने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** संभल दंगे की जांच सीबीआई से कराने की मांग की गई है। इसके लिए आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने गृहमंत्री को पत्र लिखा है। पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने कहा कि संभल मामले में उप्र. सरकार और उसकी एजेंसियां एक संप्रदाय विशेष को जानबूझकर कर दोषी और अपराधी दर्शाने का प्रयास कर रही हैं। इस मामले में न्याय के लिए सीबीआई जांच आवश्यक है।

### आप के शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव बने प्रीतिश बागे

**अमृत विचार, लखनऊ :** आम आदमी पार्टी (आप) में शिक्षक प्रकोष्ठ का उपाध्यक्ष वैभव प्रकाश और प्रदेश सचिव प्रीतिश बागे को नियुक्त किया गया है। ये नियुक्ति शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र सिंह ने की, साथ ही उन्होंने प्रदेश प्रभारी एवं सांसद संजय सिंह की सहमति से विभिन्न जिलों में शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नियुक्त कर दिये हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि लखनऊ का अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह को, फर्रुखाबाद में संजीव कुमार, बुलंदशहर में अंसार अहमद, गोंडा में अमरीश श्रीवास्तव, मेरठ में हेम कुमार, देवरिया में प्रो. राम प्रसाद तिवारी, सहारनपुर में अशोक यादव, गोरखपुर में ऋषि कपूर यादव, प्रयागराज में राम संजीवन, संत कबीर नगर में चिंता चौधरी, झांसी अतुल सिंह और सीके प्रसाद को लखनऊ का जिला महासचिव नियुक्त किया गया है।

# पूर्व एसपी समेत 18 पुलिस कर्मियों पर रिपोर्ट दर्ज

**फर्जीवाड़ा, अपहरण साजिश रचने, वसूली करने का दबाव बनाने समेत कई संगीन धाराएं लगीं**

## सिपाही ने 12.50 लाख रुपये की वसूली सूची की थी वायरल, कर दिया गया था बर्खास्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** चंदौली के पूर्व एसपी अमित कुमार द्वितीय समेत 18 पुलिसकर्मियों के खिलाफ गाजीपुर के नंदगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई। यह कार्रवाई नंदगंज पुलिस ने हाईकोर्ट के आदेश पर की है। वाराणसी निवासी सिपाही अनिल सिंह ने चंदौली में तैनाती के दौरान शिकायत की थी। अनिल ने मुगलसराय थाने में हर महीने 12.50 लाख रुपये की वसूली की सूची वायरल कर दी थी। इसके बाद हड़कंप मच गया। मामले की जांच एसआईटी ने की। आरोप सही पाए गए। इसी बीच सिपाही को बर्खास्त कर दिया गया। उसका अपहरण कर फर्जी मामले में गिरफ्तारी दिखाकर जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वाराणसी के मडुवाडीह निवासी अनिल कुमार सिंह उप्र. पुलिस में कांस्टेबल है। उनकी तैनाती 2021 में चंदौली के मुगलसराय थाने में थी। अनिल ने आरोप लगाया कि थाने के प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्रा और एसपी अमित कुमार के संरक्षण में हर माह 12.50 लाख रुपये की वसूली की जाती थी।

### जांच में सही मिले आरोप

सिपाही अनिल की शिकायत पर तत्कालीन डीआईजी विजिलेंस लव कुमार ने जांच कराई। जांच में सारे आरोप सही पाए गए थे। इसके बाद बदला लेने के लिए तत्कालीन चंदौली के एसपी अमित कुमार द्वितीय, इंस्पेक्टर ने सिपाही अनिल को झूठे मामले में फंसा दिया। आरोप है कि इस भ्रष्टाचार का खुलासा करने में अनिल सिंह का सहयोग मंजूनाथ, अमित जेठवा, सत्येंद्र कुमार दूबे और सतीश सेठी ने मदद की थी। मामले में सभी को फंसाया गया। इसके बाद अनिल को छोड़कर इन सभी चारों की हत्या कर दी गई।

### सिपाही को ससुराल से किया अगवा

अनिल सिंह को जान का खतरा महसूस हुआ तो वह गाजीपुर के नंदगंज बड़हरा स्थित अपनी ससुराल में रहने लगा। अनिल का आरोप है कि 5 सितंबर 2021 को आरोपी पुलिसकर्मियों ने उनका अपहरण कर लिया और हत्या का प्रयास किया गया। समय रहते उनकी बेटी खुशबू ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दे दी थी। इसमें अनिल की जान तो बच गई। लेकिन उनको दो दिन तक बिना अनुमति के हिरासत में रखा गया। अनिल की बेटी ने इसकी शिकायत नंदगंज थाने में दर्ज कराई, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इसके बाद अनिल सिंह ने सीजेएम कोर्ट गाजीपुर में अर्जी दाखिल की। इस वाद की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने करीब तीन माह पहले सभी 18 पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने में आनाकानी करती रही। इसके बाद सिपाही अनिल ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में आदेश की अवमानना का वाद दायर किया। गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई तय थी। जानकारी होते ही बुधवार को आनन-फानन नंदगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### इन पर दर्ज हुई एफआईआर

नंदगंज थाने में नोएडा में तैनात आईपीएस व पूर्व एसपी चंदौली अमित कुमार द्वितीय, कोतवाली इंस्पेक्टर राजीव कुमार सिंह, स्वाट प्रभारी अजीत कुमार सिंह, इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार यादव, इंस्पेक्टर सत्येंद्र विक्रम सिंह, सिपाही आनंद कुमार गोंड, राणा प्रताप सिंह, अमित सिंह, भुल्लन यादव, देवेंद्र कुमार सरोज, प्रेम प्रकाश यादव, नीरज कुमार मिश्र, अंकित सिंह, गौरव राय, रोहित कुमार, मनोज कुमार, आनंद सिंह, अजीत कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## 5 हजार कुशल श्रमिक भेजे जाएंगे इजराइल

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत-इजराइल ड्राइव 3.0 के तहत लगभग 5,000 कुशल श्रमिकों को इजराइल भेजा जाएगा। इस योजना के माध्यम से अब तक 9,000 से अधिक श्रमिकों को भवन निर्माण, मॉल प्रबंधन और तकनीकी कार्यों जैसे क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराया गया है। कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि इजराइल में श्रमिकों को 1.25 लाख से 1.5 लाख रुपये मासिक वेतन दिया जा रहा है। यह पहल केवल रोजगार प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इजराइल में कार्य का अनुभव प्राप्त कर लौटने वाले श्रमिक प्रदेश में नई नौकरियों का सृजन और उद्यमशीलता को भी बढ़ावा दे रहे हैं।



कपिल देव अग्रवाल

# उप्र में गठित होगा केशकला बोर्ड और स्वर्ण कला आयोग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ पिछड़ा वर्ग आयोग में प्रस्ताव पारित, शासन को भेजा जाएगा**

**अमृत विचार :** प्रदेश में केश कला व स्वर्ण कला के व्यवसाय को बढ़ावा देने व इससे जुड़े लोगों के विकास व कौशल को संरक्षित करने के लिए केश कला बोर्ड व स्वर्ण कला आयोग का गठन किया जाएगा। गुरुवार को उप्र. पिछड़ा वर्ग आयोग की बैठक में आयोग के गठन की मांग संबंधी प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। इनके गठन को लेकर अब शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

बैठक में अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों को शामिल करने व निष्कासन व समुदायों के उत्थान व विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। आयोग की बैठक में सभी विभागों में शासकीय निर्माण कार्यों में पिछड़े वर्ग का 27 प्रतिशत आरक्षण पूरा कराने के लिए शासन को पत्र लिखे जाने का फैसला लिया गया। इसके अलावा पिछड़े वर्ग के वृद्ध व्यक्तियों के जीवन स्तर को सुधारने के उद्देश्य से आयोग ने केंद्रीय सेक्टर योजना के तहत वृद्धाश्रमों के निर्माण कराने के लिए संस्तुति शासन को भेजे जाने का फैसला लिया। खंगार जाति को अन्य पिछड़े वर्ग की सूची में शामिल करने के लिए पूर्व में भेजी गई संस्तुति के बाद अब दोबारा पत्र लिखे जाने का प्रस्ताव पारित हुआ। आयोग की बैठक में अध्यक्ष राजेश वर्मा, उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली, सचिव मनोज कुमार सागर आदि शामिल हुए।

### नव निर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से शुरू होने की संभावना है। इस संबध में अधिसूचना शीघ्र जारी होगी। इस सत्र में उप चुनाव और संभल हिंसा समेत अन्य मुद्दों को लेकर विपक्ष सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा है। वहीं, प्रदेश सरकार की ओर से उपलब्धियों के साथ भावी विकास योजनाएं सदन में रखी जाएंगी। इससे पूर्व शुक्रवार को विधान भवन के तिलक हाल में नव निर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा। विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना भाजपा के सात नव निर्वाचित विधायकों को शपथ को दिलायेंगे।

# एमएसएमई इकाइयों से 25 प्रतिशत खरीद आवश्यक



कार्यशाला का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि मंत्री असीम अरुण।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ एमएसएमई विकास आधारित राष्ट्रीय कार्यशाला में हुई चर्चा**

**अमृत विचार :** आने वाले समय में सरकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमियों को अपनी कुल खरीद का 25 प्रतिशत सूक्ष्म एवं लघु उद्योग इकाइयों से खरीदना आवश्यक होगा। इसमें 4 प्रतिशत अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग जबकि 3 प्रतिशत महिला उद्यमियों द्वारा स्थापित इकाइयों की भागीदारी भी रखनी होगी। यह जानकारी संयुक्त निदेशक, एमएसएमई विकास कार्यालय, कानपुर विष्णु कुमार वर्मा ने भारत सरकार द्वारा लागू पब्लिक प्रोक्योरमेन्ट पॉलिसी के बारे में चर्चा करते हुए दी।

गुरुवार को वह होटल रेनासेंस, गोमती नगर, लखनऊ में आयोजित एमएसएमई विकास आधारित राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

कार्यशाला का आयोजन एमएसएमई-विकास कार्यालय, कानपुर, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दलित इंडियन चैम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (डीआईसीसीआई), उप्र. के सहयोग से किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), समाज कल्याण, असीम अरुण एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने की। मुख्य अतिथि असीम अरुण ने पब्लिक प्रोक्योरमेंट पॉलिसी का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने के लिए महिलाओं और अनुसूचित जाति-जनजाति के उद्यमियों का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करना होगा।

## एटा कलेक्ट्रेट के 24 क्लर्क सेवा से बर्खास्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार की ओर से एटा जिले में की गई बड़ी कार्रवाई से हड़कंप मचा है। शासन ने एटा कलेक्ट्रेट के 24 क्लर्क को एक साथ सेवा से बर्खास्त कर दिया है। आरोप है कि इन सभी बाबुओं ने 30 साल पहले फर्जी तरीके से नौकरी हासिल की थी। जांच में पाया गया है कि इन लोगों को 1993 से 1995 के बीच बिना किसी सरकारी आदेश के नौकरी दी गई थी। तब कासगंज जिला एटा जिले में ही था। ऐसे में इन सभी की नियुक्ति एटा में भी थी। अब इनमें से 11 कासगंज कलेक्ट्रेट में तैनात थे और 15 तो सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

मामला 1995 का है, जब एटा के डीएम रहे मेजर आरके सिंह को उप्र. राजस्व परिषद का एक पत्र मिला था। उस पत्र में इन सभी की नियुक्ति के निर्देश दिए गए थे। पत्र के आधार पर तत्कालीन डीएम ने सभी को नियुक्ति दे दी। नियुक्ति के बाद सभी ने नौकरी ज्वाइन भी की और ड्यूटी करने लगे। फिर चार वर्ष बाद डीएम को एक शिकायती पत्र मिला, जिसमें नौकरी के आदेश को फर्जी बताया गया था।

# सौर ऊर्जा से चलेंगे 36 जिलों के कृषि फीडर

**पीएम कुसुम सी-2 योजना**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ नेडा ने पंचायती राज निदेशालय से मांगी फीडरों के लिए जगह**

**अमृत विचार :** कृषि कार्यों में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए पीएम कुसुम सी-2 योजना के तहत 36 जिलों में कृषि फीडरों का सौर ऊर्जीकरण किया जाएगा। इसके लिए यूपी नेडा सब स्टेशन के पांच किमी की परिधि में कई सोलर पॉवर प्लांट स्थापित किये जायेंगे। पंचायती राज विभाग ने जिलों में प्लांट के लिए जमीन मांगी है।

नेडा सोलर पॉवर प्लांट से उत्सर्जित बिजली सब स्टेशनों को देगा, जो उनके ग्रिड में जुड़ेगी और फीडरों से सिंचाई व कृषि कार्य के लिए आपूर्ति की जाएगी। इन सोलर पॉवर प्लांट के संचालित होने से बिजली की खपत कम होगी। सरकारी धन की बचत के साथ सब स्टेशनों का भार कम होगा। नेडा की इस योजना के लिए संबंधित जिलाधिकारी से सब स्टेशनों की पांच किमी की परिधि में जमीन चिह्नित करके मांगी गई है। वरिष्ठ परियोजना अधिकारी राकेश अग्रवाल ने बताया कि प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### योजना में ये जिले शामिल

सौर ऊर्जीकरण के लिए लखनऊ, कानपुर, बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत, बहराइच, संतकबीर नगर, कौशाम्बी, मिर्जापुर, हापुड़, बुलंदशहर, बिजनौर, मुरादाबाद, अमरोहा, गाजियाबाद, बागपत, मेरठ, रामपुर, सम्भल, मुजफ्फनगर, शामली, गौतमबुद्ध नगर, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़, एटा, हाथरस, फिरोजाबाद, मैनपुरी, कानपुर देहात, औरैया, इटावा, फर्रुखाबाद, कन्नौज व मथुरा शामिल हैं।

इस योजना से सौर ऊर्जा के साथ कृषि कार्य को बढ़ावा मिलेगा।

**3,205 मेगावाट मांगी बिजली :** इस योजना में 36 जिलों में चयनित 942 सब स्टेशन के फीडरों के लिए नेडा से 3,205 मेगावाट बिजली मांगी गई है। इतने ही मेगावाट के सोलर पॉवर प्लांट स्थापित किए जाएंगे। हर मेगावाट के प्लांट की कीमत व क्षेत्रफल अलग होगा। उसी अनुसार जमीन चिह्नित की जाएगी। वैसे एक मेगावाट प्लांट चार एकड़ भूमि पर स्थापित होता है।

## सार-संक्षेप

### महाकुंभ में तैनात होंगे एम्स और सेना के विशेषज्ञ चिकित्सक

**अमृत विचार, लखनऊ :** महाकुंभ में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की देखभाल के लिए एम्स रायबरेली और सेना अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात किए जा रहे हैं। परेड क्षेत्र में बन रहे 100 बेड वाले अस्पताल की जिम्मेदारी देख रहे वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. गौरव दुबे ने बताया कि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न आने पाए इसके लिए तैयारी पुख्ता है। परेड ग्राउंड में 100 बेड का अस्पताल लगभग 70 फीसदी बनकर तैयार है। 13 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम से पहले जरूरी इंतजाम पूरे करने के लिए 24 घंटे काम चल रहा है। मेला के दौरान यहां 24 घंटे डॉक्टरों की तैनाती रहेगी। इसके साथ ही विशेष सुविधाओं वाले 20-20 बेड के आठ छोटे अस्पताल भी श्रद्धालुओं की देखभाल के लिए तैयार किया जा रहे हैं। मेला क्षेत्र और अरैल में 10-10 बेड के दो आईसीयू, सेना हॉस्पिटल की ओर से बनाए जा रहे हैं। वहीं, झूंसी के 25 बेड वाले अस्पताल में 10 बेड का आईसीयू एम्स रायबरेली बनाएगा।

### अधूरे पुल से गिरी कार मामले में होगी कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** अधूरे पुल से कार गिरने पर तीन लोगों की मौत के मामले में जिम्मेदारों पर कार्रवाई की तैयारी है। बरेली-बदायूं जिले की सीमा पर हुई इस घटना की जांच रिपोर्ट मुख्यमंत्री के संज्ञान में आने के बाद शासन स्तर से विभागीय जांच और कार्रवाई होगी। मुख्य अभियंता अजय कुमार ने प्रांतीय खंड बदायूं के अधिशासी अभियंता नरेश कुमार, सहायक अभियंता मोहम्मद आरिफ व अभिषेक कुमार, अवर अभियंता अजय गंगवार और महाराज सिंह के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति के साथ जांच रिपोर्ट प्रमुख अभियंता को भेजी है। निर्माणाधीन पुल पर आवागमन बाधित करने के लिए प्रभावी अवरोधक न लगाए जाने के लिए अभियंताओं को जिम्मेदार माना गया गया है। मुख्य अभियंता अजय कुमार ने कहा कि प्राथमिक जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की संस्तुति की गई है। विस्तृत जांच में अभियंताओं का पक्ष सुना जाएगा।

### जातिगत जनगणना करा कर ही मानेंगे : अखिलेश यादव



**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में उपचुनाव संपन्न होने के बाद सपा प्रमुख ने 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है, पीडीए को एकजुट करने के लिए एक बार फिर जातिवार जनगणना के मुद्दे को हवा दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा जातिगत-जनगणना हमेशा के लिए नहीं टाल सकती है, हम एक दिन गिनवा के ही मानेंगे। सपा प्रमुख ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर राज्य में 21वीं पशुधन जनगणना अंतर्गत वाराणसी में शुरू होने वाली पशु-पक्षियों की डिजिटल काउंटिंग को लेकर राज्य सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा राज में जाति छोड़कर सब कुछ गिना जाएगा। उन्होंने कहा कि संभल में जिन्होंने बवाल शुरू किया, उनकी तस्वीरें कब लगेंगी।

### व्यूनाउ मार्केटिंग के ठिकानों से संदिग्ध दस्तावेज बरामद

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने व्यूनाउ मार्केटिंग सर्विसेज लि. और उससे जुड़ी संस्थानों के ठिकानों पर गुरुवार को छापा मारा। इस दौरान कई संदिग्ध दस्तावेज बरामद हुए हैं। ईडी ने कंपनी के मोहाली (पंजाब) और यूपी के नोएडा में छापा मारा। कंपनी से जुड़ी संस्थाओं और कई महत्वपूर्ण पदों पर बैठे अधिकारियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला चल रहा है। बरामद दस्तावेजों को जब्त कर जांच के लिए भेज दिया गया है। कंपनी के खिलाफ नोएडा में 26 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज की गई। इस मामले में ईडी की जालंधर टीम ने जांच शुरू की। रिपोर्ट के आधार पर कंपनी के कई ठिकानों का तलाशी अभियान चलाया गया। इसके बाद ईडी ने भी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी।

### एयरपोर्ट के पास भूखंड लेने की होड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** फिल्म सिटी और जेवर एयरपोर्ट के पास घर बनाने का उत्साह दिख रहा है। कुल 451 आवासीय भूखंड के लिए 62,865 आवेदन आ चुके हैं, जबकि अभी पंजीकरण की आखिरी तिथि 30 नवंबर है। टाउनशिप विकसित कर रही यीडा ने प्रदेश के किसानों के लिए 17.5 प्रतिशत भूखंड पहले ही आरक्षित रखे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां विश्व स्तरीय ढांचागत विकास के लिए अरबों करोड़ रुपये दिए हैं। इससे यीडा की ओर से जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 15 मिनट, इंटरनेशनल फिल्म सिटी से एक किमी और यमुना एक्सप्रेस-वे और मोटो जीपी ट्रैक से पांच सौ मीटर की दूरी पर नोएडा के सेक्टर-24 ए में हाईटेक टाउनशिप विकसित की जा रही है। इसके लिए आवेदन करने वालों की कतार लगी हुई है, जबकि लाटरी से आवंटन की तिथि 27 दिसंबर रखी गई है। कुल 451 आवासीय भूखंड में 120 वर्ग मीटर के 100, 162 वर्ग मीटर के 169, 200 वर्ग मीटर के 172, 250 वर्ग मीटर के 6 और 260 वर्ग मीटर के 4 भूखंड शामिल हैं।

### 71 स्कूलों के 12,021 बच्चों ने किया राजभवन का भ्रमण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के विभिन्न जिलों से अब तक 71 स्कूलों के लगभग 12,021 सरकारी व निजी स्कूलों के बच्चे राजभवन का भ्रमण कर चुके हैं। राजभवन के अधिकारियों के अनुसार राजभवन के भ्रमण के दौरान बच्चों को ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व वाले कई स्थानों का अवलोकन करने का अवसर प्राप्त हुआ।

# कंपनी ने की घटिया इंजेक्शन की सप्लाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ पशुपालन विभाग ने केंद्रों से सप्लाई वापस मंगाई, रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार :** पशुपालन विभाग ने ई-टेंडर के जरिए एनरोफ्लाक्सासिन आईपी इंजेक्शन की सप्लाई गौशाला और अस्पतालों में कराई थी। शिकायत आने पर विभाग ने नमूना लेकर जांच कराई। जांच में इंजेक्शन की गुणवत्ता खराब मिली। आनन-फानन में विभाग से सप्लाई वापस मंगाई गई। पशुपालन विभाग के रोग नियंत्रक एवं प्रक्षेत्र के निदेशक डॉ. पीएन सिंह ने हसनगंज कोतवाली में मुंबई अंधेरी की कॉन्सेप्ट फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड कंपनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि कॉन्सेप्ट फार्मास्यूटिकल्स ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में ई-टेंडर के तहत विभाग को एनरोफ्लाक्सासिन आईपी इंजेक्शन सप्लाई की थी। सप्लाई के बाद इंजेक्शन की डिलीवरी अस्पतालों और गौशाला में दे दी गई थी। इंजेक्शन की खराब गुणवत्ता की शिकायत मिली। जिसपर विभाग ने राजकीय पॉलीक्लीनिक औषधि वितरण भंडार द्वारा 31 जनवरी 2024 को इंजेक्शन का सैंपल जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला मेरठ भेजा गया। 10 अप्रैल को आई रिपोर्ट में इंजेक्शन की गुणवत्ता को खराब बताया गया। इसके बाद सभी केंद्रों से इंजेक्शन वापस मंगाकर कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके साथ ही कंपनी को 2 साल के लिए प्रतिबंधित भी कर दिया गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## आतंकी रिजवान अली को पुलिस रिमांड पर भेजा

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** आईएसआईएस विचारधारा से प्रभावित होकर देश में शरिया कानून लागू करने एवं पेट्रोल बम बनाने वाले दिल्ली के फैज बाजार दरियागंज के रहने वाले आतंकी रिजवान अली को एनआईए के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने 10 दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर देने का आदेश दिया है। पुलिस कस्टडी रिमांड अवधि 29 नवंबर को प्रातः 11 से 8 दिसंबर को सायं 4 बजे तक प्रभावी होगी। एटीएस की ओर से कोर्ट को बताया गया कि गत 22 नवंबर को अभियुक्त से जिला कारागार लखनऊ में पूछताछ की गई थी। अदालत को बताया कि आईएसआईएस के मॉड्यूल के बारे में पता करने के अलावा उसके साथियों एवं जहां-जहां वह ठहरता था, उन स्थानों के बारे में भी पता करना है। लिहाजा 10 दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर की जाए।

# एमआई बिल्डर्स के खिलाफ जांच रिपोर्ट दबाने में जुटे रहे अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ ईडी ने तेज की जांच, मददगार अधिकारियों का जुटाया जा रहा विवरण**

**अमृत विचार :** एमआई बिल्डर्स को टाउनशिप के लिए भले ही एलडीए के पूर्व वीसी सत्येंद्र सिंह यादव ने लाइसेंस जारी किया था। पर, सच यह भी है कि अन्य अधिकारियों ने भी बिल्डर्स मो. कादिर पर मेहरबानी की। बिल्डर्स का रसूख ऐसा था कि अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास ने जांच की फाइल को अपने रिटायर्ड होने तक दबाए रखी। आयकर छापे के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच की जद में बिल्डर के मददगार अधिकारी भी आ गए हैं। इन सभी का ब्योरा ईडी टीम जुटा रही है।

एमआई बिल्डर्स के खिलाफ धनप्रकाश बुद्धिराजा की शिकायत की जांच 3 अगस्त 2021 को अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग को सौंपी गई। जांच ग्रहण करने के 18 माह के बीच में कोई कार्रवाई नहीं की गई। यहां तक कि किसी पक्ष का बयान नहीं दर्ज कराया। अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख 28 अगस्त 2023 तक इस फाइल को कार्यालय की आलमारी में दबाए रखा। जिसका सीधा फायदा एमआई बिल्डर्स को हुआ। जांच कर रहे अधिकारियों पर यह भी आरोप लगे कि जांच की आड़ में बिना मानक के बने फ्लैट जनता को बेचकर धन उगाही का मौका बिल्डर्स को दिया जाता रहा।

**कई आईएएस रह चुके हैं प्राधिकरण के वीसी :** पिछले 9 वर्ष में प्राधिकरण में कई उपाध्यक्ष आये और चले गए। लेकिन किसी ने भी जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई करने की जहमत नहीं उठाई। पूर्व वीसी सत्येंद्र सिंह यादव के बाद प्रभुनारायण सिंह, अभिषेक प्रकाश, अक्षय त्रिपाठी, इंद्रमणि त्रिपाठी जैसे आईएएस अधिकारियों ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद की कुर्सी संभाली। वहीं, आवास विकास परिषद की जमीन पर आपत्ति बोर्ड की बैठक में भले ही उठा था, पर परिषद के अधिकारियों ने गुपचुप तरीके से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया। रेरा ने फर्जीवाड़े की जानकारी होने पर दोबारा एलडीए को लाइसेंस की जांच करने का आदेश दिया। जिसे एलडीए के अधिकारियों ने ठंडे बस्ते में डाल दिया।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ••• भी है। •••
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक 2 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** 1 दिसंबर को नगर निगम सदन की प्रस्तावित बैठक स्थगित हो गई है। अब 2 दिसम्बर को नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक होगी। यह निर्णय दिल्ली में संसद के शीतकालीन सत्र के कारण लिया गया है। कार्यकारिणी में तीन जोन के 33 वार्डों में सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों पर चर्चा होगी।

# राहत : रोडवेज यात्री अब मोबाइल पर जान सकेंगे कहां है बस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चालकों-परिचालकों को मिलेगी एक करोड़ के दुर्घटना बीमा की सुविधा
- 30 को लांच होगी एप की सुविधा 'लोगो' भी किया जाएगा जारी

**अमृत विचार :** रोडवेज बसों में सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक राहत भरी खबर है। राज्य सड़क परिवहन निगम यात्रियों को अब एप आधारित लोकेशन की सुविधा उपलब्ध कराने जा रहा है। इस एप के जरिए बसों की लोकेशन, स्टॉपेज समेत कई अन्य जानकारियां यात्री को मोबाइल पर मिल सकेंगी।

2025 में होने वाले महाकुंभ में एप के माध्यम से न केवल देश के लोगों को बल्कि बाहर से आने वाले विदेशी श्रद्धालुओं को भी लाभ होगा। आगामी 30 नवंबर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक



कार्यक्रम के दौरान एप लांच किया जाएगा। यही नहीं महाकुंभ के लिए 30 बसों को भी रवाना किया जाएगा।

महाकुंभ में 700 नई बसें चलेंगी। शनिवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में महाकुंभ के लिए भेजी जाने वाली बसों का 'लोगो' लांच किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 30 नई बसों को हरी झंडी दिखा महाकुंभ के लिए रवाना किया जाएगा। यह 'लोगो' रोडवेज बसों के लिए विशेष तौर पर तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री योगी ने 'लोगो' के डिजाइन पर अपनी सहमति दे दी है।

परिवहन निगम के पीआरओ अजीत सिंह के मुताबिक, गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले इस कार्यक्रम में कंडक्टरों को दुर्घटना बीमा के नाम पर एक करोड़ रुपये की पॉलिसी की लांचिंग की जाएगी। इसमें संविदा चालकों व परिचालकों को भी शामिल किया गया है। दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत एक करोड़ रुपये का बीमा होगा। इसमें जीरो बैलेंस से खाता खुलवाया जाएगा और उन्हें बीमा का लाभ मिलेगा। इस संबंध में परिवहन निगम ने इंडियन बैंक के साथ अनुबंध किया है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

### मौसम

ठंड बढ़ने की संभावना है, धूप निकलेगी।

| 25.0° | 12.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

### शहर में आज

- कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में एथलेटिक्स के मुकाबले – 9 :30 बजे।
- लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में जीआईएस समाधान दिवस का आयोजन –10 :00 बजे।
- सामाजिक संस्था आदाब अर्ज लखनऊ की ओर से नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में हेरिटेज वाक का आयोजन – 11 :00 बजे।
- इकाना क्रिकेट स्टेडियम स्थित वेटलैंड सीजी सिटी में लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा विहंग उत्सव का आयोजन – 11 :00 बजे।

# बच्चों की थाली का आहार होगा और बेहतर

## पीएम पोषण योजना (मध्यान्ह भोजन) के लिए 1 दिसंबर से लागू होंगी नई दरें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 1 दिसंबर से प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की थाली में आहार और बेहतर होने जा रहा है। मध्याह्न भोजन योजना के तहत मिलने वाला यह आहार अब और पोषणयुक्त होगा। इसके लिए सरकार ने बजट को और बढ़ा दिया है। पीएम पोषण योजना (मध्यान्ह भोजन) की यह धनराशि लंबे समय बाद बढ़ाई गई है। नई दरें 1 दिसंबर से लागू हो रही हैं। प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की थाली के लिए जहां 72 पैसे बढ़ाए गए हैं, वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए 1 रुपये 12 पैसे की वृद्धि की गई है।



- प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए 72 पैसे और उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के लिए 1.12 रुपये की हुई बढ़ोतरी

अब प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों के आहार के लिए 6 रुपये 19 पैसे और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 9 रुपये 29 पैसे प्रति छात्र, दर की गई है। शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के पीएम पोषण डिवीजन की ओर से इस आशय का पत्र जारी कर दिया गया है। बता दें कि यह योजना केंद्र-राज्य भागीदारी के आधार पर चलती है। इसकी शुरुआत 15 अगस्त 1995 को हुई थी।

> पीएम पोषण योजना की दरों में बढ़ोतरी स्वागत योग्य है। हालांकि बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए इसे और पहले किया जाना चाहिए था। प्राथमिक विद्यालयों में ज्यादातर बच्चे गरीब परिवारों के होते हैं। ऐसे बच्चों को कैलोरी युक्त आहार और पोषण प्राप्त होगा।
>
> –**विनय सिंह**, प्रांतीय अध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन

> यह समय–समय पर महंगाई और अन्य कारणों की वजह से बढ़ाई जाती है। ताकि बच्चों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता में कमी न आने पाए।
>
> –**श्याम किशोर तिवारी**, एडी बेसिक शिक्षा

उत्तर प्रदेश में यह योजना 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य सरकार की फंडिंग से संचालित की जा रही है। नई दरों में प्राथमिक विद्यालयों में 3 रुपये 71 पैसे प्रति छात्र केंद्र सरकार की ओर से दिया जाएगा, जबकि राज्य सरकार का योगदान 2 रुपये 48 पैसे होगा। इसी प्रकार उच्च प्राथमिक विद्यालयों में केंद्र का योगदान 5 रुपये 57 पैसे होगा, जबकि राज्य का योगदान 3 रुपये 72 पैसे होगा। शिक्षा मंत्रालय के अधीन स्कूली शिक्षा और साक्षरता व केंद्रीय वित्त मंत्रालय और राज्य सरकार के अंशदान से यह योजना देशभर में 1 दिसंबर से लागू होगी। हालांकि पूर्वोत्तर और केंद्र शासित राज्यों के लिए अलग दरें निर्धारित की गई हैं।

## एलडीए के भूखंड की फाइल गायब, उप सचिव पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- गोमतीनगर कोतवाली में अवर वर्ग सहायक संपत्ति ने दिया था शिकायती पत्र
- पत्रावलियां नहीं मिलने से राज्य उपभोक्ता आयोग में पक्ष नहीं रख पा रहा प्राधिकरण

**अमृत विचार :** अलीगंज योजना स्थित एक भूखंड की फाइल उप सचिव–एम कार्यालय से गायब हो गई। फाइल के गायब होने के कारण राज्य उपभोक्ता आयोग में प्राधिकरण अपना पक्ष नहीं रख पा रहा है। विभागीय जांच के बाद एलडीए के अवर वर्ग सहायक संपत्ति अनुभाग अधिकारी संजय गुप्ता ने उप सचिव-एम के खिलाफ गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इंस्पेक्टर गोमती नगर राजेश त्रिपाठी के मुताबिक, अनुभाग अधिकारी संजय ने अपने शिकायती पत्र में लिखा है कि अलीगंज योजना सेक्टर सीएस में भूखंड संख्या सी-17 संबंधी मूल पत्रावलियां प्राधिकरण के रिकार्ड में उपलब्ध नहीं हैं। इस कारण राज्य उपभोक्ता आयोग लखनऊ में लंबित याचिका के संबंध में प्राधिकरण अपना पक्ष नहीं प्रस्तुत कर पा रहा है। भूखंड से संबंधित पत्रावलियां प्राधिकरण के अपर सचिव के कैंप कार्यालय को अनुभाग द्वारा प्रेषित की गई थी। इसके बाद अपर सचिव के यहां से 3 जून 2023 को विशेष कार्याधिकारी-आर को प्रकरण से संबंधित कार्रवाई के लिए आदेशित किया गया था। पत्रावलियां उप सचिव-एम प्राधिकरण कार्यालय को 22 जून को दी गई थी। इसके बाद से पत्रावलियां संबंधित अनुभाग से गायब हैं। काफी तलाश करने के बाद भी पत्रावलियां नहीं मिल पाई हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जांच जारी है, जो भी साक्ष्य मिलेंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पत्रावलियां गायब कर लाभ पहुंचाने की कोशिश

उप सचिव–एम कार्यालय से भूखंड की पत्रावलियां गायब कर किसी को लाभ पहुंचाने की साजिश रची गई है। इस पर तत्काल कार्रवाई विभाग की ओर से न करके अब डेढ़ वर्ष बाद उप सचिव–एम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बताया जा रहा है कि विभागीय अधिकारी भी पहले मामले में लीपापोती में लगे रहे।

## आपत्तियों के बाद भवनों के कर निर्धारण का आदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- स्कूलों को बढ़ा हुआ सीवर कर भेज रहा जलकल विभाग

**अमृत विचार :** जलकल विभाग स्कूलों को बढ़ा हुआ सीवर व वाटर टैक्स भेज रहा है। स्कूलों ने मनमाने तरीके से बढ़ाए गए टैक्स पर नाराजगी जताते हुए जलकल विभाग और नगर निगम में आपत्ति दर्ज कराई है। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह से भी शिकायत की गई है। नगर आयुक्त ने सभी जोनल अधिकारियों को प्रकरणों के निस्तारण के लिए भवनों का कर निर्धारण करने का आदेश दिया है।

**दो से तीन गुना गृहकर बढ़ा चुका है नगर निगम :** जीआईएस सर्वे के बाद नगर निगम भवनों का दो से तीन गुना तक गृहकर बढ़ा चुका है। इसे देखते हुए जलकल विभाग ने भी सीवर व वाटर टैक्स बढ़ा दिया है। इसके लिए स्कूलों व भवन स्वामियों को बढ़े हुए सीवर कर की नोटिस भेजी जा रही है।

### 12वीं तक के स्कूलों को गृहकर से है छूट

2003 के शासनादेश के अनुसार, 12वीं तक के स्कूलों को गृहकर से छूट दी गई है, लेकिन इनसे सीवर और वाटर टैक्स लिया जाता है। नगर निगम द्वारा भवनों के कर निर्धारण के आधार पर ही जलकल विभाग 15 .5 प्रतिशत सीवर व वाटर टैक्स लेता है। स्कूलों की आपत्तियों के बाद नगर निगम स्कूलों का दोबारा गृहकर निर्धारण करेगा।

> गृहकर के आधार पर ही सीवर व वाटर टैक्स लिया जाता है। गृहकर में बढ़ोतरी हो चुकी है। इसलिए सीवर और वाटर टैक्स भी बढ़ाया गया है। जिन भवन स्वामियों की आपत्तियां आ रही हैं नगर निगम द्वारा दोबारा असेसमेंट करके उनका निस्तारण कराया जाएगा।
>
> –**कुलदीप सिंह**, महाप्रबंधक, जलकल विभाग



गुरुवार को हल्की ठंड के बीच प्राणि उद्यान में धूप का आनंद लेता बाघ। अमृत विचार

### जीआईएस समाधान दिवस में आज सही कराएं बढ़ा हुआ गृहकर





**अमृत विचार, लखनऊ :** लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में शुक्रवार को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक महापौर की अध्यक्षता में जीआईएस समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जीआईएस सर्वे द्वारा भवनों के कर निर्धारण के विरुद्ध भवन स्वामी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। समाधान दिवस में वरिष्ठ अधिकारी व संबंधित जोनल अधिकारी व जीआईएस सर्वे कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## शिविर में जमा कराया 3 लाख रुपये गृहकर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सुभाष चंद्र बोस वार्ड के यहियागंज में मोहल्ला आगा मीर ड्योढ़ी पर गुरुवार को गृहकर वसूली के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जोनल अधिकारी जोन 2 शिल्पा कुमारी के नेतृत्व में 3,01,802 रुपये गृहकर जमा कराया। शिविर में वार्ड निरीक्षक सिब्ते रजा, लिपिक मोहसिन रजा और मो. शोएब आदि उपस्थित रहे।

### अतिक्रमण हटाया, 1,000 रुपये जुर्माना वसूला

जोन 2 के वार्ड ऐशबाग और राजा बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। रामलीला मैदान से नादान महल रोड होते हुए वाटर वर्क्स रोड तक और चरक चौराहे से मेडिकल कॉलेज, ट्रॉमा सेंटर होते हुए कन्वेंशन सेंटर तक दोनों पटरी से अतिक्रमण हटाकर 1,000 रुपये जुर्माना वसूला।

### एक नजर

#### कंचनपुर मटियारी में अतिक्रमण मुक्त कराई 2.5 करोड़ की भूमि

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते ने गुरुवार को सदर तहसील के कंचनपुर मटियारी गांव में लगभग 2.5 करोड़ मूल्य की भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई। खसरा संख्या 617 क्षेत्रफल 0 .407 हेक्टेयर तालाब में दर्ज भूमि और ग्राम हरदासी खेड़ा की खसरा संख्या 237 क्षेत्रफल 0 .316 हेक्टेयर ऊसर में दर्ज भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को नायब तहसीलदार राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में नगर निगम लेखपाल राजू सोनी, शक्ति वर्मा की उपस्थिति में थानाध्यक्ष चिनहट के सहयोग से पुलिस बल ने हटवा दिया।

#### कैसरबाग में व्यावसायिक निर्माण सील

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण की टीम ने गुरुवार को कैसरबाग के मोहल्ला जम्बूरखाना में एक नियम विरुद्ध व्यावसायिक निर्माण सील किया। प्रवर्तन जोन–6 के जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक ने बताया कि आजाद व अन्य द्वारा कैसरबाग के जम्बूरखाना में लाटूश रोड से फूलबाग को जाने वाली सड़क पर लाल कोठी के सामने लगभग 3000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखंड पर व्यावसायिक निर्माण कार्य कराया गया। निर्माण का प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत नहीं कराया गया था। जो विहित न्यायालय के आदेश पर सील किया गया। कार्रवाई सहायक अभियंता सतीश यादव, अभियंता भानु प्रकाश वर्मा व एसके दीक्षित द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के साथ की गई।

# दूसरे दिन भी एक्शन में दिखीं महापौर

## जलकल व जोन 2 कार्यालय में मारा छापा, कर्मचारियों की ली जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** महापौर सुषमा खर्कवाल दूसरे दिन भी एक्शन में दिखीं। बुधवार को नगर निगम मुख्यालय में औचक निरीक्षण के बाद गुरुवार को अचानक ऐशबाग स्थित जलकल और नगर निगम जोन 2 कार्यालय में छापा मारा। उन्होंने पहुंचते ही गेट पर ताला लगवा दिया और बाबुओं व कर्मचारियों की उपस्थिति जांची। डिस्पैच रजिस्टर चेक किया। साथ ही शिकायतकर्ताओं को फोन करके फीडबैक लिया। निरीक्षण के बाद उन्हें स्थिति संतोषजनक मिली। महापौर ने कहा कि जनता से जुड़े काम को प्राथमिकता दें। समय से कार्यालय नहीं आने वालों का वेतन काटने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर देखतीं महापौर सुषमा खर्कवाल। अमृत विचार

- सुषमा खर्कवाल ने कहा- लोगों से जुड़े काम को दें प्राथमिकता
- समय से कार्यालय नहीं आने वालों का वेतन काटने के दिए निर्देश

नगर निगम मुख्यालय में बुधवार को अचानक निरीक्षण करने पहुंची महापौर को अधिकारियों सहित आधे से अधिक कर्मचारी गायब मिले थे। जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए स्पष्टीकरण मांगने और एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए थे। महापौर के एक्शन के बाद दूसरे दिन नगर निगम सहित जलकल कार्यालय में अधिकांश कर्मचारी समय से उपस्थित रहे।

## कई इलाकों में आज गुल रहेगी बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** जीएसआई, प्रियदर्शिनी कॉलोनी और फैजुल्लागंज सहित शहर के कई क्षेत्रों में जर्जर तार, केबल, एसएमसी बॉक्स और बिजली के खंभों को बदलने का काम किया जायेगा। इसके चलते करीब दो लाख की आबादी के घरों की बिजली सप्लाई प्रभावित रहेगी। प्रियदर्शिनी उपकेंद्र से पोषित 11 फीडरों का अनुरक्षण कार्य किया जाएगा। इसके चलते इससे पोषित इलाके की बिजली सप्लाई सुबह 11 से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। वहीं, जीएसआई श्रीनगर फीडर 630 केवीए के बेरी होटल के परिवर्तकों से पोषित क्षेत्र में सर्किट और एबी केबिलों को बदला जायेगा।

इसके चलते ताड़ीखाना के 400 केवीए के परिवर्तक आदर्श पार्क से पोषित इलाकों की बिजली सप्लाई सुबह 10 से शाम 5 बजे तक गुल रहेगी। प्रियदर्शिनी फीडर योजना के अंतर्गत इलाके में सर्किट और केबल को बदलने का काम किया जायेगा। इसके चलते जैनद मस्जिद से पोषित और आसपास के क्षेत्र में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आपूर्ति ठप रहेगी।

## रिश्वत मांगने के आरोपी बाबू को सीएमओ ने हटाया, जांच के आदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीएमओ कार्यालय में चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति के नाम पर वसूली का खेल चल रहा है। कृषि विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी ने सीएमओ के सामने प्रतिपूर्ति के नाम पर बाबू की ओर से घूस मांगने का आरोप लगाते हुए पूरी बात से अवगत कराया। जिसके बाद सीएमओ ने घूस मांगने के आरोपी बाबू पर कार्रवाई करते हुए उसे तत्काल प्रभाव से चिकित्सा प्रतिपूर्ति के काम से हटा दिया। साथ ही जांच के आदेश भी दिए हैं।

कृषि विभाग में उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव सेवानिवृत्त हो चुके हैं। बुजुर्ग शरद कुमार गुरुवार दोपहर को सीएमओ कार्यालय पहुंचे। यहां पर उन्होंने सीएमओ से मुलाकात की। सीएमओ के सामने शरद कुमार ने बाबू द्वारा घूस मांगने का आरोप लगाते हुए पूरी बात से अवगत कराया। शरद कुमार ने बताया कि उन्होंने प्रतिपूर्ति के बाउचर्स (करीब 75 हजार रुपये के पेपर) जमा किए थे। लंबे समय से उन्हें प्रतिपूर्ति पास करने के नाम पर आरोपी बाबू दौड़ा रहा है। आरोप लगाया कि बाबू उनसे 10 फीसदी रुपये घूस के नाम पर मांग रहा है। जब उन्होंने रुपये देने से इनकार किया तो आरोपी बाबू ने दौड़ाना शुरू करवा दिया। वह काफी दिन से अपने प्रतिपूर्ति के रुपये की वापसी के लिए चक्कर लगा रहे थे। जिसके बाद वह गुरुवार को सीएमओ डॉ. एनबी सिंह से मिले। सीएमओ ने उनकी पूरी बात सुनी और आश्वस्त किया कि वह जांच करवाकर सख्त कार्रवाई करेंगे। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। आरोपी बाबू पुरुषोत्तम पांडेय को चिकित्सा प्रतिपूर्ति के काम से हटा दिया गया है।

## बिना इस्तेमाल किए पानी का बिल नहीं देंगे व्यापारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में व्यापारियों ने नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह से मुलाकात करके मांगों का ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने कहा कि बिना इस्तेमाल किए पानी का बिल नहीं देंगे। संदीप बंसल ने नगर आयुक्त से कहा कि नगर निगम पानी के कर के रूप में कोई भी टैक्स नहीं ले सकता। जिस दुकान पर कनेक्शन नहीं है उससे पानी का पैसा जलकल विभाग किस आधार पर मांग रहा है। उन्होंने नगर आयुक्त से गृहकर के लिए ओटीएस स्कीम लागू करने की मांग की। नगर आयुक्त ने जलकल विभाग के महाप्रबंधक के साथ व्यापारियों की बैठक करने के लिए निर्देशित किया और शीघ्र समाधान निकालने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में लखनऊ महानगर अध्यक्ष सुरेश छबलानी, प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश सिंह, युवा महानगर अध्यक्ष अश्वन वर्मा शामिल रहे।

## चारबाग स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने पहुंचे रेलवे सेक्शन इंजीनियर की मौत, कार्डियक अरेस्ट की आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर हुई घटना
- जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचार :** छुट्टी पर घर आए रेलवे के सेक्शन इंजीनियर ड्यूटी के लिए रामपुर जाने के लिए उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के चारबाग रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने के लिए पहुंचे थे, जहां ट्रेन आने से पहले ही उनकी स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 5 पर ही मौत हो गई। इंजीनियर घर से रामपुर ड्यूटी पर जाने के लिए निकले थे। ट्रेन का इंतजार करने के दौरान कार्डियक अरेस्ट की आशंका जताई जा रही है। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गुडम्बा स्थित गायत्रीपुरम में रहने वाले सेक्शन इंजीनियर अरविंद त्रिपाठी (58) की तैनाती रामपुर में थी। वह मूलरूप से बहराइच के नानपारा के रहने वाले थे। भाई डॉ. अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि पिता मुकट बिहारी की बीते बुधवार को पुण्यतिथि थी। इसमें हिस्सा लेकर अरविंद बहराइच से लखनऊ आए थे। देर रात 2 बजे उन्हें ट्रेन से रामपुर जाना था। रात 1 बजे वह रैपिडो बाइक बुक कर चारबाग रेलवे स्टेशन गए थे। परिवार वालों ने रात में कई बार फोन किया पर संपर्क नहीं हो पाया।

लगातार फोन मिलाने पर एक अनजान व्यक्ति ने फोन उठाया और बताया कि जिनका फोन है, वह बेसुध हालत में चारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर पड़े हैं। परिवार वाले जब पहुंचे तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

जीआरपी ने फोन परिवार के सुपुर्द कर दिया। परिवार में पत्नी मधु त्रिपाठी और दो बेटे व दो बेटियां हैं। परिवार वालों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

तैयारी पूरी

सीजी सिटी के वेटलैंड में विदेशी पक्षियों से रूबरू कराएगा एलडीए

# 'विहंग उत्सव' में आज दिखेगा प्रकृति का खूबसूरत नजारा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इकाना स्टेडियम के पीछे सीजी सिटी के 37 एकड़ में विकसित वेटलैंड में शुक्रवार को प्रकृति का खूबसूरत नजारा लोगों को देखने को मिलेगा।

लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से आयोजित 'विहंग उत्सव' के माध्यम से बच्चों व युवाओं को यहां प्रवास करने वाले विदेशी पक्षियों से रूबरू कराया जाएगा। कार्यक्रम मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन पी. गुरु प्रसाद व विशिष्ट अतिथि मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में होगा।



सीजी सिटी के 37 एकड़ में विकसित वेटलैंड में विदेशी पक्षी। अमृत विचार

इस दौरान जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी सितांशु पांडे भी उपस्थित होंगे।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि वेटलैंड में बर्ड वॉचिंग हाईड, वॉच टॉवर व व्यूइंग डेक निर्मित किए हैं। सुबह 7 बजे से बर्ड वॉचिंग कार्यक्रम शुरू होगा। इसमें लोग अलग-अलग प्वाइंट से दूरबीन के माध्यम से चिड़ियों को देखेंगे। साथ ही क्विज कॉन्टेस्ट,

### ईको टूरिज्म का केंद्र है वेटलैंड

वेटलैंड लखनऊ में ईको टूरिज्म का केंद्र है। यहां विभिन्न प्रकार के स्वदेशी व विदेशी पक्षियों के प्राकृतिक वास करते हैं। वर्तमान में कई प्रजातियों के विदेशी पक्षियों ने डेरा डाल रखा है। यह दृश्य देखने को मिलेगा। इसके अलावा टर्टल सर्वाइवल एलाइंस संस्था द्वारा टर्टल्स के मॉडल, पर्यावरणम् सोसाइटी द्वारा जहरीले सांपों से सुरक्षा के बारे में प्रस्तुति व स्वप्ना फाउंडेशन द्वारा चिड़ियों की वॉटरबॉल प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

- मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख सचिव पी. गुरु प्रसाद होंगे शामिल

नुक्कड़ नाटक, पेन्टिंग-फोटोग्राफी प्रतियोगिता व क्लासिकल समेत विभिन्न आयोजनों के माध्यम से बच्चों व युवाओं को प्रकृति से रूबरू कराया जाएगा। शाम 5 बजे से क्लासिकल संगीत समारोह का आयोजन होगा। इसमें देश-विदेश में प्रस्तुति दे चुके ताल यात्रा ग्रुप के गायक व संगीतकार शास्त्रीय व लोक संगीत शैली का फ्यूजन करेंगे। देर शाम तक कार्यक्रम की तैयारी की गई। जिसका उपाध्यक्ष, सचिव समेत अन्य अधिकारी ने जायजा लिया।

## एक नजर

### अर्श को मिला वर्ल्ड यूनिकॉर्न फोटोग्राफी का पुरस्कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग के छात्र ने फोटोग्राफी प्रतियोगिता में विश्व रिकॉर्ड बनाया है। प्लेटफ़ॉर्म यूनिकॉर्न बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड पुरस्कार में छात्र अर्श रिज़वी ने फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अर्श रिज़वी को कुल 500 वोट में से 486 वोट मिले हैं। अर्श की फोटो 100 फ़ोटो में से इस प्रतियोगिता में चुनी गई। भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार को छात्र की उपलब्धि पर गर्व है और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

### डॉ. किरण लता डंगवाल बनीं समन्वयक

**अमृत विचार, लखनऊ :** लविवि में नवीन डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से शिक्षार्थियों को सशक्त बनाने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से जारी निर्देशों के अनुरूप स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव-लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स पहल के कार्यान्वयन के लिए डॉ. किरण लता डंगवाल को समन्वयक नियुक्त किया है। यह पहल डिजिटल शिक्षा को बढ़ाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच का विस्तार करने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### लविवि के विधि संकाय के छात्र आदित्य गौतम बने विजेता

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय विधि संकाय के एलएलबी के 7वें सेमेस्टर के छात्र आदित्य गौतम इंटीग्रल यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित 7वीं राष्ट्रीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विजेता बने। विधि संकाय के संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर बंशीधर सिंह, डॉ. आरके सिंह, डॉ. राधेश्याम प्रसाद, डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने छात्र को शुभकामनाएं दीं।

# फोरेंसिक रिपोर्ट का पता नहीं, इंतजार में कमेटी

## बीते 7 सितंबर को ट्रांसपोर्ट नगर में बिल्डिंग गिरने की नहीं आई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **हादसे के एक माह बाद एलडीए ने गुजरात भेजे थे और सैंपल**

**अमृत विचार :** बीते 7 सितंबर को ट्रांसपोर्ट नगर में तीन मंजिला बिल्डिंग गिरने की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। प्रथमदृष्टया जांच में गुणवत्ता खराब होने की बात सामने आई थी, लेकिन पुष्टि के लिए गुजरात की फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार है, जिसका अता-पता नहीं है। इस वजह से प्रक्रिया लंबित हैं।

तीन मंजिला बिल्डिंग गिरने की जांच शासन स्तर से गठित तीन सदस्यीय कमेटी ने की थी। इसमें शामिल लोक निर्माण विभाग ने मलबे के सैंपलों का परीक्षण करके गुणवत्ता कमजोर बताई थी। साथ ही स्ट्रक्चर और निर्माण की गुणवत्ता की जांच गुजरात गांधी ग्राम की नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी से कराई गई थी।

मौके पर आई चार सदस्यीय टीम को प्रारम्भिक जांच में मानक विपरीत निर्माण और उसमें प्रयुक्त बीम, सरिया, कॉलम आदि की गुणवत्ता खराब मिली थी। इसका परीक्षण करने के लिए टीम टुकड़ों के सैंपल लेकर गुजरात गई थी।

करीब एक माह बाद एलडीए से बीम, कॉलम, सीमेंट, सरिया, एंगल आदि के कुछ बड़े सैंपल मंगाए थे। करीब दो माह बीतने के बाद किसी तरह की रिपोर्ट या जानकारी संबंधित विभाग को नहीं मिली है। फोरेंसिक रिपोर्ट शासन को सीधे जाएगी या फिर कमेटी को मिलेगी, इस पर भी असमंजस है। एलडीए के अधिकारी भी इस मामले पर बोलने से बच रहे हैं।

## रियल एस्टेट एजेन्टों का प्रशिक्षण 9 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) द्वारा रियल एस्टेट एजेन्टों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रथम बैच का प्रशिक्षण 9 दिसंबर से होगा। मूल्यांकन के लिए दोनों विधियों से परीक्षा की व्यवस्था की जाएगी। अध्यक्ष संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि रेरा व आईएलबी के बीच एमओयू के तहत पंजीकृत रियल एस्टेट एजेन्टों व पंजीकृत होने के लिए इच्छुक व्यावसायिओं को प्रशिक्षित करने की व्यवस्था की गई है। 86 एजेंट द्वारा शुल्क जमा करके प्रशिक्षण के लिए पंजीयन कराया है। शुरू में तीन बैच में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रथम बैच 9 दिसम्बर से सुबह 10 बजे से मुख्यालय पर होगा। द्वितीय बैच 6 से 9 जनवरी व तृतीय बैच 20 से 23 जनवरी तक आयोजित होगा।



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मतदाता सूचियों की समीक्षा बैठक में निदेशक भारत निर्वाचन आयोग, अवर सचिव और जिलाधिकारी।

# मलिहाबाद विधानसभा का लिंग अनुपात व ईपी रेशियो सबसे कम

## निदेशक भारत निर्वाचन आयोग ने की मतदाता सूचियों की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **राजधानी में हैं कुल 39,59,782 मतदाता**

▶▶ **2097582 पुरुष, 1862053 महिला मतदाता व 147 थर्ड जेंडर**

▶▶ **राज्य औसत 906 के सापेक्ष लखनऊ का लिंग अनुपात 888, बढ़ाने पर दिया जोर**

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को निदेशक, भारत निर्वाचन आयोग शुभ्रा सक्सेना की अध्यक्षता में मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें अवर सचिव भारत निर्वाचन आयोग रितेश सिंह और जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 28 नवंबर 2024 को राजधानी की 9 विधानसभाओं में कुल 39,59,782 मतदाता हैं। इनमें 2097582 पुरुष और 1862053 महिला मतदाता व 147 थर्ड जेंडर हैं।

निदेशक ने बताया कि लखनऊ की 168 मलिहाबाद विधानसभा, 172 लखनऊ उत्तर और 170 सरोजनीनगर की समीक्षा और अभिलेखों के निरीक्षण में पाया गया की राज्य औसत 906 के सापेक्ष जनपद का लिंग अनुपात 888 है। उन्होंने कहा कि लिंग अनुपात बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। समीक्षा में विधानसभा 168 मलिहाबाद का लिंग अनुपात और ईपी रेशियो सबसे कम पाया गया। निदेशक ने 18-19 और 20-29 वर्ष की आयु वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी ईआरओ द्वारा डेडीकेटेड एईआरओ नियुक्त करते हुए स्कूल, कालेज और विश्वविद्यालयों में विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने एईआरओ को स्कूल व कॉलेज का भ्रमण करके छात्र-छात्राओं का नाम प्राथमिकता पर मतदाता सूची में शामिल करने और अधिक से अधिक युवाओं को ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर जिलाधिकारी प्रशासन शुभी सिंह, समस्त ईआरओ, समस्त एईआरओ, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर 6 को कार्यक्रम करेगी भाजपा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **मण्डल अध्यक्षों और चुनाव अधिकारियों के साथ महानगर अध्यक्ष ने की बैठक**

**अमृत विचार :** भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने गुरुवार को लखनऊ महानगर कार्यालय पर मण्डल अध्यक्षों और मंडल चुनाव अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर 6 दिसम्बर को डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण और 25 दिसंबर को सुशासन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।


बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी।

महानगर अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व की भांति इस बार भी नए संगठन में सभी जातियों और वर्गों के समायोजन का ध्यान रखा जाएगा। बूथ समिति को सर्व स्पर्शी और सर्वव्यापी बनाना है। महिलाओं और दलितों को भी संगठन में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बूथ को संगठन की रीढ़ बताते हुए सक्रिय बूथ अध्यक्ष बनाए जाने पर बल दिया। बूथ समिति व बूथ रजिस्टर बनाने का कार्य निर्धारित अवधि के अंतर्गत मंडल चुनाव अधिकारी की देखरेख में पूरा किया जाएगा। बैठक में पश्चिम विधानसभा उप विजेता अंजनी श्रीवास्तव, मध्य विधानसभा उप विजेता रजनीश गुप्ता, मान सिंह, रमेश तूफानी, उपाध्यक्ष धनश्याम अग्रवाल, अशोक तिवारी, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि, अभिषेक खरे, चेतन विष्ट, विनायक पाण्डेय उपस्थित रहे।


प्राणि उद्यान के स्थापना दिवस को लेकर तैयारी में जुटे श्रमिक। अमृत विचार

## चित्रकला प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार सीएमएस छात्र को

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के केजी कक्षा के छात्र प्रत्युष गुप्त ने अन्तर-विद्यालयी चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित किया है। प्रतियोगिता का आयोजन यूपी गांधी स्मारक निधि के तत्वावधान में किया गया। प्रतियोगिता में लखनऊ के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सीएमएस के छात्र ने प्रथम पुरस्कार अर्जित किया। आयोजकों ने छात्र को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# प्राइमरी, कंपोजिट और कस्तूरबा विद्यालयों में क्लबों का होगा गठन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **प्रमुख सचिव शिक्षा ने सभी बीएसए को भेजा सर्कुलर**

**अमृत विचार:** शासन ने प्राइमरी, कंपोजिट स्कूलों के साथ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बच्चों के बीच सामाजिक कौशल, टीम भावना, नेतृत्व आदि गुणों को विकसित करने के लिए विभिन्न क्लबों का गठन कराने का निर्देश जारी किया है।

बेसिक शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. एमके शंमुगा सुंदरम ने प्रदेश के सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को जारी सर्कुलर में निर्देश दिया है कि परिषदीय प्राइमरी, अपर प्राइमरी, कंपोजिट व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में इको क्लब, स्पोर्टस क्लब, गणित क्लब, विज्ञान क्लब, ज्योग्राफी क्लब, रीडिंग क्लब, सिविक सेंस क्लब, डिजिटल इनिशिएटिव क्लब, कला व संगीत समेत नाटक क्लब व हेल्थ एण्ड वेलबीइंग व योगा क्लब का गठन किया जाना है। इन क्लबों की मुख्य गतिविधि प्रत्येक शनिवार को अंतिम दो कक्षा के दौरान किया जाएगा। सभी गतिविधियों का संचालन शिक्षकों के मार्गदर्शन में होगा। इस दौरान छात्र-छात्राओं की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। क्लबों के जरिए पौध रोपण और उसकी देखभाल की जाएगी। खेल प्रतियोगिताएं होंगी और योगाभ्यास कराए जाएंगे। गणितीय पहेलियों से लेकर गणित किट, विज्ञान किट व आईसीटी का प्रयोग किया जाएगा। इसके अलावा कला, संगीत, नाटक, रंगमंच, रोल प्ले आदि गतिविधियों का आयोजन होगा। साथ ही सम-सामयिक घटनाओं पर परिचर्चाएं आदि होंगी।

### मैनेजमेंट छात्रों ने समझी आईटीएमएस की कार्यप्रणाली

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईआईएम कोलकाता, उदयपुर, फैकेल्टी ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज, मास्टर यूनियन स्कूल ऑफ बिजनेस, आईएमटी गाजियाबाद व अन्य तकनीकी संस्थानों के स्टूडेंट्स गुरुवार को लखनऊ स्मार्ट सिटी भवन पहुंचे। नगर आयुक्त व मुख्य कार्यकारी अधिकारी इन्द्रजीत सिंह ने स्मार्ट सिटी मिशन की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण दिया। नगर में बेहतर व सुगम यातायात व्यवस्था के लिए स्थापित किए गए इन्टीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेन्ट सिस्टम (आईटीएमएस) व सर्विलांस कैमरों सहित आईसीसीसी कमाण्ड सेन्टर द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन व्यवस्था की मॉनीटरिंग की जानकारी दी। महिलाओं व बाल सुरक्षा के लिए सेफ सिटी परियोजना के तहत शहर में कैमरों द्वारा निरन्तर निगरानी की जानकारी दी।

# हत्या के आरोपी को उम्र कैद

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** परिचित को घर से बुलाकर ले जाने के बाद ग्राइंडर कटर से उसके हाथ-पैर, धड़ से अलग कर शव को बोरे में फेंकने के आरोपी पारा थाने की राम विहार कॉलोनी के रहने वाले अंशु सोनी को एटीएस के विशेष न्यायाधीश अभिनव मिश्रा ने उम्र कैद की सजा के साथ-साथ सात हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

एडीजीसी पुष्पेंद्र सिंह गौतम ने अदालत को बताया कि घटना की रिपोर्ट मृतक राजकुमार के पिता श्याम सुंदर नाग ने 18 मई 2018 को पारा थाने पर दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि शाम को वादी जब दुकान से घर लौट कर घर आया तो उसने मृतक के बारे में पूछा। जिस पर घर वालों द्वारा बताया गया कि रात 8:30 बजे के आसपास उसका दोस्त अंशु सोनी जोकि राम विहार कॉलोनी में ही रहता है, बुलाकर अपने साथ ले गया है। अदालत को यह भी बताया गया कि अगले दिन वादी को सूचना मिली कि गायत्रीपुरम में एक बोरे में शव मिला है। वादी ने कुछ लोगों के साथ मौके पर जाकर शव की पहचान की और आरोपी सोनू के विरुद्ध रिपोर्ट लिखाई। अभियोजन की ओर से अदालत को यह भी बताया गया कि मृतक को घर से बुलाकर ले जाने के बाद उसके शव के हाथ व पैर ग्राइंडर मशीन से काटकर बोरी में भरकर फेंक दिया था, जोकि एक गंभीर अपराध है। अदालत ने आरोपी को उम्र कैद व जुर्माने की सजा से दंडित करते हुए कहा है कि इस प्रकार के कुत्सित अपराधी से समाज को मुक्त दिलाया जाना न्यायोचित होगा।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| **एडमिन यूनिट/जोन** | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **PnU-LKO-PRG-WRL-106-24-1 (Pay and Use Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.12.2024 समय 10:30 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **PnU-LKO-PFM-WRL-103-24-1 (Pay and Use Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.12.2024 समय 10:40 बजे |
| **नीलामी का प्रकार** | Close Ended |
| **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है।** | E-Auction Module of **www.ireps.gov.in** |

3688/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अमृत विचार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**

मेरे पति विवेक श्रीवास्तव पुत्र स्व0 प्यारे लाल श्रीवास्तव को माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा निर्गत हाईस्कूल परीक्षा 1978 अनुक्रमांक 196406 क्रमांक 87701 की सर्टीफिकेट खो गई है, जिसका प्रयोग अवैध होगा। यदि किसी को मिले तो मुझे वापस दे दे– **मंजुलता श्रीवास्तवा पत्नी स्व0 विवेक श्रीवास्तव, फ्लैट संख्या 101 प्रथम तल राम सरोज अपार्टमेंट 7/25 तिलक मार्ग हजरतगंज लखनऊ। मो0 नं0** +916392684011

**सूचना**

सर्वविदित हो की मेरे हाईस्कूल प्रमाणपत्र में मेरा नाम मुकेश कुमार दर्ज है, आधारकार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम **मुकेश केशव प्रसाद चौधरी (पुत्र स्व. केशव प्रसाद नि. प्लाट न. 193 बी,** H-No- 645ए/25, **जानकी विहार कालोनी, जानकीपुरम, लखनऊ)** दर्ज है भविष्य में मुझे मुकेश केशव प्रसाद चौधरी के नाम से ही जाना पहचाना जाये।

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2012 अनुक्रमांक 1757587 का अंक पत्र, प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **शुभम पुत्र हरिओम निवासी ग्राम घिलोई खास, छिबरामऊ (कन्नौज)**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र वर्ष 2021 रोल नंबर 212556336 वास्तव में खो गया है। **सौरभ पाठक पुत्र मुन्ना पाठक ग्राम चिरैयाटांड़ पोस्ट हुजूरपुर, जनपद बहराइच, उत्तर प्रदेश।**

**सूचना**

मेरी एल आईसी पॉलिसी 215563492 में नामिनी के स्थान पर मेरा घरेलू नाम स्वास्तिक दर्ज है। जबकि आधार व स्कूल के अभिलेख में आयुषी दर्ज है। दोनों नाम मेरे ही हैं। **आयुषी पुत्री स्वर्गीय इन्द्रभान ग्राम पोस्ट नरसवां, जिला– रायबरेली**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र वर्ष 2015 रोल नंबर 1335069 वास्तव में खो गया है। **प्रियंका पुत्री प्रमोद कुमार निवासी ग्राम खजुहा पोस्ट सगुनी रायबरेली उत्तर प्रदेश।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र अंकित तिवारी उर्फ ऋषभ तिवारी से संबंध विच्छेद करके चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य, घटना व लेनदेन की मेरे सहित मेरे अन्य परिवारीजनों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **–विवेकानंद तिवारी पुत्र शंभू दयाल तिवारी निवासी फर्रुखाबाद चौराहा, सीतापुरम कालोनी, कस्बा व तहसील छिबरामऊ (कन्नौज)**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अयूब पुत्र शौकत अली, निवासी– मौर्यपुरी तहसील नर्वल कानपुर नगर,** मैने अपने पुत्र इमरान व उसकी पत्नी रुकइया को उसके गलत व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेदकर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है अब मेरा उससे कोई लेना देना वास्ता व सरोकार नही है। इमरान व उसकी पत्नी रुकइया के द्वारा किसी भी प्रकार का नैतिक व अनैतिक कार्य या किसी से लेन देन आदि किया जाता है तो उसकी जिम्मेदारी उनके स्वयं की होगी।

**कार्यालय नगर पंचायत कादीपुर सुलतानपुर**

पत्रांक : 101/न0पं0का0सुल0/ई–नि0सू0/2024–25 दिनांक – 26–11–2024

नगर पंचायत कादीपुर सुलतानपुर में राज्य वित्त आयोग / नगर निधि योजना मद से नीचे उल्लिखित विभिन्न दुकान निर्माण कार्यो को कराये जाने हेतु प्रमुख सचिव महोदय के पत्र संख्या 3890/नौ–5–19–149सा/2019 दिनांकः 20 सितम्बर, 2019 के क्रम में समस्त सिविल ठेकेदारों से सीलबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य का भुगतान करने पर नगर पंचायत कादीपुर सुलतानपुर के कार्यालय कार्य दिवस में दिनांकः 30.11.24 से दिनांकः 14–12–24 सायं 04:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा अधोहस्ताक्षरी की उपस्थिति में दिनांकः 16–12–24 को अपराह्न 12:00 बजे ठेकेदारों की उपस्थिति / अनुपस्थिति में खोले जायेंगे। निविदा प्रपत्र साफ–साफ शब्दों एवं अंको में कार्य की कुल लागत पर प्रतिशत दर में ठेकेदार के स्वयं हस्ताक्षर से ही मान्य होगा। कार्य प्रत्येक दशा में निर्धारित अवधि में पूर्ण करना होगा, अन्यथा बिना नोटिस दिये जमानत धनराशि जब्त कर ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। कार्य के सम्बन्ध में अन्य जानकारियां कार्यालय कार्य दिवस में नगर पंचायत में की जा सकती हैं। कराये जाने वाले कार्यो का विवरण निम्नवत् हैं–

| क्र0 सं0 | मद का नाम | कार्य विवरण | आगणन धनराशि जी0एस0टी0 सहित | 2 प्रतिशत धरोहर धनरशि | निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 1 | नगर पंचायत कादीपुर के मो0 जवाहर नगर में दुकान निर्माण कार्य। | 5722239.00 | 114445.00 | 6755.00 | 03 माह |
| 2 | | मो0 जवाहर नगर में श्री लक्ष्मी पाण्डेय की दुकान से श्री राजा यादव की दुकान तक नाली निर्माण कार्य। | 182085.00 | 3642.00 | 215.00 | 15 दिन |
| 3 | | नगर पंचायत कादीपुर में जितेन्द्र साइकिल स्टोर से हास्पिटल बाउन्ड्री होते इन्टरलाकिंग रोड तक नाली का बेस व चैम्बर निर्माण कार्य। | 135815.00 | 2716.00 | 160.00 | 15 दिन |

**नियम व शर्ते :–**

1. निविदादाता द्वारा प्रपत्र की हार्डकापी, धरोहर धनराशि, निविदा शुल्क, डिमान्ड ड्राफ्ट की मूल प्रति नगर पंचायत कादीपुर जनपद सुलतानपुर पर रखे गये निविदा पेटिका में निर्धारित समय तक जमा करना अनिवार्य हैं।
2. निविदा के साथ निर्धारित 02 प्रतिशत जमानत धनराशि एन0एस0सी0/के0वी0पी0/एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कादीपुर जनपद सुलतानपुर के नाम बन्धक हो। शेष 08 प्रतिशत धनराशि अनुबन्ध के पूर्व जमा करना होगा।
3. निविदा प्राप्ति अथवा खोलने की तिथि में यदि कार्यालय बन्द होता हैं तो निविदाये अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय व स्थान पर खोली जायेगी, तथा निविदाओं की वैधता मूल्य तिथि से मानी जायेगी।
4. प्राप्त निविदाओं को अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदाताओं के समक्ष नियत तिथि को खोला जायेगा।
5. निविदा को बिना कारण बताये स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
6. टेन्डर में प्रतिभाग करने हेतु नगर पंचायत द्वारा जारी अदेयता प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
7. निविदा स्वीकृति के पश्चात् कार्यादेश प्राप्ति के पूर्व निर्धारित स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा।
8. निविदा पर ओवर राइटिंग व कटिंग अमान्य होगी। ओवर राइटिंग व कटिंग होने पर निविदा निरस्त किया जा सकता हैं।
9. धरोहर धनराशि निर्माण/आपूर्ति कार्य पूर्ण होने एवं अन्तिम भुगतान होने के बाद कार्य संतोषजनक दशा होने के उपरान्त अवर अभियन्ता की संस्तुति के उपरान्त ही वापस किया जायेगा।
10. नियमानुसार जी0एस0टी0 कर/आयकर /सेटलमेंट चार्ज रायल्टी की कटौती अवर अभियन्ता द्वारा बिल बनाते समय की जायेगी। यह अवर अभियन्ता / सहायक अभियन्ता का उत्तरदायित्व होगा।
11. निर्माण कार्य के स्थल पर राज्य स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा नियत डिस्प्ले बोर्ड पर योजना का पूर्ण विवरण कार्यदायी संस्था का नाम/कार्य प्रारम्भ होने तथा कार्य पूर्ण होने की सम्भावित तिथि आदि का उल्लेख ठेकेदार के द्वारा किया जाना अनिवार्य हैं।
12. निविदा के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर न्यायिक क्षेत्राधिकार, सुलतानपुर होगा।
13. उक्त निविदा के सभी कार्यो का पूर्ण होने के पश्चात् 01 वर्ष अनुरक्षण / रखरखाव की जिम्मेदारी सम्बन्धित ठेकेदार की होगी।
14. सर्वन्यून निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ–5–19–149सा/2019 दिनांकः 20.09.2019 का पालन करना अनिवार्य होगा।
15. बिना अनुमति के ठेकेदार द्वारा आंगणन से अधिक कार्य नहीं किया जायेगा। अन्यथा नगर पंचायत कादीपुर सुलतानपुर की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
16. प्रदेश में ठेका/अनुबन्ध तथा पट्टे में माफियाओं को रोक लगाने हेतु रिट याचिक संख्या 5018 / एम0एस0/2005 चन्द्रिका प्रसाद निषाद बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में माननीय उच्च न्यायायल इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ द्वारा पारित आदेश 09.11.2006 के अनुपालन के सम्बन्ध में के अन्तर्गत समस्त कार्यवाही सम्पन्न की जायेगी।
17. 10 लाख से ऊपर के कार्यो हेतु समान कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
18. 10 लाख के ऊपर के कार्यो की निविदा etender.up.nic.in पर जाकर प्रतिभाग किया जा सकता है।
19. कार्य प्रारम्भ होने के पूर्व, मध्य व कार्य पूर्ण होने के उपरांत फोटोग्राफ की तीन–तीन प्रतियाँ कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य है।
20. निविदा शुल्क नगर पंचायत कादीपुर के नगर निधि खाता सं0 50100698751489 IFSC- HDFC0005729 अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कादीपुर में ऑनलाइन जमाकर उसकी रसीद संलग्न की जा सकती है।

**(अमित कुमार सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कादीपुर,**
**सुलतानपुर**

**(आनन्द जायसवाल)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कादीपुर**
**सुलतानपुर**

## एक नजर

### ज्योतिबा फुले की पुण्य तिथि पर सेमिनार का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ: स्वयंसेवी संस्था दीपांजलि की ओर से गुरुवार को बाबू जगजीवनराम नेशनल फाउंडेशन और सामजिक मंत्रालय से स्वीकृत पत्र मिला। इसके उपरांत महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्य तिथि पर सेमिनार, निर्गुण, भजन और वाद विवाद, प्रश्नोत्तरी, निबंध, और कलरिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### श्रमिक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ: भारतीय मजदूर जन कल्याण समिति की ओर से गुरुवार को एलडीए मैदान पर दूसरा श्रमिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर कई श्रमिकों को उनके क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने के लिए मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। समिति के संयोजक अजय कुमार ने श्रमिकों की हर समस्या और उनके प्रोत्साहन के लिए किये जाने वाले कार्यों में सभी के भागीदारी को होना जरूरी बताया। कार्यक्रम में व्यापारी नेता धीरेंद बब्लू गुप्ता, राजेश कश्यप, अमरनाथ मिश्रा सहित कई पार्षद कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# हाई स्पीड रेल सेवाओं पर आरडीएसओ में मंथन शुरू

## तीन दिवसीय इंटरनेशनल प्रदर्शनी का आयोजन, आठ देशों की 150 कंपनियों ने लगाए 175 स्टाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रेलवे आधुनिकीकरण, नई तकनीक, ट्रेनों के सुरक्षित संचालन पर चर्चा
- देशी कंपनियां मेक इन इंडिया पर देंगी जोर

अमृत विचार : अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन आरडीएसओ में गुरुवार को अन्तर्राष्ट्रीय इनोरेल तीन दिवसीय प्रदर्शनी और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के छठे संस्करण का उद्घाटन आरडीएसओ के महानिदेशक उदय बोरवणकर ने किया। इस सम्मेलन में हाई स्पीड रेल सेवाओं पर मंथन शुरु हो गया है। रेलवे आधुनिकीकरण, नई तकनीक, ट्रेनों के सुरक्षित संचालन पर विस्तार से चर्चा होगी। प्रदर्शनी में आठ देशों की 150 कंपनियों ने 175 स्टाल लगाए हैं। जिसमे रेलवे की डिजाइन से लेकर उपकरण तक प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। देशी कंपनियां मेक इन इंडिया पर पूरा जोर दे रही हैं। सीआईआई के सहयोग से आरडीएसओ स्टेडियम में प्रदर्शनी लगाई गयी है।

यह कार्यक्रम रेलवे क्षेत्र में नवीनतम तकनीकी प्रगति, नवाचारों और सेवाओं पर प्रकाश डालता है, जबकि भारतीय रेलवे इकाइयों को अपनी भविष्य की आवश्यकताओं, दृष्टि और नवाचारों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। इनोरेल की यात्रा 2014 में शुरू हुई और तब से इसे उल्लेखनीय निरंतरता के साथ हर दो साल में आयोजन किया जाता है। 28 से 30 नवंबर 2024 तक आयोजित वर्तमान संस्करण में 125 से अधिक भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय उद्योगों की भागीदारी है, जो अत्याधुनिक रेलवे उत्पादों और प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित कर रहे हैं।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते आरडीएसओ महानिदेशक उदय बोरवणकर व अन्य।

उदघाटन भाषण में आरडीएसओ महानिदेशक बोरवणकर ने रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों और उद्योग जगत के लोगों का स्वागत किया। उन्होंने आरडीएसओ की हाल की उपलब्धियों, चल रही परियोजनाओं और भारतीय रेलवे के लिए विक्रेता आधार का विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने रेल क्षेत्र की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए नवीन तकनीकों को अपनाने के महत्व पर भी जोर दिया।

आरडीएसओ ने अपनी नवीनतम उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रभावशाली स्टॉल लगाया है, जिसमें पोस्टर और पैम्फलेट के माध्यम से रोलिंग स्टॉक के लघु मॉडल और तकनीकी प्रगति पर अपडेट शामिल हैं। सहयोग और व्यावसायिक अवसरों को सुविधाजनक बनाने के लिए संभावित विक्रेताओं के लिए दिशानिर्देश और जानकारी भी उपलब्ध थी। स्टॉल ने विभिन्न रेलवे और उद्योगों से कई आगंतुकों को आकर्षित किया।

प्रदर्शनी में हाई-स्पीड रेल शहरी जन और बुद्धिमान परिवहन, भारत में बुलेट और सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनें, यातायात अनुकूलन के लिए आधुनिक तकनीकें, स्मार्ट रोलिंग स्टॉकजैसे विषयों पर सेमिनार और तकनीकी चर्चाएँ शामिल हैं। सेमिनार का उद्देश्य रेलवे के भविष्य पर चर्चा को बढ़ावा देना, दक्षता, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ाने के लिए नवीनतम प्रगति और रुझानों की खोज करना है। इनो-रेल 2024 एमएसएमई, लघु उद्यमियों और उद्योग जगत के लोगों को भारतीय रेलवे से जुड़ने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करता है।

# सुरक्षित ट्रेन संचालन के लिए लगाई 857 फॉग सेफ डिवाइस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सुरक्षित रेल यात्रा करना रेलवे की पहली प्राथमिकता
- कोहरे को लेकर रेलवे की सभी तैयारियां पूरी

अमृत विचार: कोहरे के दौरान सुरक्षित ट्रेन संचालन को लेकर पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। सुरक्षित ट्रेन संचालन के लिए 857 फॉग सेफ डिवाइस लगाये गये हैं। यात्रियों को सुरक्षित रेल सफर कराना रेलवे की पहली प्राथमिकता है।

रेलवे ने सभी प्रकार के सिगनल पोस्टों पर ल्यूमिनस स्ट्रिप लगाई गई है, सिगनल साइटिंग बोर्ड पर लाइन मार्किंग करा दिया गया है। समपारों पर लगे बैरियर पर ल्यूमिनस स्ट्रिप लगाई गई है। ट्रेन संचालन में आधुनिक जीपीएस आधारित फॉग सेफ डिवाइस का महत्पूर्ण है। इस डिवाइस के उपयोग में आने के पूर्व कोहरे के दौरान अधिकतम गति 60 किमी प्रति घंटा है। जबकी फॉग सेफ डिवाइस के लग जाने के बाद अधिकतम गति 75 किमी प्रति घंटा हो गई है। इस फॉग सेफ डिवाइस से लोको पायलटों का भरोसा बढ़ा है आगामी सिग्नल की जानकारी इस डिवाइस के माध्यम से मिलते रहती है। इससे अब फॉग सिग्नल मैन भेजने की आवश्यकता भी खत्म हुई है।

पूर्वोत्तर रेलवे पर कुल 857 फॉग सेफ डिवाइस की व्यवस्था की गई है, जिनमें से लखनऊ मंडल में 315, इज्जतनगर मंडल में 193 वाराणसी मंडल में 349 फॉग सेफ डिवाइस उपलब्ध कराये गये है। गाडियों के संचालन में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में सभी लोको पायलटों और सहायक लोको पायलटों की काउसलिंग की गई है।

# शरीर की गतिशीलता प्रभावित हो तो चिकित्सक से मिलें : डॉ. राजेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अगर शरीर में गतिशीलता कम हो रही है, यानि कार्य करने में समय बढ़ता जा रहा है तो यह पार्किंसंस जैसी बीमारी के लक्षण हैं। इसी प्रकार शरीर में गतिशीलता बढ़ती भी है, हाथ कापने लगते हैं आदि बुजुर्गो में कंपन्न और बच्चों में डिस्टोनिया जैसी बीमारी के लक्षण हो सकते हैं। इसे मूवमेंट डिसआर्डर कहते हैं, शुरुआती दौर मे इलाज कराने से समस्या से छुटकारा भी पाया जा सकता है।

यह जानकारी गुरुवार को केजीएमयू के ओपीडी भवन में न्यूरोलॉजी विभाग की ओपीडी में, वर्ल्ड मूवमेंट डिसआर्डर दिवस के दिन जागरूकता शिविर में प्रो. राजेश वर्मा ने दी। मरीज और उनके तीमारदारों को जागरूकता देते हुए विभाग की डॉ.श्वेता पाण्डेय ने बताया कि इस समस्या के मरीजों की खासी संख्या है, अपनी व्यक्तिगत समस्या समझकर लोग छुपाते हैं। जबकि यह बीमारी है और इलाज से ठीक हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि इन मरीजों के लिए हर माह दूसरे बुधवार को विशेष ओपीडी चलती है, वावजूद रोजाना ओपीडी में मरीज आते हैं। समस्या बढ़ने पर सर्जरी तक की नौबत आ जाती है। इसलिए इलाज कराएं, छुपाए नहीं।



मूवमेंट डिसऑर्डर दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित करतीं डॉ. श्वेता पाण्डेय।

- विश्व मूवमेंट डिसआर्डर दिवस पर जागरुकता शिविर संपन्न

# बाल विवाह के खिलाफ निकाला जागरुकता मार्च

अमृत विचार, लखनऊः भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत के आहवान पर संवाद सामजिक संस्थान ने गुरुवार को जागरुकता मार्च निकाला। इस दौरान हजारों लोगों ने बच्चियों को शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के साथ बाल विवाह को खत्म करने का संकल्प लिया। संवाद सामजिक संस्थान के सचिव अतुल तिवारी ने कहा कि इस अभियान में राजधानी की 50 ग्राम पंचायतों में बाल विवाह के खिलाफ जागरुकता और शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ऐसे अभियानों से बाल विवाह के खात्मे की लड़ाई को और गति मिलने के साथ इससें शामिल तीन हजार से अधिक लोगों ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली। कार्यक्रम में संस्थान सदस्य राज वर्मा ने कहा कि कही भी बाल विवाह की सूचना मिलने पर लोग इसकी जानकारी 112 नंबर पर जरूर दें।

# सफर से पहले लें ट्रेनों की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आनंद विहार, छपरा एक्सप्रेस यशवंतपुर कामाख्या समेत कई ट्रेनें आज से बदले मार्ग चलेंगी
- लखनऊ मंडल में रेलवे ब्लॉक के चलते ट्रेनों का रूट बदला

अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे के गोण्डा गोरखपुर रेलखंड से रेल यात्रा करने वाले यात्रियों की मुसीबत आज से बढ़ जायेगी। यात्री सफर से पहले ट्रेनों की जानकारी लेकर ही घर से निकले। आज से कई ट्रेनें बदले मार्ग से चलेंगी। ऐसे में यात्रियों को गंतव्य जाने के लिए लंबी दूरी जाकर ट्रेन पकड़ना पड़ेगा।



पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के गोण्डा-बरूआचक स्टेशनों के मध्य इंजीनियरिंग कार्य के लिए ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया जायेगा। पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पी के सिंह के मुताबिक जो ट्रेनें बदले मार्ग से चलेंगी उनमे दिल्ली से 29 नवम्बर को चलने वाली 04006 दिल्ली-जयनगर विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलायी जायेगी। इसी प्रकार आनन्द विहार टर्मिनस 29 नवम्बर 6, 13 दिसम्बर को चलने वाली 15622 आनन्द विहार टर्मिनस-कामाख्या एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलायी जायेगी। मथुरा जंक्शन से 29 नवम्बर 2, 4, 6, 9, 11, 13, 16,18 दिसम्बर को चलने वाली 22532 मथुरा जं.-छपरा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलेगी।

आनन्द विहार टर्मिनस 1, 8,15 दिसम्बर को चलने वाली 14012 आनन्द विहार टर्मिनस-राधिकापुर एक्सप्रेस गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। 04058 नई दिल्ली-मुजफ्फरपुर विशेष गाड़ी गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलायी जायेगी। 5, 12,19 दिसम्बर को चलने वाली 15530 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलेगी।

आनन्द विहार टर्मिनस 30 नवम्बर तथा 02, 04, 07, 09, 11, 14, 16 एवं 18 दिसम्बर, 2024 को चलने वाली 14010 आनन्द विहार टर्मिनस-बापूधाम मोतीहारी एक्सप्रेस गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलायी जायेगी।

आनन्द विहार टर्मिनस 30 नवम्बर, 2024 को चलने वाली 04044 आनन्द विहार टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलायी जायेगी।

### ये ट्रेनें नियंत्रित कर चलाई जाएंगी

आनन्द विहार टर्मिनस से 29 नवम्बर को चलने वाली 05302 आनन्द विहार टर्मिनस-मऊ मार्ग में 100 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। 12512 कोचूवेली-गोरखपुर एक्सप्रेस मार्ग में 70 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी। यशवन्तपुर से 01 से 16 दिसम्बर, 2024 तक चलने वाली 12592 यशवन्तपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस मार्ग में 70 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। एर्नाकूलम से 29 नवम्बर से 13 दिसम्बर तक चलने वाली 12522 एर्नाकूलम-बरौनी एक्सप्रेस मार्ग में 70 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। गोमतीनगर से 2 से 16 दिसम्बर तक चलने वाली 15078 गोमतीनगर-कामाख्या एक्सप्रेस मार्ग में 60 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

# स्टार अस्पताल के संचालन पर रोक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने हरदोई रोड दुबग्गा इलाके में स्टार अस्पताल के संचालन पर रोक लगा दी है। स्टार अस्पताल बिना लाइसेंस नवीनीकरण के संचालित हो रहा था। कुछ दिन पहले सीएमओ की टीम ने स्टार समेत पांच अस्पतालों पर छापा मारा था। ज्यादातर में कई खामियां पाई गई थीं। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह के निर्देश पर 15 नवंबर को नर्सिंग होम के नोडल अधिकारी डॉ. एपी सिंह और डिप्टी सीएमओ डॉ. केडी मिश्रा की टीम ने दुबग्गा, बालागंज, हरदोई रोड पर संचालित हो रहे पांच अस्पतालों पर छापा मारा था। पांच अस्पतालों में स्टार हॉस्पिटल, द यूनिक, बालागंज अस्पताल, मेडलाइफ और ऑक्सीजन अस्पताल शामिल था। इन सभी अस्पतालों में खामियां मिली थीं।

नोडल अधिकारी डॉ. एपी सिंह ने बताया कि हरदोई रोड स्थित स्टार अस्पताल में फुल टाइम डॉक्टर नहीं थे। बॉयो मेडिकल वेस्ट कचरे का निस्तारण उचित तरीके से नहीं किया जा रहा था। साथ ही जांच में पता चला कि अस्पताल के लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराया गया था। अस्पताल बेसमेंट में संचालित किया जा रहा था। अस्पताल संचालक को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा गया था। उचित जवाब न मिलने और लाइसेंस नवीनीकरण न होने पर सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने स्टार अस्पताल संचालन पर तत्काल रोक लगा दी है। सीएमओ ने चेतावनी दी है कि यदि कोई मरीज भर्ती करके इलाज करते पाया गया तो स्टार अस्पताल को जिला प्रशासन की मदद से सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

### इनको दोबारा भेजी जा रही नोटिस

नोडल अधिकारी डॉ. एपी सिंह ने बताया कि स्टार अस्पताल के संचालन पर रोक लगाने के साथ ही दूसरे अस्पतालों को फिर से नोटिस भेजा रहा है। मेडलाइफ, द यूनिक, ऑक्सीजन और बालागंज अस्पताल को अंतिम नोटिस भेजकर संचालन संबंधी जानकारी मांगी गई है। साथ ही छापे के दौरान पाई गई खामियों के लिए अस्पताल संचालकों ने क्या प्रयास किए, इन बिंदुओं पर जवाब मांगा रहा है। जवाब न मिलने पर इन अस्पतालों पर भी कार्रवाई की जा सकती है। साथ ही नेपाली बच्चे की मौत के मामले में ईवा अस्पताल संचालक से भी जवाब नहीं मिला है। जवाब न मिलने पर जिला प्रशासन की मदद से ईवा अस्पताल को सील करने की कार्रवाई की जाएगी।



समझौता ज्ञापन के दौरान अधिकारी।

# पूर्व सैनिकों को मिलेंगी सुपर स्पेशिएलिटी सेवाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मैक्स सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल को किया सूचीबद्ध
- लाभार्थियों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी

अमृत विचार : पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने की दिशा में पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के साथ मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल को आधिकारिक तौर पर सूचीबद्ध (इम्पैनल) किया गया है। हॉस्पिटल द्वारा पूर्व सैनिक व उनके परिवारों को 25 से अधिक सुपर-स्पेशिलिटी सेवाएं दी जाएंगी।

गुरुवार को सेना के मुख्यालय मध्य यूपी सब एरिया के जीओसी मेजर जनरल सलिल सेठ, मैक्स अस्पताल के क्लस्टर 2 के वरिष्ठ निदेशक और सीओओ कर्नल हरिंदर सिंह चेहल (सेवानिवृत्त) के बीच एक समझौते ज्ञापन का आदान-प्रदान करके इम्पैनल किया गया। इस पहल से लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में ईसीएचएस लाभार्थियों को मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा 25 से अधिक सुपर-स्पेशिलिटी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इनमें कार्डियोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, ऑन्कोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, बाल रोग, क्रिटिकल केयर समेत कई सेवाएं शामिल हैं। इससे हजारों पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को घर के नजदीक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने से लाभ होगा।

# क्वीन मेरी में कराई जा रही दर्द रहित डिलीवरी

अमृत विचार, लखनऊ : क्वीनमेरी महिला अस्पताल के लेबर रूम से गर्भवतियों के चीखने-चिल्लाने की आवाजें नहीं सुनाई देंगी। क्योंकि उन्हें लेबरपेन कम करने के लिए एक खास तरह का इंजेक्शन दिया जा रहा है। यह जानकारी क्वीनमेरी अस्पताल की विभागाध्यक्ष प्रो. अंजू अग्रवाल ने साझा की। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को क्वीनमेरी अस्पताल अपना स्थापना दिवस मना रहा है। ऐसे में महिलाओं के लिए क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं साथ ही उनकी मातृत्व और सेहत दोनों का कैसे ख्याल रखा जाए इन विषयों पर विशेषज्ञ चर्चा करेंगे।

- क्वीनमेरी महिला अस्पताल का 92वां फाउंडेशन डे आज

प्रो. अंजू ने बताया कि लेबर रूम में महिलाओं को कई तरह कि सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारी है। इसके लिए लेबर रूम में कुछ विशेष तरह की चेयर लगाई जाएंगी। जिसमें गर्भवतियों को अलग अलग पोजिशन में बैठना उठना और चलना होगा। फुटबॉल रखी जाएगी जिससे वह पैर चला सकेंगी। इसके माध्यम से उनकी डिलीवरी में और भी ज्यादा आसानी होगी। वहीं अस्पताल मे आने वाली महिलाओं को अपनों की कमी न महसूस हो इसके लिए स्टॉफ को समय-समय पर मरीजों से अच्छा बर्ताव करने की ट्रेनिंग भी दी जाती है। वर्तमान में क्वीनमेरी अस्पताल में 342 बेड संचालित किये जा रहे हैं। जो लगभग 24 घंटे फुल रहते हैं। इसके अलावा 700 के करीब रोजाना ओपीडी में महिलाओं को इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा इंट्रायूट्राईन ट्रांसफ्यूजन यूनिट के साथ इनर्फिटिलिटी और आईवीएफ की यूनिट भी संचालित की जा रही है। प्रसूताओं की सेहत और सफाई को ध्यान में रखते हुए पैड मशीन लगाई गई है। जिसे महिला पांच रुपये का सिक्का डालकर प्राप्त कर सकती है।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है


डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय–
सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय–
सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

## एक नजर

### मजाक पर मां-बेटी ने किसान को पीटा, मौत

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** रहीमाबाद के रामपुर गांव में 20 नवंबर को हमले में घायल हुए संतोष कुमार (40) की मौत हो गई। आरोप है कि संतोष द्वारा मजाक करने पर मोहल्ले में रहने वाली सविता और उनकी बेटी ने पीट दिया था। परिजन ने बताया कि पिटाई से आई चोटों के कारण संतोष की मौत हुई है। एसओ अनुभव सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। थाने में शिकायत आई थी। इसके बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया था।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से संविदा कर्मी की मौत

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** माल थाना क्षेत्र में बाइक सवार संविदा कर्मी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। माल थाना क्षेत्र के ग्राम नवी पनाह निवासी शिव भोले मौर्य ने बताया कि भतीजा रिषीकांत मेडिकल कॉलेज लखनऊ में संविदा कर्मी था। बुधवार शाम लगभग 7:00 बजे वह ड्यूटी से वापस आ रहा था। मलिहाबाद स्थित ग्राम वाजिद नगर के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीएचसी माल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### लूट की फर्जी सूचना देने पर भेजा गया जेल

**अमृत विचार, निगोहां :** उतरावां गांव के कर्ज में डूबे सलमान ने देनदारी से बचने के लिए कंट्रोल रूम पर कॉल कर 90 हजार की लूट दी। शुरुआती जांच में मामला संदिग्ध मिला। कड़ाई से की गयी पूछताछ में सलमान ने कबूला कि कर्जदारों से बचने के लिए उसने अपने हाथ में ब्लेड मारकर लूट की झूठी सूचना दी थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। एसओ अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि बुधवार करीब 9 बजे उतरावां गांव निवासी सलमान ने सूचना दी थी कि 7-8 अज्ञात व्यक्तियों ने उसके हाथों व माथे पर ब्लेड मारकर 90 हजार रुपये लूट लिए।

## कीटनाशक का छिड़काव करने गए दो दोस्त मिले बेसुध, एक की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

»» शराब की जगह कीटनाशक पीने की आशंका

**अमृत विचार:** मड़ियांव स्थित घैला पुल के पास खेत में बुधवार को कीटनाशक का छिड़काव करने गए दो दोस्तों ने पहले शराब पी। इसके बाद कीटनाशक पी ली। जिससे एक की मौत हो गई। वहीं, साथी का इलाज चल रहा है।

पुराना दाउदनगर निवासी मजदूर बजरंगी लाल (28) बुधवार दोपहर मोहल्ले में रहने वाले साथी मनीष राजपूत के साथ घैला पुल के पास स्थित खेत में कीटनाशक का छिड़काव करने गए थे। खेत में छिड़काव करने के बाद दोनों ने बैठकर शराब पी। इसके बाद उन्होंने कीटनाशक पी ली। शाम को बजरंगी ने पिता रज्जन लाल को फोन किया। उसने बताया कि उसने और मनीष ने कीटनाशक पी ली है। पापा बचा लो। परिजन घैला पुल के पास खेत में पहुंचे तो बजरंगी और मनीष बेसुध पड़े थे। गंभीर हालत में उन्हें निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान बजरंगी की मौत हो गई। वहीं, मनीष का इलाज चल रहा है। बजरंगी की पत्नी की काफी समय पहले मौत हो चुकी है। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्र ने बताया कि दोनों नशे के आदी थे। आशंका है कि शराब के नशे में गलती से दोनों ने कीटनाशक पी ली है। मनीष के बयान होने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

# पत्नी के दोस्त को फंसाने के लिए खुद पर चलवाई थी गोली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** महिगवां स्थित विघ्नहर्ता हॉस्पिटल के पास ई-रिक्शा चालक अरुण कुमार मौर्या द्वारा रची गई साजिश का खुलासा पुलिस ने कर दिया। अरुण ने षडयंत्र के तहत अपने ऊपर गोली चलवाई थी। डीसीपी उत्तरी और महिगवां पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार को अरुण कुमार, उसके भाई और दो दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर दो तमंचे, कारतूस और खोखा बरामद किए हैं। जांच में सामने आया कि ई-रिक्शा चालक अरुण ने पत्नी के पुरुष मित्र जितेंद्र को फंसाने के लिए साजिश की थी।

एडीसीपी उत्तरी जितेंद्र दुबे ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में



आरोपियों के बारे में जानकारी देते एडीसीपी उत्तरी जितेंद्र दुबे। अमृत विचार

अरुण कुमार मौर्या, उसका भाई नीलेश निवासी हरिओम नगर मड़ियांव, साथी अरविंद सिंह निवासी लहरपुर सीतापुर हालपता भैंसामऊ बीकेटी और अनुज मौर्य निवासी कुर्सी बाराबंकी हैं। 26 जुलाई को पत्नी ने पति अरुण, उसकी मां राजेश्वरी, बहन सीमा और भाई नीलेश के खिलाफ मड़ियांव थाने में दहेज प्रताड़ना, मारपीट समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जितेंद्र मुकदमे में पैरवी कर रहा था। पेशबंदी में और जितेंद्र को फंसाने के लिए अरुण ने भाई और दोस्तों के साथ मिलकर खुद पर हमले की साजिश रची थी।

एडीसीपी ने बताया कि अरुण की पत्नी महिगवां के बाजपुर गेगौरा गांव की रहने वाली है। 11 साल

»» साजिशकर्ता, भाई और दो दोस्त गिरफ्तार, पत्नी ने दर्ज कराई थी दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट

### भाई बीटेक छात्र और दोस्त प्रॉपर्टी डीलर

एडीसीपी ने बताया कि आरोपी नीलेश मौर्य निजी कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। जबकि दोस्त अरविंद प्रॉपर्टी डीलर और अनुज पेशे से मजदूर है।

पहले अरुण ने उससे कोर्ट मैरिज की थी। करीब 7 साल बाद पत्नी ने बेटी को जन्म दिया। इस बीच पत्नी का लगाव अपने एक रिश्तेदार से हो गया। इसको लेकर मारपीट होती रहती थी। अरुण की पत्नी ने इटौंजा थाने में शिकायत की थी। इसके बाद समझौता हो गया। अरुण पत्नी को लेकर मड़ियांव में रहने लगा। करीब 15 दिन बाद फिर रिश्तेदार से बातचीत को लेकर दोनों में विवाद हुआ। 4 अगस्त 2023 को अरुण की पत्नी छत से कूद गई थी। उसकी रीढ़ की हड्डी में चोट लगी। निजी अस्पताल में ऑपरेशन हुआ था। डिस्चार्ज के बाद वह मायके बाजपुर गगौरा चली गई थी।

इसके बाद पुलिस आयुक्त से गुहार कर पति और अन्य ससुरालवालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। उक्त मामले में पत्नी की पैरवी जितेंद्र कर रहा था। मुकदमे की पेशबंदी और जितेंद्र को फंसाने के लिए अरुण ने भाई नीलेश मौर्या, दोस्त अनुज और अरविंद के साथ 26 नवंबर को अनुज के घर बाराबंकी में योजना बनाई। इसके बाद अरुण के कहने पर अनुज और अरविंद ने उसपर फायरिंग की थी।

# इंस्पेक्टर के मकान से सरकारी पिस्टल व गहने चोरी

## सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के शांति नगर में हुई घटना, होमगार्ड मुख्यालय में तैनात हैं इंस्पेक्टर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** सुशांत गोल्फ सिटी में चोरों ने दिनदहाड़े होमगार्ड मुख्यालय में तैनात इंस्पेक्टर के घर के ताले तोड़कर सरकारी पिस्टल, कारतूस समेत लाखों रुपये के गहने व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। शाम को डयूटी से लौटे निरीक्षक ने चोरी देख कंट्रोल रूम पर सूचना दी। पुलिस ने फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट के साथ जांच की। वहीं, पीजीआई के तेलीबाग स्थित मौहारी बाग में चोरों ने कृषि विभाग के कॉल सेंटर कर्मी के बंद मकान को निशाना बनाया। शाम भांजी मकान पर पहुंची तब घटना की जानकारी हुई। पुलिस

»» पुलिस ने फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट के साथ की जांच

आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। उधर, बिजनौर में चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर गहने, नगदी के अलावा कैमरे का डीवीआर चोरी कर लिया।

सुशांत गोल्फ सिटी के शांति नगर घुसवल कला में निरीक्षक बृजेश कुमार यादव परिवार के साथ रहते है। बीते 27 नवंबर को सुबह करीब 9 बजे वे होमगार्ड मुख्यालय ड्यूटी के लिए निकले थे। उनका परिवार किसी शादी समारोह में शामिल होने गांव गया था। शाम के वक्त जब वह लौटे तो उनके घर के अंदर लाइट जल रही थी। दरवाजे के सभी ताले

»» पीजीआई क्षेत्र में कॉल सेंटर कर्मी के मकान में लाखों की चोरी

टूटे हुए थे। जब वह घर के अंदर गए तो अलमारी का सामान विखरा पड़ा था। अलमारी में रखी उनकी सरकारी पिस्टल व 11 बॉल राउंड के साथ लाखों के जेवर, 3 मोबाइल फोन और 35 हजार रुपये गायब थे। पुलिस ने फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को बुलाकर छानबीन की। जांच के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वहीं, तेलीबाग के मौहारी बाग में राहुल चौहान पत्नी मुस्कान और चार साल की बेटी वाणी के साथ रहते हैं। राहुल कृषि विभाग के पोर्टल में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के कॉल सेंटर में काम करते हैं। राहुल ने बताया कि बीते मंगलवार को एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए परिवार संग दिल्ली गए थे। उनके घर पर मछलियां पली थीं तो भांजी श्रुति बुधवार शाम 6 बजे मछलियों को दाना देने गई थी। भांजी गेट का ताला खोलकर अंदर गयी तो पूरे घर का सामान बिखरा पड़ा था। छानबीन में पता चला कि बदमाश घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी चुरा ले गये। वही जब गुरुवार को राहुल घर पहुंचे।

राहुल ने बताया कि मंगलवार रात घर में घुसे चोरों ने इत्मीनान से पूरा घर खंगाला। चोरों ने नकदी, जेवर बटोरने के बाद मंदिर के दानपात्र और बेटी का गुल्लक से भी रुपये निकाल लिए। यही नहीं फ्रिज में रखी खाने पीने की चीजों के साथ बेटी का कुरकुरे और चिप्स भी खा गये। राहुल ने पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति पर चोरी का शक जताया है।

### डीवीआर भी कर ले गए चोरी

बिजनौर के औरंगाबाद जागीर स्थित शिव नगर कॉलोनी निवासी अंगद कुमार निषाद ने बताया कि 23 नवंबर को घर में ताला बंद कर रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने चले गए थे। 25 नवंबर को सुबह पड़ोसी अखिलेश सिंह ने घर का ताला टूटा देख सूचना दी। वे पहुंचे तो गहने और नगदी के अलावा कैमरे का डीवीआर गायब मिला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पीजीआई क्षेत्र में मिले दो युवकों के शव, एक की शिनाख्त

संवाददाता, लखनऊ/पीजीआई

»» पुलिस ने दोनों की फोटो सोशल मीडिया की थी वायरल

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह दो व्यक्तियों के अलग-अलग जगह शव मिलने से हड़कंप मच गया। पीजीआई पुलिस ने दोनों की फोटो सोशल मीडिया पर वॉयरल कर शिनाख्त के प्रयास किए। पुलिस की इस कोशिश से एक शव की पहनान हो गयी।

पीजीआई इंस्पेक्टर रवि शंकर त्रिपाठी ने बताया कि उतरेठिया रेलवे स्टेशन के सामने सेक्टर-12 में 28 वर्षीय युवक शव पड़ा देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी शिनाख्त करवाने का प्रयास किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। बाद में जब सोशल मीडिया पर फोटो डाली तो बिहार से उसके परिजन का फोन आया और उन्होंने लखनऊ आने की बात कही है। जानकारी के दौरान पता चला कि युवक नशे की हालत में बुधवार रात उतरेठिया स्टेशन की रेलवे लाइन पर बार-बार जा रहा था तो आरपीएफ वालों ने उसे हटाकर बाहर किया था। इसके अलावा उतरेठिया शहीद पथ की सर्विस लाइन पर भी 30 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला था। शिनाख्त करवाने का काफी प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान न हो सकी। युवक नशेड़ी लग रहा है, शरीर पर कोई चोट नहीं है।

# महिला मित्र से झगड़कर दुकानदार ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** अलीगंज के अहिबरनपुर में महिला मित्र से झगड़े के बाद पान मसाला दुकानदार विवेक गुप्ता (23) ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन का आरोप है कि विवेक को उसकी महिला मित्र वीडियो कॉल पर हाथ की नस काटने की धमकी दे रही थी। जिससे परेशान होकर यह कदम उठाया है।

इंस्पेक्टर विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि अहिबरनपुर इलाके में पप्पू परिवार के साथ रहते हैं। वे बेटे विवेक संग पान-मसाले की दुकान चलाते थे। बड़े भाई विशाल ने बताया शाम को विवेक तीसरी मंजिल पर स्थित अपने कमरे में चला गया। करीब 8 बजे मां ने खाना खाने के लिए आवाज दी लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इस पर मां आवाज देते हुए ऊपर पहुंची और कमरे का दरवाजा खोला तो विवेक को फंदे से लटकता पाया। इंस्पेक्टर विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि घरवालों ने किसी लड़की से बातचीत की बात कही है। भाई विशाल ने बताया कि विवेक की एक लड़की से बात होती थी। बुधवार को मोबाइल पर उसकी वीडियो कॉल आई थी। इस दौरान दोनों के बीच कुछ कहासुनी हुई। युवती ने हाथ की नस काटकर आत्महत्या कर लेने की धमकी दी। वहीं, एक हाथ की नस पर चाकू रखे हुए फोटो भी व्हाट्सएप पर भेजी थी। इसी तनाव में विवेक ने आत्महत्या की।

### भाई को कॉल कर मार्केटिंग रिप्रेजेंटेटिव ने दी जान

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम में रहने वाले दवा कंपनी में मार्केटिंग रिप्रेजेंटेटिव लल्लन सिंह ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने अपने बड़े भाई ललित को फोन कर कहा था कि मैं जान देने जा रहा हूं। जानकीपुरम विस्तार सेक्टर-6 निवासी सिक्योरिटी गार्ड पिता पुतान सिंह ने बताया कि उनका बेटा लल्लन बुधवार को ड्यूटी से आने के बाद खाना खाकर कमरे में चला गया था। देर रात 1:30 बजे बड़े बेटे ललित ने घर में बहन को फोन कर लल्लन के कमरे में जाकर उसे देखने के लिए कहा। बहन जब कमरे में गई तो लल्लन दुपट्टे एवं पंखे के सहारे फंदे पर लटका मिला। लल्लन को उतारकर ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### ननद के घर इलाज कराने आई महिला ने फांसी लगाई

**अमृत विचार,लखनऊ :** पारा स्थित ननद के घर मानसिक बीमारी का इलाज कराने आई नीलम देवी (20) ने फंदा से लटकर कर जान दे ही। सरोसा भरोसा निवासी सुनील गौतम ने बताया कि हरदोई के कछौना निवासी साले अजीत की पत्नी नीलम का बलरामपुर अस्पताल में मानसिक बीमारी का इलाज चल रहा था। सोमवार को नीलम हरदोई से इलाज कराने लखनऊ आई थी। गुरुवार को नीलम और उनकी पत्नी सरिता घर पर थी। दोपहर में सरिता बच्चों को स्कूल लेने चली गई। कुछ देर बाद वह स्कूल से घर पहुंची कई बार आवाज देने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। सरिता ने रोशनदान से झांक कर देखा पंखे के कुंडे से फंदे के सहारे नीलम लटकी हुई थी।

## सिपाही के आवास पर छात्रा ने की आत्महत्या

**अमृत विचार, लखनऊः** पुलिस लाइन स्थित सिपाही जीजा के आवास पर बीएससी छात्रा सनम बानो (22) ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। महानगर पुलिस ने छानबीन की लेकिन कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मूल रूप से अयोध्या निवासी इस्माइल पुलिस विभाग में सिपाही है। पुलिस लाइन में उनका आवास है। वह अपने भाई के साथ पुलिस लाइन स्थित आवास में रह रही थी। पड़ोस में ही उनके जीजा सिपाही नूरुल हसन का भी आवास है। नुरुल हसन टेढ़ी पुलिया स्थित घर में परिवार के साथ रहते हैं। पुलिस लाइन वाला उनका आवास खाली पड़ा था। गुरुवार सुबह सनम ने जीजा नुरुल के आवास में जाकर फंदा लगा लिया।

# गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंची तो मिली पति के मौत की खबर, हुआ लावारिस में अंतिम संस्कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

»» नगराम थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में किसान की हुई थी मौत

»» जानकारी मिलने पर पीड़िता बेसुध होकर गिर पड़ी

**अमृत विचारः** एक हफ्ते से गायब पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने नगराम थाने पहुंची। पुलिस ने बीते शुक्रवार को सड़क हादसे में मृत अज्ञात व्यक्ति की फोटो दिखाई तो महिला ने रोते हुए पहचान की। पूछने पर पुलिस ने कहा कि लावारिस में अंतिम संस्कार कर दिया है। यह सुनकर पीड़िता बेसुध होकर गिर पड़ी। होश आने पर बस यही कह रही थी कि आखिरी बार भी पति को देख नहीं सकी।

नगराम के देवीखेड़ा निवासी मंजू ने बताया कि विनोद किसान थे। मंजू ने बताया कि विनोद शुक्रवार को समेसी बाजार गेहूं के बीज लेने गए थे, लेकिन वह देर रात तक वापस नहीं लौटे। तलाश शुरु की गई। कहीं कुछ भी पता नहीं चलने पर गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए मंजू नगराम थाने पहुंची तो पुलिस ने घायलवस्था में मिले व्यक्ति की फोटो दिखाई। यह देख मंजू रोने लगी। पूछा की अब पति कहां है तो पुलिस ने कहा कि कुछ देर पहले ही लावारिस में उनका अंतिम संस्कार हो गया। इसपर ग्रामीणों ने पुलिस पर नाराजगी जताई। कहा कि अगर पुलिस सोशल मीडिया पर फोटो वायरल कराती तो शायद वह पति विनोद के अंतिम दर्शन कर लेती। एसओ विवेक चौधरी ने बताया कि बीते शुक्रवार देर शाम देवीखेडा चौकी से कुछ दूर बोलेरो की टक्कर से अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई थी। शिनाख्त न होने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था, जहां बुधवार को शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया।

# प्लॉट का झांसा देकर ऐंठे 16.78 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ-सुल्तानपुर हाइवे स्थित अमेठी रहमतनगर में प्लॉट बेचने का झांसा देकर खीरी के व्यवसाई से जालसाज ने 16.78 लाख रुपये ऐंठ लिए। गोसाईगंज पुलिस ने शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मूल रूप से लखीमपुर खीरी के गोला गोकरननाथ निवासी विनोद ने बताया कि वे लखनऊ में एक प्लॉट लेने के इच्छुक थे। उन्होंने बताया कि 20 दिसंबर 2023 को गोसाईगंज के ग्राम कपेरा मदारपुर निवासी प्रेम चंद्र जायसवाल से मुलाकात हुई। बातचीत के दौरान प्रेम चंद्र ने उन्हें गोसाईगंज के अमेठी रहमत नगर स्थित 400 वर्गफीट का एक प्लॉट दिखाया। प्लॉट पसंद आने पर बातचीत में सौदा 26,78,500 रुपये में तय हुआ। जिसके बाद पीड़ित ने 10 जनवरी को 2 लाख, 16 जनवरी को 6.14 लाख और 24 फरवरी को 6.65 लाख रुपये आरटीजीएस किए।

फिर 28 फरवरी को देशी शराब के लाइसेंस की फीस बताकर 1,99,500 रुपये लिए। 16.78 लाख देने के बाद पीड़ित ने रजिस्ट्री की बात की तो आरोपी ने आनाकानी शुरू कर दी। लगातार टालमटोल देख पीड़ित ने पड़ताल की तो पता चला कि उक्त जमीन प्रेमचंद्र की नहीं है। पीड़ित ने दबाव बनाया तो आरोपी ने 4 चेक दिए। विनोद ने चेक खाते में लगाए तो वह बाउंस हो गए। यह देख पीड़ित ने बात की तो आरोपी ने गाली गलौज कर धमकाया।

### महिला समेत दो के खाते से उड़ाए 1.10 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर जालसाज ने महिला समेत 2 के खातों 1.10 लाख रुपये उड़ा लिए। साइबर ठगी के यह मामले पारा और गोमतीनगर विस्तार थाना क्षेत्र के हैं। बुद्धेश्वर स्थित पाल कालोनी निवासी प्रेमवती ने बताया कि 23 नवंबर को खाते से रुपये कटने का जोमैटो वॉलेट का मैसेज आया। यह पीड़िता ने पासबुक अपडेट कराई तो पता चला कि खाते से कई बार में 80 हजार रुपये निकले हैं। बैंक और साइबर सेल में शिकायत कराने के बाद पीड़िता ने पारा थाने में आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं, गोमतीनगर विस्तार के सेक्टर-4 निवासी अर्जुन यादव का बचत खाता एक्सिस बैंक में है। उन्होंने बताया कि 4 नवंबर को एक कॉल आई। फोनकर्ता ने क्रेडिट कार्ड कर्मी बनकर फंसाया। फिर खाते से 30 हजार रुपये पार कर दिए।

## निकाह से पहले साइबर जालसाज ने पार किए 1.15 लाख

**अमृत विचार,लखनऊः** निकाह की तैयारी के लिए निजी बैंक से ठाकुरगंज निवासी रजा अब्बास जाफरी ने 1.20 लाख का लोन लिया था। खाते में रकम आने के बाद निकाह की तैयारी में लग गए। उसके 3 घंटे बाद साइबर जालसाजों ने किस्त कम करने के नाम पर जाल में फंसाया और खाते से 1.15 लाख रुपये पार कर दिए। उन्होंने निकाह करने के बाद साइबर क्राइम सेल और ठाकुरगंज थाने में शिकायत की। पीड़ित रजा अब्बास जाफरी ने बताया कि 8 नवंबर को उनका निकाह था। रुपयों की जरुरत थी। उनके पास लोन का आफर आया था तो उन्होंने अप्लाई कर दिया था।

# लिवइन पार्टनर से पीछा छुड़ाना चाहती थी महिला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

»» बेटे ने दर्ज कराई थी बीबीडी थाने में हत्या की रिपोर्ट

**अमृत विचारः** बाराबंकी स्थित हिंद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (हिंद अस्पताल) की सफाईकर्मी अंजली (42) अपने लिवइन पार्टनर से पीछा छुड़ाना चाहती थी। इसी बात को लेकर दोनों में अक्सर विवाद होता था। मंगलवार शाम विवाद बढ़ने पर तैश में आए देवानंद शर्मा उर्फ पंचम ने सिलबट्टे से वारकर उसकी हत्या कर दी थी। बीबीडी पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को जेल भेज दिया है।

सीतापुर की रहने वाली अंजली वाल्मीकि बीबीडी स्थित नेवाजपुर में किराए के मकान में रहती थी। मंगलवार शाम को उसका लिवइन पार्टनर देवानंद शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा। तभी दोनों में घरेलू बातों को लेकर विवाद हो गया। उसी दौरान गुस्से में देवानंद ने सिलबट्टे से अंजली के सिर व चेहरे पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। बेटे राजा ने हत्यारोपी देवानंद के खिलाफ बीबीडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसीपी विभूतिखंड राधा रमण सिंह ने बताया कि हत्यारोपी देवानंद अंजली के साथ करीब 8 माह से साथ में रह रहा था। कुछ माह पहले ही अंजली ने अपनी दो बेटियों कोमल और मुस्कान की शादी की थी। पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि अंजली उससे दूरी बनाना चाहती थी।

## सार-संक्षेप



मोहनलालगंज पुलिस की हिरासत में गुज्जर गैंग के सदस्य। अमृत विचार

### उत्पात मचाने वाले गुज्जर गैंग के दो आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** बैरीसालपुर गांव में 24 नवंबर को तिलक समारोह के दौरान उत्पात मचाने वाले गुज्जर गैंग दो साथियों को मोहनलालगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। थाना क्षेत्र के बैरीसालपुर गांव में दिलीप चौरसिया के बेटे प्रांशू के तिलक समारोह में डांस को लेकर गुज्जर गैंग के सदस्यों ने कई लोगों से मारपीट की थी। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया घटना के बाद से फरार आरोपियों की तलाश में जुटी मोहनलालगंज पुलिस ने गुरुवार को आरोपी रोहित निवासी बैरीसालपुर व शिवसागर निवासी शेरपुर लवल थाना निगोहां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपियों को पकड़ा

**अमृत विचार, आलमबाग :** महिला को उसी के घर में बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दो आरोपियों को आलमबाग पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर कपिल गौतम ने बताया कि 29 अक्टूबर को थाना क्षेत्र मे रहने वाली पीड़िता रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस न आरोपी मवैया निवासी विक्रांत और विक्की उर्फ विश्वनाथ को पकड़ लिया। पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि उसके घर में विक्रांत और विक्की उर्फ विश्वनाथ कुछ लोगों के साथ मकान पर कब्जे की नियत से जबरन घुस गए थे। पीड़िता के विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने उसे बंधक बनाकर गैंगरेप किया था।

### अधिवक्ता से लूटपाट, रिपोर्ट दर्ज

**लखनऊ, अमृत विचार :** आलमबाग थाना क्षेत्र में मामूली विवाद में कार सवार दबंगों ने अधिवक्ता को पीटकर 4500 रुपये लूट लिए। इंस्पेक्टर कपिल गौतम ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। वजीरगंज के पीर जलील दक्षिणा मोहल्ला निवासी अधिवक्ता नील किशन ने बताया कि रविवार रात वह एसयूवी से मां के साथ आलमबाग स्थित मैरिज लॉन शादी में गए थे। वहां दो पक्षों में पार्किंग के लिए विवाद हो रहा था। उन्होंने मामला शांत करा दिया। कुछ बढ़ने पर एक पक्ष के विकास, लकी व दो अन्य उनकी एसयूवी का शीशा पीटने लगे। एसयूवी से उतरते ही आरोपी उन्हें पीटने लगे और 4500 रुपये लूट लिया।

### पांच सौ रुपये रंगदारी न देने पर दुकानदार को पीटा

**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णानगर में बुधवार को पांच सौ रुपये रंगदारी न देने पर दबंगों ने पटरी दुकानदार की पिटाई कर दी। आलमबाग कैलाशपुरी निवासी मोईन अली के मुताबिक वह पकरी पुल पर पान मसाले की दुकान लगाते हैं। बुधवार रात दुकान बंद कर पड़ोस में स्थित दुकान पर अंडा रोल खा रहे थे। इस बीच नीशू लाला, अभिषेक शर्मा, विकास तिवारी आ धमके और पांच सौ रुपये रंगदारी मांगने लगे। रंगदारी देने से मना करने पर तीनों उन्हें गालियां देने लगे। विरोध जताने पर तीनों ने मिलकर उनकी पिटाई कर दी। किसी तरह बच कर उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम सूचना दी। पुलिस कर्मियों को आता देख आरोपित धमकाते हुए भाग निकले। इंस्पेक्टर कृष्णानगर के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# सर्विस बुक में जाली हस्ताक्षर बनाकर बनी नॉमिनी, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** बीएसएनएल यूपी ईस्ट के सेवानिवृत्त डीजीएम स्व. देव नारायण यादव की सर्विस बुक पर जाली हस्ताक्षर कर नॉमिनी बनने वाली महिला को महानगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

अतिरिक्त निरीक्षक श्वेता द्विवेदी ने बताया कि स्वर्गीय अधिकारी के बेटे हेमन्त कुमार यादव ने वर्ष 2022 में सौतेली मां इंदिरा, उनकी बेटी प्रज्ञा, बेटे आयुष, डीजीएम जीएन पांडेय, वेद प्रकाश द्विवेदी और पीजीएम अरुण कुमार गर्ग के खिलाफ जाली दस्तावेज के आधार पर फर्जीवाड़ा करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया था कि 30 सितंबर 2017 को सेवानिवृत्त हुए पिता देव नारायण की 7 अक्टूबर 2017 को मौत हो गई थी। पिता ने नॉमिनेशन फॉर्म पर बेटे हेमन्त और सौतेली पत्नी इंदिरा को पीएफ ग्रेच्युटी और अन्य मदों की देय धनराशि में 50-50 प्रतिशत का नॉमिनी बनाया था। जनवरी 2016 में बीमारी के चलते पिता लिखने पढ़ने में असमर्थ थे। आरोप है कि इसका फायदा उठाते हुए इंदिरा, प्रज्ञा और आयुष ने बीएसएनएल अधिकारियों की मिलीभगत से 23 मार्च 2017 को पिता का जाली साइन किया हुए नॉमिनेशन फॉर्म में इंदिरा को 100 प्रतिशत का नॉमिनी कर दाखिल कर दिया था। फॉरेंसिक जांच में जाली साइन की पुष्टि हुई थी।

## 15 हजार का इनामी जालसाज गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊः** गोमतीनगर पुलिस ने 15 हजार रुपये के इनामी विरामखंड निवासी विजय नारायण सिंह (55) को गुरुवार को कमता चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि विजय मूलरूप से अंबेडकरनगर के दौलताबाद बौना का रहने वाला है। 11 दिसंबर 2022 को एलडीए के उपसचिव माधवेश कुमार ने कनिष्ठ लिपिक आलोक और विजय समेत अन्य के खिलाफ जाली दस्तावेज के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करायी थी। इसके बाद आरोपी पर 2 और मामले एलडीए ने दर्ज कराए थे। वह लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था।

# एसीपी हजरतगंज अरविंद कुमार का चित्रकूट स्थानांतरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

»» आठ एसीपी के तबादले का आदेश जारी

**अमृत विचार :** शासन ने गुरुवार देर शाम को आठ एसीपी के स्थानांतरण का आदेश जारी किया। जिसमें एसीपी हजरतगंज अरविंद कुमार वर्मा को चित्रकूट स्थानांतरित कर दिया गया है। वहीं, जीआरपी लखनऊ के क्षेत्राधिकारी विकास पांडेय को कमिश्नरेट में तैनाती मिली है।जारी आदेश के अनुसार हीतेंद्र कृष्णा को आजमगढ़ से 1090, मो. फाजिल मुरादाबाद से पीएसी 34वीं वाहिनी वाराणसी, अजय कुमार को एसीपी कानपुर से मुरादाबाद, राजीव कुमार को एसीपी प्रयागराज से 48वीं वाहिनी पीएसी सोनभद्र, गर्वित सिंह सिद्धार्थनगर से अलीगढ़ और शुभेंदु सिंह अलीगढ़ से सिद्धार्थनगर भेजा गया है।

**इंस्पेक्टर से डिप्टी एसपी बने नौ को मिली तैनाती :** वहीं प्रदेश सरकार ने हाल में इंस्पेक्टर से प्रोन्नत होकर नौ डिप्टी एसपी को तैनाती दे दी है। इसमें अजय कुमार सिंह को शाहजहांपुर, सतीश कुमार को एसएसएफ अयोध्या का सेनानायक, द्रविण कुमार सिंह को एसीपी आगरा, निशांक शर्मा को श्रावस्ती एयरपोर्ट से पीएसी 43 वीं वाहिनी पीएसी एटा, अरुण कुमार राव-द्वितीय को श्रावस्ती एयरपोर्ट का मुख्य सुरक्षा अधिकारी, एएनटीएफ के सीओ प्रभात कुमार तिवारी को फतेहपुर, संगम कुमार को रामपुर से एटीसी सीतापुर, हर्षिता सिंह को मथुरा से रामपुर और अनिल कुमार कपरवान को बागपत से मथुरा में डिप्टी एसपी पद पर भेजा गया है।

## घात लगाकर किसान पर किया हमला, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगरः** बिजनौर के परवर पश्चिम स्थित गढ़ी मवैया निवासी किसान गंगाराम ने बताया कि 26 अक्टूबर को रात करीब 8 बजे वह मोहनलालगंज निवासी अपने दामाद करन और बेटी सोनम व शिवानी के साथ अपने खेत से वापस आ रहा था। आरोप है कि तभी रास्ते में घात लगाए बैठे गांव के ही देशराज, महादेव, चंद्रशेखर और महिला कुंवारा ने मिलकर लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिससे सब घायल हो गए। घायल को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गंगाराम के हाथ की हड्डी टूट जाने पर ऑपरेशन किया गया। ठीक होने के बाद गंगाराम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## एक नजर

### राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता 5 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता 5 से 10 दिसंबर तक कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के हॉकी स्टेडियम में खेली जायेगी। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने को लखनऊ महिला हॉकी टीम के गठन का चयन ट्रायल केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर आयोजित किये जायेंगे। 2 दिसंबर को जिला स्तर पर चयन ट्रायल होंगे। चयनित खिलाड़ी 3 दिसंबर को होने वाले चयन ट्रायल में हिस्सा लेंगे।

### यंग चैलेंजर ने इंडियन इलेवन को हराया

**अमृत विचार, लखनऊ :** 20वीं बाबू बनारसी दास बी डिवीजन लीग के मैच में गुरुवार को यंग चैलेंजर ने इंडियन क्रिकेट क्लब को 8 विकेट से हरा दिया। सिंड्रा मैदान पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंडियन इलेवन ने सभी विकेट खोकर 122 रन बनाये। अभिषेक यादव ने 53 रन बनाये। यंग चैलेंजर की ओर से आदि आदेश शुक्ला ने 4 विकेट चटकाये। अभिषेक सिंह ने 3 और आकाश गौर ने 2 विकेट चटकाये। जवाब में यंग चैलेंजर ने 2 विकेट खोकर 123 रन बना लिये और जीत दर्ज की। आकाश अवस्थी ने 34 और आदि आदेश ने नाबाद 37 रन बनाये।

### तैराकी छात्रावास के कृष्णा को मिला रजत

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय की देखरेख में संचालित तैराकी छात्रावास के खिलाड़ी कृष्णा यादव ने शानदार प्रदर्शन किया है। केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित तैराकी छात्रावास के खिलाड़ी कृष्णा यादव ने राजकोट में आयोजित की गई 68वीं राष्ट्रीय स्कूल तैराकी चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। कृष्णा ने उत्तर प्रदेश की टीम से प्रतिभाग करते हुए 50 मीटर बटर फ्लाई में यह कामयाबी हासिल की।

# अमित और दीक्षा को यूपी रोइंग यूथ टीम की कमान

## 44वीं जूनियर नेशनल एवं इंटर स्टेट रोइंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी यूपी टीम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**उत्तर प्रदेश रोइंग टीम घोषित, अभिषेक गिरि बने जूनियर टीम के बने कप्तान**

**अमृत विचार :** 44वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप और सातवीं इंटर स्टेट रोइंग चैंपियनशिप के लिए यूपी की जूनियर व यूथ टीम का चयन कर लिया गया है। उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन की चयन समिति के चेयरमैन आदित्य मिश्रा (आईपीएस) ने बताया कि उत्तर प्रदेश की यूथ टीम में बालकों में बुलंदशहर के अमित कुमार और बालिकाओं में गाजीपुर की दीक्षा कुशवाहा कप्तान बनाए गए है।

वहीं जूनियर टीम के कप्तान मेरठ के अभिषेक गिरि बनाए गए है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश की बालक टीम के कोच कुदरत अली व मैनेजर डॉ. सिद्धार्थ शुक्ला और बालिका टीम कोच पुनीत बालियान व मैनेजर निखहत अली को बनाया गया है।

उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा के अनुसार जूनियर नेशनल व इंटर स्टेट रोइंग चैंपियनशिप का आयोजन एक साथ पुणे के आर्मी रोइंग नोड में आगामी एक से 6 दिसंबर तक आयोजित की जायेगी। चयनित टीम गोरखपुर से पुणे के लिए रवाना हो गई। इस अवसर पर गोरखपुर मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी आले हैदर भी मौजूद रहे।

टीम को रवानगी से पूर्व उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक डॉ.दिनेश शर्मा (सांसद), चेयरमैन रेणुका मिश्रा (आईपीएस), अध्यक्ष रानी पक्षालिका सिंह (एमएलए), संरक्षक पवन सिंह चौहान (एमएलसी) व आईपीएस डॉ. आरपी सिंह, आईपीएस राजीव त्रिवेदी, आईपीएस गोपाल गुप्ता सेवानिवृत्त, आईपीएस बिनोद कुमार सिंह ने बधाई दी।



उत्तर प्रदेश रोइंग टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

**उत्तर प्रदेश जूनियर रोइंग टीम**

**बालक :** अभिषेक गिरि- कप्तान, अनिकेत गिरि (दोनों मेरठ), अंकित चौधरी व रितेश चौधरी (दोनों गोरखपुर),

**बालिका :** अंजनी कुशवाहा (गाजीपुर),

**उत्तर प्रदेश यूथ रोइंग टीम**

**बालक :** अमित कुमार- कप्तान (बुलंदशहर), गौरव, प्रिंस यादव (दोनों गोरखपुर), प्रद्युम्न सिंह (आगरा),

**बालिका :** दीक्षा कुशवाहा- कप्तान (गाजीपुर), रूपल यादव (प्रयागराज), अभया भारती (गोरखपुर),

# अब्दुल रहमान की हैट्रिक से स्पोर्ट्स कॉलेज का जीत से आगाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**प्रथम स्व. विजय मित्र द्विवदी (चकई दादा) सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता**

**अमृत विचार :** अब्दुल रहमान की हैट्रिक की बदौलत स्पोर्ट्स कॉलेज ने प्रथम स्व. विजय मित्र द्विवदी (चकई दादा) सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले में विजय मित्र द्विवेदी एकादश को 4-0 से हराया। जमन लाल शर्मा एकादश और मो.शाहिद एकादश के बीच खेला गया मुकाबला बिना गोल के ही खत्म हो गया। किसी भी टीम को गोल दागने में सफलता नहीं मिली।

चंद्र भान गुप्त खेल मैदान पर प्रतियोगिता का उद्घाटन ओलंपियन दानिश मुज्तबा ने किया। इस अवसर पर ओलंपियन सुजीत कुमार के साथ ही अन्य हॉकी खिलाड़ी इमरान उल हक, राकेश टंडन, मुकुल लाल शाह और खुर्शीद अहमद मौजूद रहे।

स्पोर्ट्स कॉलेज और विजय मित्र द्विवेदी एकादश के बीच खेले गये मैच में दोनों टीमों ने शुरुआत से आक्रामक रुख अपना लिया। स्पोर्ट्स कॉलेज को पहली सफलता मिली। पहले क्वार्टर में अब्दुल रहमान ने 9वें मिनट में विजय मित्र एकादश की रक्षापंक्ति को भेद कर शानदार फील्ड गोल किया और टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। वहीं विजय मित्र के खिलाड़ी अपने खेल पर नियंत्रण खो बैठे।

# इंसान के हर अंग में होती है आंख : आचार्य रमाकांत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी के उपलक्ष्य में शुरू हुई 5 दिवसीय भक्तमाल कथा**

**अमृत विचार :** राधा स्नेह दरबार की ओर से अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी के उपलक्ष्य में 5 दिवसीय भक्तमाल कथा गुरुवार को गोमती तट स्थित खाटू श्याम मन्दिर में शुरू हुई। कथा के पहले दिन कथा प्रवक्ता वैष्णवाचार्य रमाकांत गोस्वामी ने संत सूरदास चरित का बखान किया। इसके पहले राधा स्नेह दरबार की अध्यक्ष बिन्दू बोरा के साथ सैकड़ों सखियों ने झूमते गाते भव्य तुलसी शोभा यात्रा निकाली जो बीरबल साहनी मार्ग स्थित पंचमुखी हनुमान मन्दिर से शुरू होकर श्याम मन्दिर पहुंची।

कथा की शुरुआत करते हुए आचार्य रमाकांत गोस्वामी ने कहा कि मनुष्य के पास सिर्फ दो आंखें ही नहीं होती बल्कि उसके हर अंग में आंख होती है, जो नदी में नहाते समय गहराई में जाने से रोकती है, वस्त्रों को छूकर अनुभव करती है, जीभ पर स्वाद की अनुभूति कराती है।

राधा स्नेह दरबार की अध्यक्ष बिन्दू बोरा ने आयोजन से जुड़ी बातें साझा कीं। कथा के दौरान महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान, विधायक डॉ. नीरज बोरा मौजूद रहे।

# सीएसडी की जीत में निखिल और हंटर्ज की जीत में ऋषभ चमके

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**20वीं बाबू बनारसी दास सी डिवीजन प्रतियोगिता**

**अमृत विचार :** 20वीं बाबू बनारसी दास सी डिवीजन के लीग मुकाबलों में गुरुवार को सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी गोमती नगर, लखनऊ हंटर्ज, ग्लोबल स्टार्स क्रिकेट क्लब, आर्यव्रत क्रिकेट अकादमी, एसवाई इंफ्रास्ट्रक्चर और एसएस क्रिकेट क्लब ने अपने मुकाबले जीत कर पूरे अंक बटोरे।

**आर्यव्रत की जीत में चमके निशांत :** निशांत के हरफनमौला खेल की बदौलत आर्यव्रत क्रिकेट अकादमी ने ब्लेज विलो क्रिकेट अकादमी को 6 विकेट से हरा दिया। डीडी गोसाईगंज मैदान पर खेले गये मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुये ब्लेज विलो ने 39.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 206 रन बनाये। वात्सल्य ने 66 रन बनाये। आर्यव्रत की ओर से अथर्व सिंह ने 4, निशांत सिंह और अनुज कुमार ने 3-3 विकेट चटकाये। जवाब में आर्यव्रत ने 36.4 ओवर में 4 विकेट खोकर 208 रन बनाये। आदित्य प्रभु ने 40 और मनोज पटेल ने 46 और निशांत सिंह ने 54 रन बनाये।

**अमर ने दिलाई जीत**

अमर चंद्रा के हरफनमौला खेल की बदौलत ग्लोबल स्टार्स क्रिकेट क्लब ने केवाई स्पोट्र्स क्लब को 7 विकेट से हरा दिया। सूर्या क्रिकेट मैदान पर खेले गए मैच में केवाई क्लब ने सभी विकेट खोकर 203 रन बनाये। जितेंद्र ने 61 रन बनाये। ग्लोबल की ओर से शिवम तिवारी और सत्यम साहू ने 2-2 विकेट चटकाये। जवाब में ग्लोबल स्टार्स ने 3 विकेट खोकर 204 रन बनाये और जीत दर्ज की। अमर चंद्रा ने 59 रनों की पारी खेली। आदर्श कुमार यादव ने नाबाद 76 रन बनाये।

**निखिल ने चटकाये चार विकेट**

मैन ऑफ द मैच निखिल पाण्डेय की शानदार गेंदबाजी की बदौलत सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी गोमती नगर ने अवध स्काई स्पोट्र्स अकादमी को 4 विकेट से हरा दिया। सीएसडी सहारा गोमती नगर मैदान पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए अवध स्काई ने सभी विकेट खोकर 116 रन बनाये। अनंत गुप्ता ने सबसे अधिक 26 रन बनाये। सीएसडी सहारा क्रिकेट की ओर से निखिल पाण्डेय ने 4 विकेट चटकाये। आदित्य सिंह और अनूप कुमार ने 2-2 विकेट चटकाये। जवाब में सीएसडी क्रिकेट अकादमी ने 6 विकेट खोकर 117 रन बनाये और जीत हासिल की। सौरभ यादव ने 35 और सुमित सिंह ने 28 रन बनाये।

**ऋषभ की शानदार गेंदबाजी**

मैन ऑफ द मैच ऋषभ यादव की सटीक गेंदबाजी की बदौलत लखनऊ हंटर्ज ने स्पोट्र्स कॉलेज को 2 विकेट से हरा दिया। स्पोट्र्स कॉलेज मैदान पर खेले गये मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए स्पोट्र्स कॉलेज ने सभी विकेट खोकर 146 रन बनाये। अभिषेक राय ने 51 रन बनाये। लखनऊ हंटर्ज की ओर से ऋषभ यादव ने 3, कृष्णकांत, निखिल के पाण्डेय और कुशाग्र पी सिंह ने 2-2 विकेट चटकाये। जवाब में लखनऊ हंटर्ज ने 8 विकेट खोकर 147 रन बना लिये और जीत दर्ज की। संस्कार ने 50 और सचि ने 23 रन बनाये। स्पोट्र्स कॉलेज के कन्हैया ने 4 विकेट चटकाये लेकिन लखनऊ हंटर्ज को जीत से नहीं रोक सके।

**अभिषेक का शानदार प्रदर्शन:** मैन ऑफ द मैच अभिषेक शर्मा के दमदार प्रदर्शन के दम पर एसवाई इंफ्रास्ट्रक्चर ने लखनऊ क्रिकेट अकादमी को 89 रनों से हरा दिया। इंफ्रास्ट्रक्चर के 303 रनों के जवाब में लखनऊ क्रिकेट अकादमी की टीम सभी विकेट खोकर 214 रन ही बना सकी। विजयी इंफ्रास्ट्रक्चर की ओर से अभिषेक ने 23 रन बनाये और 3 विकेट चटकाये।

**ओम ठाकुर का आतिशी शतक :** एनडीबीजी मैदान पर खेले गये मैच में एसएस क्रिकेट क्लब ने ध्रुव स्पोट्र्स प्रमोशन को 8 विकेट से हरा दिया। मैन ऑफ द मैच ओम ठाकुर ने 112 गेंदों में नाबाद 129 रन बनाये। उन्होंने गेंदबाजों की जमकर धुनाई की और 12 चौके लगाये।

# लखनऊ कनेक्शन से ऑनलाइन जुड़ेंगी महिला फ्लाइट लेफ्टिनेंट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय वायुसेना की पहली महिला फ्लाइट लेफ्टिनेंट मुक्ति श्रीवास्तव शुक्रवार (29 नवम्बर) को लखनऊ कनेक्शन वर्ल्डवाइड के ऑनलाइन कार्यक्रम चकल्लस में आकर्षण का केंद्र होंगी। इस ओहदे पर पहुंचने के लिए उन्होंने जो संघर्ष किया वह युवा लड़कियों के लिए प्रेरणा का सबब बन सकता है।

उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में पैदा हुईं मुक्ति श्रीवास्तव ने बीएससी की पढ़ाई पूरी करते ही अखबार में भारतीय वायुसेना का एक विज्ञापन देखा, जिसमें यातायात नियंत्रण शाखा में महिलाओं को शामिल किये जाने की सूचना दिखाई दी। इस विज्ञापन से उत्साहित मुक्ति ने आवेदन कर दिया। उन्हें चुन भी लिया गया। प्रारम्भिक स्क्रीनिंग और सभी परीक्षाओं में पास होने के बाद उन्हें भारतीय वायुसेना में महिला एटीसी के पहले बैच में शामिल कर लिया गया।

मुक्ति को मिली सफलता की खुशी अचानक से तब गायब हो गई जब उन्हें सेना से पत्र आया कि इन रिक्तियों को सरकार की मंजूरी नहीं मिली है। महिला होने के नाते आपकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जा सकता। उन्होंने अदालत जाने का फैसला किया।



प्रदर्शनी में लगे चित्रों को देखते लोग। अमृत विचार

# शुरू हुई विनय अम्बर के चित्रों की प्रदर्शनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अलीगंज स्थित कला स्रोत आर्ट गैलरी में प्रख्यात चित्रकार विनय अम्बर के चित्रों की प्रदर्शनी बिहाइंड द पीपुल नाम से शुरू हुई। प्रदर्शनी में प्रदर्शित चित्र आधुनिक समय के समकालीन चित्र हैं। कला स्रोत आर्ट गैलरी की क्यूरेटर मानसी ने बताया कि चित्रकार विनय अम्बर ने अमीनाबाद के फुटपाथ पर अपनी एकल प्रदर्शनी लगाकर लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था।

पिछले ढाई दशक से कला साधना में लगे विनय अम्बर ने तमाम सामाजिक और सांस्कृतिक आंदोलनों में भाग लिया। उनकी शुरुआत क्योंकि अखबार से हुई, इसलिए वह अपनी ड्राइंग को प्रिंट की तरह से रचते हैं। देश और दुनिया में मनुष्य के खिलाफ हो रहे संघर्ष उनकी विषयवस्तु का हिस्सा हैं।

इस प्रदर्शनी का उद्घाटन कला एवं शिल्प महाविद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य जयकिशन अग्रवाल ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ कलाकार उमेश कुमार सक्सेना, अनुराग डिडवानिया, मानसी डिडवानिया, अनिल रिसाल सिंह और लक्ष्मीकांत शर्मा आदी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### हसन अख्तर ने दिलाई यूपी टिंबर को जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** हसन अख्तर के हरफनमौला खेल की बदौलत यूपी टिंबर क्रिकेट क्लब ने 20वीं बाबू बनारसी दास लीग मैच में ट्रम्फ क्रिकेट अकादमी को 21 रनों से हरा दिया। डॉ. अखिलेश दास स्टेडियम पर खेले गये मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी टिंबर ने 40 ओवर में 8 विकेट खोकर 210 रन बनाये। करण सिंह ने 62 और हसन अख्तर ने 45 रन बनाये। जवाब में ट्रम्फ की टीम 38.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 189 रन ही बना सकी। आंजनेय सूर्यवंशी ने 8 चौके और 4 छक्कों की सहायता से 64 गेंदों में 84 रनों की पारी खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। यशवर्धन सिंह ने 51 रन बनाये। यूपी टिंबर की ओर से हसन अख्तर ने 5 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। करण सिंह और आतिफ साजिद ने 2-2 विकेट चटकाये।

### छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सेंट जोसेफ स्कूल (बजाज ग्रुप) ठाकुरगंज के तीन दिवसीय खेल समारोह का उद्घाटन समारोह चौक स्टेडियम में हुआ। इसमें लगभग 1000 बच्चों ने भाग लिया। खेलों में वॉलीवाल, क्रिकेट, बास्केटबॉल, खो-खो, कबड्डी एवं बैडमिंटन प्रमुख थे। सभी खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक नये कीर्तिमान स्थापित किए। खिलाड़ियों का जोश देखते ही बनता था। विद्यालय समूह की संस्थापक अध्यक्ष पुष्पलता अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। विद्यालय समूह के प्रबन्ध निदेशिका सीमा अग्रवाल एवं राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे।

### श्रेयसी और पंकज ने दर्ज की जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** बप्पा श्री नारायण वोकेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में कुल 58 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में महिला एकल का किताब श्रेयसी दीक्षित ने और पुरुष एकल का किताब वेदांत पंकज ने जीता। पुरस्कार वितरण समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर संजय मिश्रा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रो. संजीव शुक्ला, प्रो. नरेंद्र कुमार अवस्थी, प्रो. देवेंद्र कुमार गुप्ता, प्रो. ज्योति काला, प्रो. गोविंद कृष्ण मिश्रा, प्रो. वंदना, प्रो. प्रणव कुमार मिश्रा, डॉ. मंजुल त्रिवेदी, स्नेह प्रताप सिंह, डॉ. चंद्रमणि शर्मा, अमृत गोंड, सुबोध अवस्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम के संयोजक डॉ. ललित प्रकाश गुप्ता ने किया।




पुरस्कृत किए गए विजयी खिलाड़ी। अमृत विचार

### यूपी के विकास ने जीता रजत पदक

**अमृत विचार, लखनऊ :** कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट कॉलेज में में खेली जा रही 68वीं राष्ट्रीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महाराष्ट्र ने दबदबा बना लिया है। अंक तालिका में महाराष्ट्र पांच स्वर्ण और दो कांस्य पदक के साथ पहले स्थान पर पहुंच गया है। हरियाणा की टीम दो स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक के दूसरे स्थान पर मौजूद है। माध्यमिक शिक्षा विभाग की देखरेख में आयोजित की जा रही प्रतियोगिता में आज को 3000 मीटर की दौड़ में उत्तर प्रदेश के विकास कुमार ने रजत पदक जीता। आज प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ियों को एमएलसी पवन सिंह चौहान, माध्यमिक शिक्षा सचिव डॉ वेदपति मिश्रा, विशेष सचिव माध्यमिक आलोक कुमार, ओलंपियन जटाशंकर मिश्रा और डीआईओएस राकेश कुमार ने विजेताओं को पदक वितरित किये।

### लखनऊ के लक्ष्य और साक्षी सेमीफाइनल में

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप में लखनऊ के लक्ष्य कुमार और साक्षी तिवारी ने क्रमशः होप्स बालक और कैडेट बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। लक्ष्य ने प्रयागराज के सानिध्य को 11-3, 11-4, 11-9 और साक्षी ने प्रयागराज की अंशिका गुप्ता को 15-13, 9-11, 11-9, 11-8 से शिकस्त दी। यूपी टेबल टेनिस काम्प्लेक्स में गुरुवार से शुरू हुई प्रतियोगिता के होप्स बालक वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में कानपुर के ध्रुवांक ने आगरा के आशीष जैन को 6-11, 11-9, 11-5, 11-9 से हराया। गाजियाबाद के विक्रम दुबे ने कानपुर के मानस को 11-2, 11-6, 11-5 और आगरा के नितेश कुमार ने गाजियाबाद के अनग सुंदरियाल को 9-11, 12-14, 11-5, 11-4, 11-5 से शिकस्त दी। होप्स बालिका वर्ग में प्रयागराज की अंशिका गुप्ता ने दमदार खेल दिखाते हुए आगरा की अनाया जैन को 11-3, 11-3, 11-2 से हराया। गाजियाबाद की अनाया सिंह ने लखनऊ की वर्तिका सिंह 18-16, 11-6, 11-5 को हरा दिया। गाजियाबाद की प्रीषा ने आगरा की इनाया को 8-11, 11-4, 12-10, 11-6 और आगरा की पहल ने कानपुर की परीक्षा को 11-2, 11-5, 11-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के कैडेट बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में गौतमबुद्धनगर के न्याला नासा और गाजियाबाद की अवनीत कौर ने जीत दर्ज की।

# शियों के नरसंहार के विरोध में फूंका पाक का पुतला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** युवा संगठन हैदरी टास्क फोर्स ने गुरुवार को दरगाह हज़रत अब्बास में पाकिस्तान के खिलाफ एक जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास ने किया। उन्होंने पाकिस्तान को आतंकवाद का गढ़ करार दिया और कहा कि वहां शिया मुसलमानों का दशकों से नरसंहार हो रहा है।

यह विरोध प्रदर्शन पाकिस्तान के पाराचिनार में इसी 21 नवम्बर को आतंकवादियों ने 100 से ज्यादा शिया मुसलमानों की बर्बर हत्या कर दी थी। इस घटना के विरोध में आयोजित इस प्रदर्शन से पहले रुस्तम नगर इलाके में एक कैंडल मार्च निकाला गया और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पुतला जलाकर विरोध प्रकट किया गया।

कैंडल मार्च से पहले शहीद हुए शिया मुसलमानों की याद में एक मजलिस का आयोजन किया गया। जिसे मौलाना यासूब अब्बास ने ख़िताब किया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने अपनी क्रूरता की हदें पार करते हुए महिलाओं और बच्चों समेत करीब 100 शिया मुसलमानों को निशाना बनाया। उन्होंने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का हवाला देते हुए कहा कि घायल व्यक्तियों को एम्बुलेंस से बाहर निकालकर उनकी हत्या कर दी गई।

प्रदर्शन में मौजूद शिया धर्मगुरुओं में ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना साएम मेहंदी, मौलाना अनवर हुसैन रिज़वी, मौलाना सैयद मोहम्मद मुस्लिम, मौलाना रज़ा अब्बास और मौलाना अफ़ज़ल रिज़वी नजफी ने संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठनों से पाकिस्तान में शिया मुसलमानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिया मुसलमान 1400 वर्षों से आतंकवाद का सामना कर रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप अब अनिवार्य हो गया है।




दरगाह हज़रत अब्बास पर प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

### कैप्टन आकाश और अमित चुने गए सर्वश्रेष्ठ अधिकारी

**युवा सशस्त्र बलों ने युद्ध चिकित्सा सहायता का प्राप्त किया प्रशिक्षण**

**अमृत विचार, लखनऊ :** नौ सप्ताह के कोर्स में युवा सशस्त्र बलों ने गहन युद्ध चिकित्सा सहायता का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कैप्टन आकाश केएम को पाठ्यक्रम का सर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंड अधिकारी चुना गया और कमांडेंट रोलिंग ट्रॉफी प्रदान की गई। फील्ड इवेंट में सर्वश्रेष्ठ अधिकारी के लिए कैप्टन अमित कुमार को मेजर लैशराम ज्योतिन सिंह, अशोक चक्र मेमोरियल ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। गुरुवार को ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज (ओटीसी), आर्मी मेडिकल कोर सेंटर में मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स (एमओबीसी)-249 का सफल समापन हुआ। नौ सप्ताह तक चले कोर्स में युवा सशस्त्र बलों ने गहन युद्ध चिकित्सा सहायता प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह पाठ्यक्रम सशस्त्र बल चिकित्सा और दंत चिकित्सा अधिकारियों को प्रभावी ढंग से अपने कर्तव्यों का पालन करने और सशक्त बनाने के लिए कराया गया। इसमें त्रिसेवा प्रतिनिधित्व वाली 26 महिला अधिकारी सहित 123 अधिकारी ने प्रतिभाग किया। समापन पर सैन्य परंपराओं के साथ परेड कराई गई। कोर्स समापन परेड की समीक्षा लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिंह, कमांडेंट, एएमसी सेंटर और कॉलेज और प्रभारी अधिकारी एएमसी रिकॉर्ड्स ने की। इस दौरान कैप्टन आकाश केएम को पाठ्यक्रम का सर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंड अधिकारी चुना गया और कमांडेंट रोलिंग ट्रॉफी प्रदान की गई। फील्ड इवेंट में सर्वश्रेष्ठ अधिकारी के लिए कैप्टन अमित कुमार को मेजर लैशराम ज्योतिन सिंह, अशोक चक्र मेमोरियल ट्रॉफी से भी सम्मानित किया गया। जनरल ऑफिसर ने अधिकारियों को ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में दिए गए ज्ञान को लगातार उन्नत करने और आगे बढ़ाने की सलाह दी।

# सांस्कृतिक संध्या में स्टैंड अप कॉमेडी ने दर्शकों को गुदगुदाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** स्मृति उपवन बंग्ला बाजार में आयोजित मां गायत्री जनसेवा संस्थान व नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में गुरुवार शाम आयोजक अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कॉमेडियन जयप्रकाश जिन्हें जूनियर राजू के नाम से जाना जाता है। जयप्रकाश ने बेहतरीन स्टैंड अप कॉमेडी करके दर्शकों को खूब गुदगुदाया और आनंदित किया। डॉ. आरपी सिंह डायरेक्टर एसएन मोंटेसरी स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी गई। फैज एवं जोया ने कहते हैं हमको प्यार से इंडिया वाले, जुगलबंदी डांस कर दर्शकों का मन मोह लिया। स्वाति और वैष्णवी ने बावन गज का दामन, नैना-अंजलि ने ऐसा देश है मेरा, नृत्य कर पंडाल में बैठे दर्शकों को ठुमका लगाने पर मजबूर कर दिया। तमन्ना, शाहिना, नमन, वैस, अभय, जीतू, अनन्या, धीरज, राधिका, रितिका बच्चों ने स्कूल लाइफ पर कॉमेडी ड्रामा प्रस्तुत किया। आंचल, रीना, अनन्या द्वारा करवा चौथ पर कॉमेडी नाटक से खूब ठहाके लगे। स्वरा त्रिपाठी ने मेरी पतली कमर सांवरिया मैं ठाड़ी रहूं, हंसता हुआ नूरानी चेहरा पर डांस करके मंत्रमुग्ध कर दिया।

# नाटक बाप रे बाप ने दर्शकों को खूब हंसाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नाट्य संस्था कृति ने गुरुवार की शाम को संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में नाटक बाप रे बाप का मंचन किया। पद्मश्री केपी सक्सेना द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन सुनील सोनू ने किया।

उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की रसमंच योजना के तहत मंचित किये गए नाटक बाप रे बाप ने दर्शकों को खूब हंसाया। यह नाटक मौजूदा समय के परिवारों में बुजुर्गों के प्रति संवेदनहीनता को दर्शाता है। कहानी में बाबू बद्रीनाथ अपने घर में बेटे विकास, बहू मीनू और नौकर नूरबक्श के साथ रहते हैं। बाबू बद्रीनाथ अचानक से गुम हो जाते हैं। जब पिता वापस घर नहीं लौटते तो सबको लगता है कि पिताजी कहीं भाग गये हैं। आस-पड़ोस और रिश्तेदारों के यहां ढूंढने पर जब उनका पता नहीं चलता तो विकास पुलिस में सूचना देता है। अखबार और रेडियो पर विज्ञापन करवाता हैं। जिसके बाद से फोन कॉल्स और चिट्ठियों का सिलसिला शुरू हो जाता है। क्योंकि पिताजी को ढूंढने वाले को 5 लाख का ईनाम की घोषणा सब जगह पर हो जाती है। इसलिए ढूंढने वालों की संख्या भी बड़ी हो जाती है।



नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

पंडित अनोखेलाल तिवारी इनाम के लालच में एक बाप की शक्ल का आदमी ले आता है, तो पिता के दोस्त फजल चाचा किसी गूंगे को बाप समझकर ले आते हैं जो बिल्कुल बाप की शक्ल का है। अब तिवारी और फजल में बहस शुरू हो जाती हैं कि असली बाप कौन है तभी बद्रीनाथ स्वयं आ जाते हैं, तब सारा भेद खुलकर सामने आता है कि तिवारी पैसे एंठने के चक्कर में जिस को लाते है वो तो बद्रीनाथ के मित्र है। बद्रीनाथ और उनके मित्र ने कालेज में निश्चय किया था कि एक जैसी ही पोशाक और मूछें रखेंगे और फजल चाचा जिसे बाप समझकर लाते हैं वो तो गूंगा निकलता है, जो गरीब होने के कारण पैसों के लालच में आ जाता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

न चोरहार्यं न राजहार्यं न भ्रतृभाज्यं न च भारकारि।
व्यये कृते वर्धति एव नित्यं विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्।।

न चोर चुरा सकता है, न राजा छीन सकता है, न इसका भाइयों के बीच बंट वारा होता है और न ही संभलना कोई भर है। इसलिए खर्च करने से बढ़ने वाला विद्या रुपी धन, सभी धनों से श्रेष्ठ है।

## संपादकीय

# भारत के लिए अवसर

भारत आर्थिक और भूराजनीतिक दृष्टि से बेहतर स्थिति में है और वह चीन प्लस वन की नीति से लाभ उठा सकता है। क्योंकि भारत में तकनीकी विशेषज्ञता का भंडार है। कुशल श्रमिकों का बड़ा पूल है। देश में डिजिटल प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया जा रहा है। साथ ही बुनियादी ढांचे में निवेश किया जा रहा है और उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजनाएं चलाई जा रही हैं। परंतु चीन, ताइवान और वियतनाम की तरह भारत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित नहीं कर पा रहा है। इसकी वजह से घरेलू कंपनियां वैश्विक मूल्य श्रृंखला के साथ एकीकृत नहीं हो पाई हैं। महत्वपूर्ण है कि गुरुवार को पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यन ने कहा कि वैश्विक मूल्य श्रृंखला का हिस्सा नहीं होने से भारत के निर्यात और श्रम-सघन क्षेत्रों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। जबकि विदेशी कंपनियों के चीन से इतर अन्य देशों में भी विनिर्माण इकाइयां लगाने पर जोर देने की 'चीन प्लस वन' नीति से भारत के लिए अवसर पैदा हो रहा है। वास्तव में चीन प्लस वन रणनीति से भारत को कई अवसर मिल सकते हैं।

भारत में बड़ा घरेलू उपभोक्ता बाजार है, जिससे कंपनियों के लिए यहां कारोबार करना आकर्षक हो जाता है। भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर विनिर्माण का केंद्र बनने की क्षमता है। स्मार्टफोन निर्माण और असेंबली पर ध्यान केंद्रित किया जा सकता है। वस्त्र निर्माण, जूते का उत्पादन, दूरसंचार उपकरण, खिलौने और उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्र में भी अवसर हैं। विविधता लाने के इच्छुक कारोबारियों के लिए चीन के मुकाबले भारत एक आकर्षक विकल्प है। चूंकि आज कंपनियां लागत कम करने के बजाय विविधता लाना चाह रही हैं और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना चाह रही हैं इसलिए चीन के अलावा एक अन्य निवेश केंद्र के लिए पर्याप्त अवसर रहेंगे। ऐसे में भारत का प्रारंभिक लक्ष्य होना चाहिए कम प्रौद्योगिकी वाली विनिर्मित वस्तुओं के क्षेत्र में निर्यात बाजार की हिस्सेदारी हासिल करना जो कि लागत के लिहाज से सबसे अधिक संवेदनशील होती हैं। इसके लिए मध्यवर्ती वस्तुओं की शुल्क दर कम करने की आवश्यकता है। साथ ही नए मुक्त व्यापार समझौते करने, श्रम बाजार नियमों को सरल बनाने, बेहतर अधोसंरचना, लॉजिस्टिक लागत में कमी करने तथा अनुकूल निवेश माहौल बनाने की आवश्यकता है। मौजूदा वैश्विक हालात की बात करें तो आर्थिक और भूराजनीतिक दृष्टि से भारत की स्थिति बेहतर है। सरकारी नीतियों को घरेलू मूल्यवर्धन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ताकि मूल्य श्रृंखला में अपनी स्थिति बेहतर की जाए।

# फिर भी गंगा मैली क्यों



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

> कुल मिलाकर विभिन्न नामों से गंगे परियोजनाओं के तहत लगभग 37,550 करोड़ रुपये मंजूर किए गए, लेकिन रिकॉर्ड के अनुसार जून 2024 तक केवल 18,033 करोड़ ही खर्च किए गए। अकेले सीवेज इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की लागत 15,039 करोड़ रुपये है।

आस्था के केंद्र बनारस में गंगा और उससे मिलने वाली सहायक धाराओं वरुणा और असि में पारंपरिक देशी मछलियों का मरना, उनकी संख्या कम होना और इस इलाके में यदा कदा ऐसी विदेशी मछलियों का मिलना जो कि स्थानीय पर्यावरण को खतरा है, दर्शाता है कि नमामि गंगे परियोजना को अभी कागजों से ऊपर उठाकर बहुत कुछ करना है। मछली और जलचर किसी भी जल धारा का प्राण और मानक होती है।

काशी हिन्दू विश्व विद्यालय के प्राणी विभाग के एक ताजा शोध में बताया गया कि कि जानलेवा रसायनों के कारण गंगा, वरुणा और असि नदी में सिंघी और मांगुर समेत कई देसी प्रजातियां विलुप्त हो गई हैं। यह बात बहुत गंभीर है कि मछलियों की प्रजनन क्षमता 80 प्रतिशत तक घट गई है। शोध बताता है कि वैसे तो जो मछली जितनी अधिक वजन की होती है, उसके अंडे उतने ही अधिक होते हैं। एक मछली औसतन तीन से पांच लाख तक अंडे देती है, लेकिन गंगा में अब यह संख्या घटकर 50 से 70 हजार हो गई है। अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण पत्रिका "स्प्रिंगर" और पुणे से प्रकाशित होने वाली भारतीय शोध पत्रिका "डायमेंशन ऑफ लाइफ साइंस एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट" में हाल ही में प्रकाशित शोध पत्र बताता है कि रसायन दवाओं, माइक्रो प्लास्टिक, डिटर्जेंट, कास्मेटिक उत्पाद, पेंट, प्लास्टिक कचरा और रासायनिक खादों में मिलने वाले कि एल्काइल फिनोल और टर्ट-ब्यूटाइल फिनोल समेत कई विषाक्त रसायनों की वजह से गंगा और उसकी सहायक नदियों की मछलियों के अंडे देने की दर में भयानक गिरावट आई है। बीएचयू के प्राणी विज्ञान विभाग के प्रोफेसर राधा चौबे, सहायक प्रोफेसर डॉ. गीता गौतम का शोध बताता है कि रसायनों के कारण मछलियों की भ्रूण में मौत हो रही है।

गंगा देश की संस्कृति की पहचान और मानव विकास की सहयात्री है। इसके संरक्षण के अभी तक किए गए सभी प्रयास अमूर्त ही रहे हैं। वित्त वर्ष 2014-15 से लेकर 2020-2021 तक इस नमामि गंगे योजना के तहत पहले 20 हजार करोड़ रुपये खर्च करने का रोडमैप तैयार किया गया था, जो कि बाद में बढ़ाकर 30 हजार करोड़ रुपये कर दिया गया। वहीं 2022-23 में योजना मद में 2047 करोड़ आवंटित किए गए थे। वित्त वर्ष 2023-24 में 4000 करोड़ रूपए का बजट अनुमान रखा गया। हालांकि आवंटन केवल 2400 करोड़ रूपये का ही किया गया। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 में नमामि गंगे प्रोजेक्ट के फेज दो के लिए 3500 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

> गंगा की सेहत बिहार में भी बहुत खराब है। अभी कार्तिक पूर्णिमा के दौरान पटना में गंगा में ठीक वैसे ही सफेद झाग दिख रहे थे जैसे कि दिल्ली में यमुना में कुख्यात है। यहां दीघा नहर के जरिए कारखानों का रासायनिक जहर आ रहा है, जिससे दीघा-पाटीपुल घाट पर झाग होते हैं।

कुल मिलाकर विभिन्न नामों से गंगे परियोजनाओं के तहत लगभग 37,550 करोड़ रुपये मंजूर किए गए, लेकिन रिकॉर्ड के अनुसार जून 2024 तक केवल 18,033 करोड़ ही खर्च किए गए। अकेले सीवेज इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की लागत 15,039 करोड़ रुपये है। यदि गंभीरता से काम किया जाए तो तंत्र की पहली भूमिका होती कि नदी में कम से कम अपशिष्ट जाए। फिर नदी के किनारे के शहर-कस्बों को नदी एक साथ बेहतर व्यवहार करने की सीख और प्रक्रिया समझाई जाए। दुर्भाग्य है कि समूचा तंत्र अधिक से अधिक एसटीपी लगाने में व्यस्त है। यह बात सरकारी आंकड़े कहते हैं कि इस परियोजना के अंतर्गत गंगा के किनारे स्थित शहरों में सीवर व्यवस्था का दुरुस्त करने, उद्योगों द्वारा बहाए जा रहे अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण के लिए शोधन संयंत्र लगाने, गंगा घाटों पर शौचालय, जैव विविधता को बचाने, गंगा बचाने की सभी पहलुओं पर काम बहुत नहीं हुआ और फिर एसटीपी पर हुए खर्च से क्या गंगा की सेहत सुधरी? बीते एक महीनों के दौरान राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) में हुई कार्यवाही से इसका काला चिट्ठा उजागर हो चुका है। कितना दुर्भाग्य है कि गंगा अपने उद्गम से ही दयनीय हो जाती है। अभी 5 नवंबर 2024 को एनजीटी, उत्तराखंड में प्रस्तुत आंकड़े बताते हैं कि गंगोत्री में एक मिलियन लीटर हर दिन की क्षमता वाले सीवर ट्रीटमेंट प्लांट से लिए गए नमूने में 100 एमएल पानी में फेकल कॉलीफॉर्म की मात्रा 540 पाई गई।

सनद रहे फेकल कॉलीफॉर्म मनुष्यों और जानवरों के मल-मूत्र से निकलने वाले सूक्ष्म जीवाणु से उपजे प्रदूषण को दर्शाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानक के मुताबिक नहाने और आचमन करने लायक पानी की गुणवत्ता का मानक 500 से कम फेकल कॉलीफॉर्म प्रति 100 एमएल होता है। जाहिर है कि गंगोत्री में ही गंगा जल इंसान के इस्तेमाल के लायक नहीं हैं। फिलहाल एनजीटी ने उत्तराखंड के मुख्य सचिव को 13 फरवरी 2025 को विस्तार से रिपोर्ट देने को कहा गया है। एनजीटी के सामने यह भी उजागर हुआ है कि कई हजार करोड़ खर्च कर उत्तराखंड में देहरादून, उत्तरकाशी, पौड़ी, चमोली, हरिद्वार और टिहरी में लगाए गए लगभग 53 सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बेहद कम क्षमता के हैं और यह शहरी गंदगी को साफ करने में असफल हैं।

उत्तर प्रदेश के हालात तो और भी भयावह हैं। एनजीटी के सामने 22 अक्टूबर 2024 को यह स्वीकार करने में किसी को शर्म नहीं आई कि राज्य के लक्षित 326 में से 247 नायलॉन पर गंदे पानी को शुद्ध बनाने की व्यवस्था हो नहीं सकी है और लगभग 3513.16 एमएलडी सीवेज गंगा और सहायक नदियों में निरंतर गिर रहा है। उत्तर प्रदेश एनजीटी के अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ के सामने 6 नवंबर 2024 को तथ्य सामने आए कि गंगा और यमुना के संगम प्रयागराज में निकलने वाले गंदे जल और स्थापित किए गए एसटीपी क्षमता में सीवेज शोधन क्षमता में 128 एमएलडी का फर्क है। यह भी सच है कि कोई भी एसटीपी कभी अपनी पूर्ण क्षमता से तो काम करता नहीं। अर्थात प्रयागराज के कई नाले सीधे गंगा को गंदा कर रहे हैं। यहां 25 नाले बगैर शोधन के गंगा में और 15 यमुना में गिर रहे हैं, जिस अपरियोजन को लेकर इतना प्रचार और खर्च किया गया हो, उसकी जमीनी हकीकत प्रयागराज में दिखती है, जहां महाकुंभ की तैयारी चल रही है और करोड़ों लोग इसी नदी में डुबकी लगाएंगे। इससे नदी में प्रदूषण और बढ़ेगा ही।

गंगा का दर्द उस बनारस में असीम है, जहां से प्रधानमंत्री खुद सांसद है और खुद को गंगा के आमंत्रण पर काशी जाने का उद्घोष करते रहे हैं। इस नगर के आदिकाल से अस्तित्व के मूल कारण गंगा को आंकड़ों और कागजों पर ही निर्मल कर रहे हैं। काशी का प्राण कहे जाने वाली असि और वरुणा नदी की दुर्दशा पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दो याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए 18 नवंबर 2024 को एनजीटी की दो सदस्यीय पीठ ने वाराणसी के जिलाधिकारी से पूछा कि क्या आप गंगा का पानी पी सकते हैं? आप अपने आपको असहाय मत महसूस करिए। जिलाधिकारी हैं आप, अपनी शक्तियों का उपयोग करिए और एनजीटी के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करिए। नदी किनारे बोर्ड लगवा दीजिए कि गंगा जल नहाने और पीने योग्य नहीं है। न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी व विशेषज्ञ सदस्य डॉ. ए. सेंथिल ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि "गंगा का पानी नहाने व पीने योग्य नहीं है" इस बाबत सार्वजनिक सूचना क्यों नहीं लगवा देते?

गंगा की सेहत बिहार में भी बहुत खराब है। अभी कार्तिक पूर्णिमा के दौरान पटना में गंगा में ठीक वैसे ही सफेद झाग दिख रहे थे जैसे कि दिल्ली में यमुना में कुख्यात है। यहां दीघा नहर के जरिए कारखानों का रासायनिक जहर आ रहा है, जिससे दीघा-पाटीपुल घाट पर झाग होते हैं। बिहार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक पटना जिले में ही 507 ऐसे नाले चिन्हित किए गए हैं, जिनका पानी बगैर किसी शोधन के गंगा में जा रहा है। गंगा के कछारी क्षेत्र में कृषि में उपयोग में आने वाले उर्वरकों की मात्रा सौ लाख टन है, जिसका पांच लाख टन बहकर गंगा में मिल जाता है। 1500 टन कीटनाशक भी मिलता है। सैकडों टन रसायन, कारखानों, कपड़ा मिलों, डिस्टलरियों, चमड़ा उद्योग, बूचड़खाने, अस्पताल और सैकड़ों अन्य फैक्टरियों का निकला अपद्रव्य गंगा में मिलता है। 400 करोड़ लीटर अशोधित अपद्रव्य, 900 करोड़ अशोधित गंदा पानी गंगा में मिल जाता है। नगरों और मानवीय क्रियाकलापों से निकली गंदगी नहाने-धोने, पूजा-पूजन सामग्री, मूर्ति विसर्जन और दाह संस्कार से निकला प्रदूषण गंगा में समा जाता है। इन सभी पर नियंत्रण करना कोई कठिन नहीं, लेकिन जटिल जरूर है।

## प्रसंगवश

# क्रांतिवीर शहीद मातादीन

सामाजिक व्यवस्था में अछूत करार दिए गए लोगों की जन्मकुंडली कौन बनाता होगा और माता-पिता भी अशिक्षित हो तो तिथियों से नहीं प्रतीकों से जन्म की बात बताते होंगे। मातादीन की तिथि इसीलिए प्रमाणिक मानी गई, क्योंकि वे अंग्रेजी राज में सेना में हवलदार थे तो जन्मतिथी लिखी गई होगी। चाहें तथ्यों पर आधारित हो या प्रतीकों पर, लेकिन 29 नवंबर 1825 उनकी जन्मतिथि है।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में बंगाल रेजिमेंट में बंदूकों में जो कारतूस प्रयोग किए जाते थे, उनमें पशुओं की चर्बी लगी होती थी। कारतूस की टोपी को मुंह से खोलना होता था। 29 मार्च 1857 को उनके नेतृत्व में 84 भारतीय सैनिकों ने ऐसे कारतूसों के उपयोग का बहिष्कार कर दिया, क्योंकि चर्बी गाय और सूअर के मांस की होती थी। अंग्रेजों ने उन सभी 84 सैनिकों को विद्रोही घोषित कर फांसी की सजा सुनाई। फांसी पर झूलने वाले हिन्दू-मुसलमान दोनों थे, जिनमें मातादीन वाल्मीकि भी थे तब वाल्मीकि प्रयोग नहीं होता था। वो दौर था जब निम्न जातियों को हिन्दू धर्म व्यवस्था पढ़ने का अधिकार नहीं देती थी, लेकिन उनमें अंग्रेजी फौज के निकट होने के कारण अनुशासन, संयम, स्वाभिमान के साथ पहलवानी का शौक भी था। मातादीन मल्ल कला में दक्षता हासिल करना चाहते थे।

नीची जात का होने के कारण किसी उस्ताद ने उन्हें अपना शागिर्द नहीं बनाया। वे जिस उस्ताद के पास गए निराश ही वापिस आए। फिर जिस तरह द्रोणाचार्य के पास से एकलव्य वापिस आए थे, बिन तीरंदाजी सीखे, आखिर उनकी इच्छा की पूर्ति एक खलीफा ने पूरी की, जिनका नाम इस्लाउद्दीन था। वे पलटन नंबर 70 में बैंड बजाते थे। खलीफा ने उन्हें मल्ल युद्ध का माहिर खिलाड़ी बनाया। इसी मल्ल युद्ध के कारण उनकी दोस्ती मंगल पाण्डेय से हुई। मंगल पाण्डेय उनके मजबूत शरीर और बेहतरीन प्रदर्शन से खुश हुए थे। वतन परस्ती के कारण मातादीन और मंगल पांडेय दोनों को फांसी हुई।

# निर्वाचन प्रणाली की विडंबना



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> बैलट पेपर से चुनाव हो या मशीन से, मूल समस्या वह नहीं है। समस्या यह है कि पूरी मशीनरी में जंग लगी है।

पुराने लोगों को तो याद ही है कि पहले केंद्र और राज्य के चुनाव एक साथ ही होते थे। एक जमाने तक कई पंचवर्षी चुनाव एक साथ ही हुए और होते रहे, लेकिन जब से दलबदल और विधायकों की खरीद बिक्री चालू हो गई। (हरियाणा में आयाराम गयाराम बहुत चर्चित हुआ।) तब से विधानसभाएं कार्यकाल से पहले ही समाप्त होने लगीं, कई बार लोकसभा के भी मध्यावधि चुनाव हुए। इसमें जनता का तो कोई दोष था नहीं, यह राजनेताओं का खेल था।

खेल अभी भी चल रहा है। इसीलिए चुनाव भी कहीं न कहीं चलते रहते हैं। खेल राजनीति का है। यहां बात राजनेताओं के आचरण की है और उनको चंदा देकर सत्ता की नीतियों को प्रभावित करने वाले कॉरपोरेट घरानों के निहित स्वार्थ की है। चुनावों में अरबों-खरबों रुपये खर्च कौन कर रहा है? इससे भी बड़ी बात है निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता और स्वतंत्रता की। टीएन शेषन ने पार्टियों के खेल पर अंकुश लगाया, तब से सत्ता दलों ने आयोग के अधिकार को ही कुंद कर दिया। अब तो निर्वाचन आयोग का ही निर्वाचन सरकार करती है। ठीक इसी प्रकार चुनाव-सुधार की बात है।

बैलट पेपर से चुनाव हो या मशीन से, मूल समस्या वह नहीं है। समस्या यह है कि पूरी मशीनरी में जंग लगी है। कितने दिनों से चुनाव सुधार संबंधित समितियों और आयोगों की रिपोर्ट धूल खा रही हैं? एक चुनाव की बात के साथ आयोगों-समितियों की रिपोर्टों और सिफारिशों पर भी तो ध्यान दिया जाना उतना ही जरूरी है, जैसे निर्वाचन के खर्चों में भारी कमी करना, धनबल, माफिया, मीडिया के वर्चस्व को समाप्त करना। आपराधिक छवि के लोगों को चुनाव लड़ने से रोकना, उनकी सदस्यता समाप्त करना। उम्मीदवार के चयन में जनता की भागीदारी सुनिश्चित करना। प्रत्येक दल में आंतरिक लोकतंत्र सुनिश्चित करना। राजनैतिक दलों पर नियमन के लिए कानून बनाना। उनके आय-व्यय को सार्वजनिक करना, ऑडिट करना। निर्वाचन आयोग को और अधिक सशक्त बनाना, ताकि वह गड़बड़ करने वाले दलों का पंजीकरण और मान्यता रद्द कर सके।

यदि कोई राजनैतिक दल चुनाव सुधार की निरंतर प्रक्रिया की जरूरत नहीं समझता तो उसे लोकतंत्र के मार्ग की बाधा ही माना जाना चाहिए।

यह देश की निर्वाचन प्रणाली की विडंबना है कि 33 प्रतिशत मत पाकर कोई राजनैतिक दल शेष 67 प्रतिशत जनता पर भी शासन करने का अधिकार पा जाता है। आम चुनाव के समय नेता लोग चुनाव सभाओं में जो कहते हैं, उसको सुनकर जनता उनको वोट करती है। वे जनता से जो सीधा संवाद करते हैं, वह सबको अपील करता है, उसे लेकर जनता के बीच भी बहस होती है। इसलिए उस समय के उनके वक्तव्य उनके लिए बाध्यकारी होने चाहिए। यह लोकतंत्र का आधार है। चुनाव के बाद जब वे चुनकर आ जाते हैं, फिर यदि वे कहते हैं कि यह तो जुमलेबाजी थी, तो यह लोकतंत्र का उपहास है। यह बात किसी एक दल की नहीं है, सभी की बात है।

निर्वाचन आयोग हो या सर्वोच्च न्यायालय या और कोई संस्था, यदि वह उन शब्दों को उस नेता और दल के लिए बाध्यकारी बनाए तो यह लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए अच्छा होगा। हम राजनैतिक प्रणाली, दलगत व्यवस्था, दल के नेतृत्व, चुनाव का खर्च, निर्वाचन की प्रक्रिया, निर्वाचन आयोग की भूमिका आदि को अलग करके वोटर की भूमिका का निर्धारण नहीं कर सकते। वोट देना एक क्षणिक प्रक्रिया है। यदि हम उस क्षणिक प्रक्रिया को संपन्न करके फिर उसी वोटर को बाकी निर्णयों से अलग कर देते हैं, यह छल है। राजनैतिक प्रणाली और निर्वाचन प्रक्रिया कोई ईश्वरीय तो है नहीं, जिसमें संशोधन न किया जा सके, लेकिन ऐसा होता नहीं। क्यों? इसलिए कि जिस सीढ़ी को लगाकर वह आदमी छत पर चढ़ गया, उसने छत पर चढ़कर यह सोचा कि कोई दूसरा न आए, उसने सीढ़ी को क्षतिग्रस्त किया। दल जीत गए और जनता हार गई। आजादी के बाद कितनी ही बार चुनाव हुए और हर बार उस सीढ़ी को क्षतिग्रस्त किया गया। सीढ़ी क्षतिग्रस्त है।

एक देश एक चुनाव की बात गलत नहीं है, किंतु बात किसी दल की नहीं, लोकतंत्र को सबल बनाने की है। निष्कर्ष के रूप में एक देश एक चुनाव में कोई बुराई नहीं है, बुराई इस प्रणाली में है, जिस पर समग्रता से विचार किया जाए और लोकतंत्र को मजबूत बनाया जाए।

## सोशल फोरम

# सादगी के रास्ते में दिखावा बड़ी बाधा

सादगी का दिखावा भी उतना ही फूहड़ है, जितना वैभव का दिखावा। कोई भी बात, जो सादी है, तो सादी ही रहनी चाहिए। जैसे आप बहुत ही सादगी के कपड़े पहनते हैं। पहनते हैं तो पहनिए, उस पर सादगी का ही यकीन भी रखिए।



हफीज किदवई
लेखक

यह प्रचारित करने की जरूरत नहीं है कि आप सादगी भरे कपड़े पहने हैं। प्रचारित करते ही आप भी उसी जगह होते हैं, जहां तड़क-भड़क वाले कपड़े पहनने वाले खड़े होते हैं। वह अपनी तड़क-भड़क बेच रहा और आप सादगी। इससे अंतर कम हो जाता है। कुछ लोग हमें मिलते हैं, कहते हैं कि शादियां वगैरह बहुत सादी होनी चाहिए। बिल्कुल मेरा मानना है कि बहुत ही सादगी से कम खर्च में कीजिए। मगर यह जिस वक्त हो रहा हो, तब आपके दिल में यह नहीं आना चाहिए कि मेरी सादगी प्रचारित भी हो।

सादगी तो सबसे पहले प्रचार से ही मारी जाती है। मेरे बहुत से जानने वाले तमाम तड़क-भड़क से दूर हैं। मगर न वह ऐसा किसी से करने को कहते हैं और न ही खुद को यह कहते हुए आगे करते हैं कि वह बहुत सादा मिजाज हैं। सादगी आखिर यही तो होती है कि आपको दूसरे की प्रतिक्रिया का फर्क नही पड़ता, क्योंकि आप उसे देखते ही नहीं है। देखते हो नहीं हैं का मतलब है कि आपकी उधर नजर ही नही जाती। आप अपने हिसाब से चलते हैं, रचते हैं और चलते जाते हैं। कोई आपको देखे या न देखे। कोई आपसे सीखे या न सीखे।

सयाने कह गए हैं कि सादगी बहुत बड़ी चीज है। सबके बस की है भी नहीं। प्रचार की भूख जब जेब पर भारी पड़ती है, तो कोई भी सादगी की उंगली पकड़ सकता है। असल तो वही है, जिसके कपड़े ही सादा नही हों, बल्कि मिजाज बड़ा सादा हो। हीरे, जवाहरात के गहनों से लदे सादगी भरे लोग हमने देखे हैं। फटे कुर्ते- पैजामे में गैर सादा लोग भी हमने देखें हैं। इसलिए सादगी के रास्ते में दिखावे को सबसे बड़ी बाधा मानते हैं और जानते हैं, सादगी बहुत बड़ी चीज है।

**-फेसबुक वॉल से**

# सड़क हादसों की वजह तेज गति

> एक्सप्रेस-वे पर जो गाड़ियां एक टोल से दूसरे टोल तक समय सीमा से पहले पहुंचती हैं, उन पर अधिक टोल दंड के रूप में लगना चाहिए। शायद इससे कुछ स्थिति नियंत्रण में हो सके।

नियमित रूप से हो रही सड़क दुर्घटनाएं और उसमें हो रही असमय मृत्यु का एक बड़ा कारण है, तेज गति। भारत में सबसे तेज एक्सप्रेस-वे पर भी स्पीड लिमिट 100 किमी प्रति घंटा है, लेकिन आधुनिक कार और कमर्शियल वाहन भी 100-150 की स्पीड या उससे अधिक तक चलाए जाते हैं। कमर्शियल वाहनों की स्पीड लिमिट 80 किमी है और उनमें स्पीड गवर्नर भी लगा होता है, लेकिन उन्हें हटा दिया जाता है।



धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

अच्छी रोड पर न चाहते हुए भी कार की स्पीड कब 120 से ऊपर हो जाती पता ही नहीं चलता है और कार पर से नियंत्रण खो जाता है। खराब रोड सेंस के कारण सावधानी हटते ही दुर्घटना हो जाती है। भारत में लेन ड्राइविंग सेंस भी न के बराबर है। भारी वाहन जो सड़क के सबसे बायीं ओर चलने चाहिए वह सबसे दायीं ओर चलते हैं, जिससे राइट हैंड ड्राइव कारों को ओवरटेक में बहुत मुश्किल होती है। परिवहन मंत्रालय को यह करना चाहिए कि वाहन निर्माताओं पर अंकुश लगवाये और कोई भी कार की स्पीड 120-150 से और कमर्शियल वाहन की 80-100 से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

एक्सप्रेस-वे पर जो गाड़ियां एक टोल से दूसरे टोल तक समय सीमा से पहले पहुंचती हैं, उन पर अधिक टोल दंड के रूप में लगना चाहिए। शायद इससे कुछ स्थिति नियंत्रण में हो सके।

# अदानी प्रकरण



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

> आरोपों के अनुसार दोनों कंपनियों ने के डायरेक्टर्स ने अहमदाबाद में मीटिंग कर 2000 करोड़ रुपये रिश्वत देकर राज्य सरकारों द्वारा विद्युत खरीदे जाने का उपरोक्त एग्रीमेंट कराया। अगस्त 2022 में गौतम अडानी स्वयं तत्कालीन मुख्यमंत्री आंध्र प्रदेश से मिले थे।

सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया सौर ऊर्जा के उत्पादकों को प्रोत्साहित करती है और इन उत्पादकों से लंबी अवधि के अनुबंध के आधार पर विद्युत क्रय करके राज्यों व विद्युत वितरण कंपनियों को बेचती है। पिछले बारह-चौदह वर्षों में इस कॉरपोरेशन ने उपरोक्त मॉडल पर विद्युत उत्पादन मे आशातीत सफलता प्राप्त की है। विद्युत दर अधिक होने के कारण सोलर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया को खरीदार मिलने में कठिनाई हो रही थी।

वर्ष 2019-20 में अदानी ग्रीन पावर व एज्योर पावर का इस कॉरपोरेशन से अनुबंध हुआ, जिसके अनुसार एज्यूर पावर व अडानी पावर को आने वाले वर्षों में क्रमशः चार व आठ गीगावॉट विद्युत फिक्स्ड रेट पर सोलर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया को बेचने का ठेका मिला। इस अनुबंध के अनुसार एज्योर पावर कंपनी ने इस सौदे में अगले बीस साल में लगभग दो बिलियन शुद्ध लाभ होना कैलकुलेट किया था। कुछ समय बाद वर्ष 2022 में आंध्र, तमिलनाडु, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ और जम्मू कश्मीर राज्यों ने सोलर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से विद्युत खरीदने का अनुबंध किया। आरोप है कि लगभग दो हजार करोड़ रुपये रिश्वत के रूप में खर्च करके अदानी ग्रीन व एज्यूर कंपनी ने इन राज्यों का सोलर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से विद्युत क्रय करने का यह अनुबंध कराया है और खरीदार हासिल कराने की अंडरस्टैंडिंग पर ही इन दोनों कंपनियों को सोलर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से ठेका मिला था। तत्कालीन आंध्र सरकार ने बाजार में उपलब्ध विद्युत दर से लगभग पचास पैसे प्रति यूनिट अधिक की दर से यह विद्युत खरीदने का अनुबंध किया है। एज्योर कंपनी अमेरिकी स्टाक मार्केट में लिस्टेड बताई जाती है और अडानी ग्रीन में भी अमेरिकी नागरिकों का इनवेस्टमेंट है। स्टाक मार्केट पर नियंत्रण रखने वाली अमेरिकी संस्था अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग हर उस कंपनी पर नजर रखती है, जिसमें अमेरिकी नागरिक व वहां की संस्थाओं का पैसा लगा है। अमेरिका के यफसीपीए (फॉरेन करप्ट प्रैक्टिसेज एक्ट) के अनुसार शेयर बाजार में किसी प्रकार की धोखाधड़ी एक अपराध है। आरोपों के अनुसार दोनों कंपनियों ने के डायरेक्टर्स ने अहमदाबाद में मीटिंग कर 2000 करोड़ रुपये रिश्वत देकर राज्य सरकारों द्वारा विद्युत खरीदे जाने का उपरोक्त एग्रीमेंट कराया। अगस्त 2022 में गौतम अडानी स्वयं तत्कालीन मुख्यमंत्री आंध्र प्रदेश से मिले थे। अमेरिकी एजेंसिया पहले से इस मामले की जांच कर रही थीं। अदानी के भतीजे सागर अदानी के यूयस स्थित कार्यालय में जांच एजेंसी यफबीआई ने सर्च वारंट के साथ 17 मार्च 2023 को तलाशी ली। अन्य अभिलेखों के साथ उनके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को भी जब्त किया था, जिसमें महत्वपूर्ण साक्ष्य होने की बात कही जाती है। संपूर्ण मामले में यफबीआई ने क्रिमिनल केस व सिक्योरिटीज कमीशन ने सिविल केस अमेरिकी कोर्ट में दायर किया है।

## आपका पत्र

# अखबार से प्रेम

बचपन से अखबार का लगाव रहा है। बरेली से जब मात्र एक अखबार छपता था और वो भी दस पैसे का, तब से अखबार पढ़ रहा हूं। दरअसल अखबार पढ़ने की जिज्ञासा अब नई पीढ़ी में बहुत कम रह गई है, लेकिन हमारी पीढ़ी के अधिकांश लोगों में खबरों को लेकर हमेशा जिज्ञासा रही है।

अखबार प्रेम की कड़ियां जोड़ने की कोशिश करूं तो आज भी सुबह-सुबह 6 बजे से अखबार वाले हॉकर का इंतजार शुरू हो जाता है। उसके पहले एक या दो ई-अखबार नेट पर पढ़ चुका होता हूं। दरअसल अखबार पढ़ने का शौक मेरी पत्नी को भी है। अगर सोकर देर से उठा तो पत्नी अखबारों की सुर्खियां बतानी शुरू कर देती है। जाड़ा, गर्मी, बरसात हमारे अखबार वाले भैया लगभग 6 बजे अखबार देने आ जाते हैं। जाड़े के मौसम में मैं उनसे पूछ ही लेता हूं कि भाई इतनी जल्दी कैसे आ जाते हो, तो वो बस एक प्यारी से मुस्कान देकर चले जाते हैं। यह मेरा अखबार प्रेम ही है, जो वर्षों पुरानी अखबारों की कटिंग सहेजी हुई हैं। टीवी के युग में भी अखबारों की लोकप्रियता कम नहीं हुई है। सभी जानते हैं कि अखबारों को किसी भी खबर की सत्यता परखने का समय अधिक मिलता है। इसलिए उनकी विश्ववसनियता अधिक होती है। वैसे भी अखबार एक छपा हुआ डॉक्यूमेंट है, जिसे बदला नहीं जा सकता, जबकि टीवी के समाचार विवादित या भ्रामक होने पर कभी भी हटाए जा सकते हैं। वैसे जो खबरें टीवी पर दिन में देख चुके होते हैं, उन्हें अगले दिन अखबार में पढ़ने की जिज्ञासा बनी रहती है।

मेरा मानना है कि अखबार ज्यादा इनपुट से भरे होते हैं। अखबारों से लगाव अब इतना अधिक हो गया है कि स्थानीय अखबारों के बाद नेशनल अखबार भी सर्च कर पढ़ने में दिलचस्पी हो गई है। हमारे एक मित्र ने इसके लिए एक ग्रुप बना दिया है, जहां देश भर के प्रमुख ई अखबार शेयर होते रहते हैं। अखबार के साथ-साथ अखबारों के संपादकों और वरिष्ठ तथा युवा पत्रकारों से भी लगाव रहता है। अखबारों के प्रति यह अगाध प्रेम और लगाव यूं ही नहीं है। इससे समकालीन और सामयिक विषयों की जानकारी मिलती है। नया जानने की ललक और समय भी अच्छा व्यतीत हो जाता है।

**- संजीव मेहरोत्रा**, बरेली

## एक नजर

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर सेमिनार आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में सेमिनार का आयोजन किया गया। कॉलेज के वाणिज्य विभाग, समाजशास्त्र विभाग और शारीरिक शिक्षा विभाग के संयुक्त सहयोग से इसका आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में सदफ खान ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। कॉलेज के सभी शिक्षक इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे और उन्होंने इस पहल की सराहना की। सेमिनार में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एआई से संबंधित अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए।

### शैक्षणिक यात्रा पर एकेटीयू आए 9वीं और 10वीं के छात्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में राजकीय हाई स्कूल मोहनिया पिसावां, सीतापुर से छात्रों का दल पहुंचा। इस दौरान लेक्चर और किताब के डेली रूटीन से अलग बच्चे जब प्रयोगशाला पहुंचे तो उनकी आंखें चमक उठीं। बच्चे प्रयोगशाला के विभिन्न हिस्सों को बड़ी गंभीरता से देख रहे थे। हर एक चीज की जानकारी बारीकी से पूछ रहे थे। इस दौरान बच्चों ने एआई लैब, थ्री डी प्रिंटिंग लैब, गूगल कोडिंग लैब, रोबोटिक्स, इंडस्ट्रीयल ऑटोमेशन लैब, एआई लैब, साइबर सिक्योरिटी लैब, कैरेक्टराइजेशन नैनो लैब आदि का निरीक्षण किया।

### नहीं पहुंची बरात, दूल्हा लापता, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट इलाके के एक गेस्ट हाउस में गुरुवार देर शाम तक वधू पक्ष वाले बरात का इंतजार करते रहे। काफी समय बीतने के बाद भी बरात नहीं पहुंची। काफी इंतजार के बाद लड़की वालों ने जब वर पक्ष को फोन किया तो पता चला कि दूल्हा लापता हो गया है। यह सुनकर वधू पक्ष के लोग वर के वजीरगंज थाना क्षेत्र स्थित घर पहुंचे। वहां लड़के के पिता ने बताया कि बेटा दोपहर में कपड़े लेने जाने की बात कहकर घर से बाजार गया था। उसके बाद से नहीं लौटा। इसके बाद दोनों पक्ष के लोग कोतवाली पहुंचे। वहां लड़के के पिता ने बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई।

# बिजली कनेक्शन कटने पर फैलाई मां की मौत की अफवाह

## मामले की जांच के लिए विभाग ने दिया शिकायती पत्र, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों की होगी जांच

संवाददाता, पीजीआई



मां आशा देवी



विशाल

**अमृत विचार :** बिजली बिल के बकाये पर कनेक्शन कटने से नाराज एक व्यक्ति ने यूट्यूबर की मदद से बुधवार को अपनी मां के मरने की खबर सोशल मीडिया पर फैला दी। वीडियो के वायरल होते ही बिजली विभाग में हड़कंप मच गया। इसके बाद आनन-फानन में विभाग की ओर से उसके कनेक्शन को जोड़ दिया गया। देर रात पूरे मामले की जांच के लिए मौके पर पहुंची बिजली विभाग की टीम को मां के जीवित होने की खबर मिली। गुरुवार को विभागीय कार्रवाई से बचने के लिए बेटे के साथ पहुंची मां ने अधिशासी अभियंता से पूरे मामले पर माफी मांगते हुए कोई कार्रवाई न करने की अपील की। वहीं विभाग की छवि को धूमिल करने के लिए यूट्यूबर सुखपाल सिंह और विशाल के खिलाफ अवर अभियंता ने पीजीआई थाने में शिकायती पत्र दिया है, मामला अभी दर्ज नहीं किया गया है।

**पूरा परिवार हुआ बदनाम :** विशाल ने बताया कि बुधवार को वह कनेक्शन कटने के बाद पावर हाउस तीन हजार की चेक लेकर गया था। इसी दौरान उसे एक व्यक्ति मिला, जिसने सलाह दी कि यदि वह मां की मौत की सूचना दे दे तो शायद उसका कनेक्शन जुड़ जाये। मैंने उसकी बात को गंभीरता से लिया और ऐसी बात कैमरे के सामने बोल दी। विशाल का कहना है कि उसकी छोटी सी गलती से पूरा परिवार बदनाम हो गया।

### 6 हजार 957 रुपये का बिल था बकाया

वृंदावन कॉलोनी के सेक्टर- 6 बाबू बिहार कॉलोनी में रहने वाले सेवानिवृत्त रेलवे कर्मी की पत्नी आशा देवी के नाम पर घर का बिजली कनेक्शन है। कई महीनों से बिल जमा न हो पाने के कारण 6 हज़ार 957 रुपये का बिल बकाया हो गया था। इसके चलते बिजली विभाग ने बुधवार को कनेक्शन काट दिया। कनेक्शन कटने से नाराज होकर बेटे विशाल वृंदावन पावर हाउस पहुंचा, तो मौके पर मौजूद यूट्यूबर की ओर से सोशल मीडिया पर सुबह मां के मृत हो जाने के बाद भी कनेक्शन काटने की कार्रवाई के वीडियो को वायरल कर दिया गया। वीडियो में विशाल की ओर से मां का शव अस्पताल से घर लेकर पहुंचने के बाद भी बिजली विभाग की ओर से उसी समय कनेक्शन काट देने की बात कही जा रही है।

### वीडियो वायरल होते ही जोड़ दिया कनेक्शन

विशाल का वीडियो सोशल मीडिया और एक्स पर वायरल होते ही विभाग के आलाधिकारियों ने कनेक्शन को जोड़ने का आदेश जारी कर दिया। इसके बाद तुरंत कनेक्शन को जोड़ दिया गया। वहीं देर रात मामले की जांच करने निकले बिजली अधिकारियों को विशाल की ओर से अपनी मां की मौत की झूठी कहानी की जानकारी हुई, तो विभाग की ओर से विभाग को बदनाम करने की साजिश रचने के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही गई।

### बिजली विभाग को दिया गया माफीनामा

वृंदावन के अधिशासी अभियंता अमित आनंद ने बताया कि उपभोक्ता फर्जी वीडियो के जरिये अपनी मां के मृत हो जाने की अफवाह फैलाई। गुरुवार को उपभोक्ता आशा देवी बेटे विशाल और उनकी बहू की ओर से पूरे मामले को लेकर लिखित माफी मांगी गई है। वहीं आशा देवी की ओर से बेटे के इस कृत्य के लिए उसको फटकार भी लगाई गई है। फिलहाल वीडियो वायरल होने के बाद ही उनके घर की बिजली कनेक्शन को जोड़ दिया गया था। विशाल की ओर से तरफ से तीन हजार रुपये का चेक बिजली विभाग को दिया गया है।

# फौजी की पत्नी ने दर्ज कराई छेड़छाड़ की रिपोर्ट

**अमृत विचार, पीजीआई :** पीजीआई थाना क्षेत्र के तेलीबाग में रहने वाली फौजी की पत्नी ने पीजीआई थाने में गुरुवार को छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि उसका पति श्रीनगर में तैनात है। आरोप है कि मोहल्ले में रहने वाला विनित उर्फ सूरज शर्मा एक साल से आए दिन उसके साथ अभद्रता करता है। यही नहीं मनबढ़ लड़को को बुलाकर ईंट पत्थर भी चलाता है। और पीड़िता का पीछा कर छेड़छाड़ करता है। हाल ही में जब उसने लड़के बुलाकर महिला और उसके बच्चे को रास्ते में रोककर उसने जान से मारने की धमकी दी तो महिला ने गुरुवार को पीजीआई थाने में मुकदमा दर्ज कराया।


**अदालती नोटिस**

हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप बअदालत न्यायालय श्रीमान् प्रथम अपर जिला जज, लखनऊ

प्रकीर्ण वाद संख्या—12/2024

ता0पेशी—10.12.2024

रामप्यारी आयु लगभग 52 वर्ष पत्नी श्री विश्वनाथ निवासी—ग्राम अनौरा, पर0 बिजनौर, तह0 व थाना सरोजनी नगर, जिला—लखनऊ —अपीलार्थिनी/वादिनी

बनाम

1—विश्वनाथ आयु लगभग 53 वर्ष पुत्र स्व0 कुशहर निवासी—ग्राम अनौरा, पर0 बिजनौर, तह0 व थाना सरोजनी नगर, जिला—लखनऊ
2—श्रीमती परविन्दर कौर बालिग पत्नी श्री सर्वजीत सिंह निवासी—राजा फर्नीचर्स, निकट पावरहाउस चौराहा, आशियाना, लखनऊ
3—श्रीमती सुजाता गौतम बालिग पत्नी डॉ0 बलवीर सिंह निवासी—एफ—152, इन्द्रलोक, मानस नगर, लखनऊ — विपक्षीगण

चूंकि उपरोक्त नामांकित—अपीलार्थिनी/वादिनी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा—5 परिसीमा अधिनियम सम्बन्धित सिविल अपील अंतर्गत धारा—96 सी0पी0सी0 हेतु। अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 10.12.2024 के दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 07.09.2024 के दिवस को दिखायी गयी। दस्तखत हाकिम—मोहर अदालत


# चिटफंड घोटाले में पांच गिरफ्तार

## बाराबंकी पुलिस ने दो दिनों में 30 से अधिक ठिकानों पर दी दबिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ ईडी की सख्ती के बाद पुलिस ने कसा शिकंजा

**अमृत विचार :** एलयूसीसी चिटफंड कंपनी ने निवेशकों के हजारों करोड़ रुपये हड़प लिये। बाराबंकी पुलिस ने इस कंपनी से जुड़े जिला प्रभारी, तीन प्रबंधक और एक कलेक्शन एजेंट को गिरफ्तार किया है। उनके पास से काफी मात्रा में दस्तावेज बरामद किये हैं। कंपनी का संचालक समीर अग्रवाल दुबई में ठिकाना बना लिया। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय सख्ती शुरू कर दी है। इसी बीच यूपी पुलिस ने भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एसपी चिरंजीवी नाथ सिन्हा ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में फतेहपुर के इब्राहिमपुर निवासी जिला प्रभारी संजीव कुमार वर्मा, सफदरगंज के भवानीपुर निवासी प्रबंधक स्वामी दयाल मिश्रा, जैदपुर के मुरलीगंज का रामशरण वर्मा, अहमदपुर का मनोज कुमार मौर्य और बदोसराय के बरौलिया निवासी कलेक्शन एजेंट रामनरेश वर्मा शामिल हैं। पूछताछ में सामने आया कि जमुनिया नाला के पास रहने वाले उत्तम सिंह राजपूत बाराबंकी का काम देखते थे। उत्तम की पत्नी माया कंपनी की कोषाध्यक्ष हैं। आलापुर के दिनेश कुमार सिंह, भवानीपुर सफदरगंज के अखिलेश मिश्रा, अहमदनगर जैदपुर के संतोष मिश्रा कंपनी के महत्वपूर्ण पदों पर हैं। आरोपियों के पास से 33 पासबुक, पांच बांड पेपर, दो लग्जरी गाड़ियां बरामद की गईं।

एसपी ने बताया कि द लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थिफ्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के नाम से फर्जी कंपनी बनाई गई। बाराबंकी में इस कंपनी से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ अब तक 10 मामले दर्ज हैं।

**समीर से सीधे संपर्क में था संजीव :** एसपी चिरंजीवी नाथ सिन्हा के मुताबिक बाराबंकी जिले का प्रभारी संजीव कुमार वर्मा कंपनी के सीएमडी समीर अग्रवाल से सीधे संपर्क है। उसकी समीर से दुबई में लगातार बातचीत हो रही थी। उसके निर्देश पर वह लगातार कंपनी के एजेंटों के जरिये खाते खुलवाकर रकम निवेश करा रहा था। इस कंपनी के कई अन्य लोगों के बारे में जानकारी मिली है। जल्द ही उनको भी गिरफ्तार किया जाएगा।

### ललितपुर में ईडी जुटा रही दस्तावेज

एलयूसीसी कंपनी के फर्जीवाड़े की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक टीम ललितपुर में डेरा डाल दिया है। वहां वादकारियों के बयान दर्ज कराये हैं। वहीं, जरूरी दस्तावेज जुटा रही है। ललितपुर में भी इस कंपनी के कई आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। कंपनी के मुख्य संचालक समीर अग्रवाल और निवेशकों से धन जुटाने वालों के बारे में जानकारी जुटा रही है। मुख्य संचालक समीर अग्रवाल ने निवेश हुए रकम को फर्जी कंपनियां बनाकर रियल एस्टेट में निवेश किया था। ईडी इस लेन-देन की जांच कर रही है। आरोपियों की सूची तैयार कर ली गई है। जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ करने की तैयारी ईडी कर रही है।

# पर्यटक ही हमारे लिए होंगे ब्रांड एंबेसडर : जयवीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्रदेश की अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने में पर्यटन विभाग की तैयारियों की मंत्री ने की समीक्षा



**अमृत विचार :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि हर पर्यटक को देवतुल्य मानकर आतिथ्य-सत्कार करें, ताकि वह लौटकर उप्र. की प्रशंसा करें। यही पर्यटक हमारे लिए ब्रांड एंबेसडर का कार्य करेंगे।

पर्यटन मंत्री, गुरुवार को पर्यटन भवन में प्रदेश की अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने में पर्यटन विभाग की तैयारियों की समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में उन्होंने कहा कि यह आवश्यक नहीं कि घूमने आए सभी लोग बहुत धनी हों। ऐसे में हमें पर्यटकों के प्रति बेहद विनम्र व्यवहार रखना चाहिए। चाहे टैक्सी ड्राइवर, कुली, नाविक हों या दुकानदार, होटल संचालक सभी लोग जो किराया या सामान के मूल्य, जो स्थानीय लोगों से लेते हैं वही उन पर्यटकों से लें।

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों से जानकारियां इकट्ठा करें कि वहां आने वाले पर्यटक किस देश-प्रदेश से संबंध रखते हैं। इस हिसाब से हम वे साइट एमेनिटीज विकसित कर सकते हैं। उनके स्थानीय व्यंजनों को हम यहां उपलब्ध कराएंगे। बैठक में विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया, एमडी यूपीएसटीडीसी सान्या छाबड़ा, निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**ई—निविदा सूचना सं.—या/301/इज्जत/24—25/ओ.टी.—28**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न लिखित कार्य के लिए, निविदा पत्र में अंकित योग्यता मापदण्डो के अनुसार ई—निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। क्रम सं. —1, कार्य का संक्षिप्त विवरण : यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर एवं/अथवा सी एंडडब्लू डिपो, इज्जतनगर डिवीजन में एलएचबी एसी कोचों के लिए एफआरपी आरएमपीयू ट्रफ की स्ट्रिपिंग के साथ स्टेनलेस स्टील ट्रफ असेंबली और ड्रेन पाइप व्यवस्था की आपूर्ति और फिटमेंट (स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार) 02 वर्ष की अवधि के लिए। अनुमानित मूल्य (रु० में): रू. 7035591.00 (रूपये सत्तर लाख पैंतीस हजार पांच सौ इक्यानवे रूपये मात्र), जमानत राशि (रु० में) : ₹ 140700.00 (रूपये एक लाख चालीस हजार सात सौ रूपये मात्र), निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु०) : शून्य, कार्य अवधि : 02 वर्ष, निविदा खुलने की तिथि व समय : दिनांक 19.12.2024 को 15:10 बजे। **नोट: 1—** उपरोक्त ई—निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 27.11.2024 को समय 17:00 बजे से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर टेंडर खुलने की तिथि 19.12.2024 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है। **2—** उपरोक्त निविदा में ई—बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T. Act 2000 के अंतर्गत C.C.A. द्वारा जारी क्लास—III डिजिटज हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3—** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित आनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4—** ई—निविदा हेतु धरोहर राशि ई—भुगतान नेट बैंकिंग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी।

**उप मुयांइ/उत्पादन, यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर**

**मुजाधि/यॉंत्रिक — 84**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


## सार-संक्षेप



प्रियंका गांधी के संसद में शपथ ग्रहण को लेकर खुशी मनाते कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता।

### प्रियंका गांधी के संसद में शपथ ग्रहण पर मनाया जश्न

**अमृत विचार, लखनऊ :** केरल की वायनाड सीट से नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के संसद में शपथ ग्रहण को लेकर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में नेताओं व कार्यकर्ताओं ने खुशियां मनाईं। एक-दूसरे को गुलाब का फूल देने के साथ ही मिठाइयां बांटी और पटाखे फोड़े। शपथ ग्रहण का सजीव प्रसारण देखने के लिए प्रदेश मुख्यालय में एलसीडी का इंतजाम का किया गया था। इस अवसर पर कार्यालय परिसर में प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह ने पौधरोपण किया। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि प्रियंका गांधी का संसद पहुंचना कांग्रेस के पुनरुत्थान में महत्वपूर्ण कदम है। वह देश के आम आदमी के हक और अधिकार के लिए कार्य करेंगी। कांग्रेस प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की छवि के तौर पर प्रियंका गांधी का संसद पहुंचना देश की राजनीति में महिलाओं की बढ़ती ताकत व प्रभाव का प्रतीक है। जश्न के दौरान पार्टी मुख्यालय में पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, शहर अध्यक्ष डॉ शहजाद आलम, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनस रहमान, सिद्धिश्री, सुशीला शर्मा, राजेश सिंह काली, नितांत सिंह, रुद्रदमन सिंह बबलू, कैप्टन वंशीधर मिश्रा आदि मौजूद रहे।



चौ. चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते विधायक मिथलेश पाल और अनिल दुबे।

### मीरापुर विधायक का रालोद कार्यालय में हुआ स्वागत

**अमृत विचार, लखनऊ :** रालोद कार्यालय में विधानसभा उप चुनाव में मीरापुर से नव निर्वाचित विधायक मिथिलेश पाल का गुरुवार को प्रथम आगमन पर स्वागत किया गया। मिथलेश पाल ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और अपनी जीत का श्रेय चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को दिया। उन्होंने कहा कि चौधरी अजित सिंह नीतियों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के कुशल नेतृत्व से विजय मिली है। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने फूल-माला देकर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विधायक मिथिलेश पाल की जीत से महिला सशक्तिकरण को बल मिलेगा। इस मौके पर आदित्य विक्रम सिंह, अम्बुज पटेल, बीएल प्रेमी, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, अंकुर सक्सेना व आमिर साबरी आदि मौजूद रहे।

### इंटीग्रल विश्वविद्यालय और बीबीडी के छात्र पहुंचे फाइनल में

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में चल रहे खेलों के महाकुंभ संस्कृति सुरभि के तीसरे दिन भी छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में तृतीय दिवस हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। खेलों में तीसरे दिन फुटबाल, बास्केटबाल, फेस प्रिंटिंग, टीशर्ट प्रिंटिंग, रंगोली सहित अनेक प्रतिस्पर्धाएं हुईं। खेल परिसर में चल रही बास्केटबाल प्रतियोगिता में लड़कों में इंटीग्रल विश्वविद्यालय व बाबू बनारसीदास की टीमें फाइनल में पहुंचीं। कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में केकेसी की टीम प्रथम व बीबीडी की टीम रनर-अप रही। जबकि लड़कों में सिटी लॉ कॉलेज की टीम ने प्रथम स्थान व टीम नगर निगम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वालीबाल मैच के फ़ाइनल में प्रथम स्थान लखनऊ विश्वविद्यालय की लॉ फैकल्टी प्रथम व बीडीडी की टीम द्वितीय स्थान पर रही। लड़कियों में बीबीडी की टीम प्रथम व लखनऊ विश्वविद्यालय ओल्ड कैम्पस की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

# क्रेडिट बैंक को लेकर लविवि ने शुरू की पहल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

> छात्रों को इससे काफी लाभ होता है। इससे उनका समय और परिश्रम की बचत होती है। इसे लेकर ही क्रेडिट बैंक बनाया जा रहा है।
> —प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रवक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय

**अमृत विचार :** छात्रों को एक से दूसरे संस्थान जाने पर उनके क्रेडिट भी ट्रांसफर हो जाएंगे। बीच की पढ़ाई छोड़ने वाले छात्रों को अब उनका समय भी बचेगा और आगे की पढ़ाई भी जारी रहेगी। नई शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत सरकार के निर्देश के अनुसार लखनऊ विश्वविद्यालय ने अकेदमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के लिए प्रो. गीतांजली मिश्रा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार एप्रेंटिशिप इंबेडेड डिग्री प्रोग्राम के लिए प्रो. अनूप भारतीय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नई शिक्षा नीति को लागू करने के बाद लखनऊ विश्वविद्याल पहली बार छात्रों का क्रेडिट बैंक तैयार करेगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक पाठयक्रमों में सेमेस्टर और क्रेडिट योजना लागू किया गया है। करीब चार वर्ष बाद लखनऊ विश्वविद्यालय का पहला बैच नई शिक्षा नीति के तहत अपनी पढ़ाई पूरी कर निकलने को भी तैयार है। सेमेस्टर और क्रेडिट को लेकर शुरू में छात्रों में भ्रम की स्थिति थी लेकिन अब वह दूर हो चुकी है। यही कारण है कि विश्वविद्यालय में छात्रों का प्रवेश साल दर साल बढ़ता गया है। यहां तक कि 76 देशों के 18 हजार छात्रों ने भी विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में आवेदन किया है। जबकि विश्वविद्यालय में कुल छात्रों की संख्या लगभग 20 हजार है।

# रोडवेज बस ड्राइवर बनने की कतार में खड़े नजर आए ग्रेजुएट बेरोजगार

## विभूतिखंड रोडवेज वर्कशाप में दो दिवसीय रोजगार मेला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



रोजगार मेले में बस चालक की भर्ती के लिए आवेदकों की लगी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार :** राज्य सड़क परिवहन निगम की ओर से गुरुवार को गोमतीनगर के विभूतिखंड रोडवेज वर्कशाप में दो दिवसीय रोजगार मेला शुरू हुआ। इस मेले में परास्नातक, स्नातक कर चुके बेरोजगार कक्षा-8 पास रोडवेज बस ड्राइवर बनने की कतार में खड़े नजर आए। यह नजारा गुरुवार को परिवहन निगम की ओर से रोजगार मेले में दिखा। मेले में संविदा पर 200 बस चालकों की भर्ती के लिए मेले का आयोजन किया है।

इस मेले में दूरदराज से 50 से अधिक लोगों ने बस ड्राइवर बनने के लिए पंजीकरण कराया। इनमें से छह लोगों के आवेदन निरस्त कर दिए गए। बाकी लोगों को ड्राइविंग टेस्ट कराकर नियुक्ति पत्र बांटे गए। जहां दो हजार रुपये प्रतिभूति जमा करके विभिन्न डिपो में तैनाती की गई। एआरएम अरविंद कुमार ने बताया कि दो दिवसीय रोजगार मेले के पहले दिन काफी संख्या में लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराए हैं। यह मेला शुक्रवार को भी लगेगा। इन नये चालकों को प्रशिक्षण देकर कुंभ मेले में भेजी जाने वाली बसों में संचालन तैनाती दी जाएगी।

# एनआरएमयू को एकल यूनियन मान्यता में लाने की अपील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रेलवे में यूनियन की मान्यता के लिए चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। 4, 5 व 6 दिसंबर को होने वाले चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को सवारी डिब्बा कारखाना आलमबाग के गेट पर कर्मचारियों की आम सभा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में महामंत्री एआईआरएफ, एनआरएमयू शिवगोपाल मिश्रा मौजूद रहे। महामंत्री के स्वागत और सम्मान में माला और शाल भेंट किया गया। शिव गोपाल मिश्रा ने अपने संबोधन में इस चुनाव में एनआरएमयू को एकल यूनियन में लाने की अपील की और कहा कि एकल यूनियन मान्यता में आती है तो रेल कर्मचारियों की सभी मांग जल्द से जल्द सरकार और रेलवे बोर्ड से लड़कर दिलवाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनपीएस के लिए एक लंबे संघर्ष के बाद यूपीएस, जिसमें गारंटीड पेंशन, फैमिली पेंशन, महंगाई राहत भत्ता दिलवाने का कार्य किया गया है। अभी जो भी कमियां रह गई हैं, उसको पूरा कराया जाएगा। एनआरएमयू विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय कोषाध्यक्ष प्रवीणा सिंह समेत यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बिना स्वेटर स्कूल जाने को मजबूर बच्चे : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में बच्चों की निर्मम हत्याएं हो रही हैं, उनके तन ढंकने की जरा भी फिक्र नहीं है। गरीबों को कहीं सिर छुपाने की जगह नहीं मिल रही है। बंगलों में जिंदगी जीने वाले मंत्रियों को जमीनी हकीकत का अंदाजा कैसे हो सकता है?

सपा प्रमुख ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि इन दिनों शुरू हो गई ठंड में बिना स्वेटर और जूते-मोजे के स्कूल जाने को नौनिहाल मजबूर है। बढ़ती ठंड में बच्चे ठिठुरते हुए स्कूल जा रहे है। लगातार गिरते तापमान के बावजूद शासन स्तर से बच्चों के स्वेटर और जूते-मोजे की खरीद के लिए धनराशि जारी नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में रैन बसेरों का इंतजाम अभी तक नहीं हो पाया है।

# ऊर्जा निगमों के निजीकरण पर प्रबंधन व कर्मियों में बढ़ा टकराव

## नई कंपनियां बनने से कार्मिकों की सेवा-शर्तें नहीं होंगी प्रभावित : कॉरपोरेशन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण प्रक्रिया पर उप्र. पावर कॉरपोरेशन व कार्मिक संगठनों के बीच टकराव बढ़ गया है। कॉरपोरेशन प्रबंधन का कहना है कि कंपनियां बनने से कार्मिकों की सेवा-शर्तें प्रभावित नहीं होंगी, जबकि कर्मचारी संगठनों ने कर्मियों की छंटनी की आशंका जाहिर की है।

कॉरपोरेशन स्तर पर गुरुवार को हुई चर्चा में तय किया गया कि ऊर्जा सुधार के दौरान समझौते में अधिकारियों-कर्मचारियों की सेवा-शर्तों, वेतन, प्रोन्नति व टाइम स्केल आदि के बारे में स्पष्ट प्रावधान किया जाएगा, ताकि उनके हितों को कोई नुकसान न होने पाए। उपभोक्ताओं को भी बेहतर सेवाएं दी जा सकें। इसके लिए नई कंपनियों का चेयरमैन शासन के अधिकारी को रखने का प्रावधान किया जाएगा। नई कंपनी व निजी पार्टनर इस समझौते के तहत कार्य कर सकेंगे। नई कंपनियां बनने पर अधिकारियों व कर्मचारियों का हित सुरक्षित रहेगा। सेवा शर्तें, सेवानिवृत्ति लाभ आदि में कोई घटोतरी नहीं होगी। अधिकारी कर्मचारियों को कई विकल्प दिए जाएंगे। इसमें तैनाती वाले स्थान पर बने रहने, दूसरे वितरण निगमों में स्थानांतरित होने, आकर्षक पैकेज लेने व प्रस्तावित कंपनी में कर्मियों को भागीदारी देने का विकल्प होगा। प्रदेश सरकार नई कंपनी में उनको हिस्सेदारी देने पर भी विचार करेगी।

### निजीकरण स्वीकार नहीं करेंगे बिजली कर्मी : संघर्ष समिति

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने कहा कि सेवा शर्तों को लेकर प्रबंधन गुमराह कर रहा है। बिजली कर्मी निजीकरण कतई स्वीकार नहीं करेंगे। समिति ने कहा कि निगमों के निजीकरण से कर्मचारियों के लगभग 68 हजार पद समाप्त हो जाएंगे। इन कर्मचारियों की छंटनी होगी। संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारियों राजीव सिंह, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय, महेन्द्र राय, सुहैल आबिद, पीके दीक्षित, राजेंद्र घिल्डियाल आदि ने आरोप लगाया कि अरबों-खरबों रुपये की बिजली कंपनियों की परिसंपत्तियां कौड़ियों के मोल बेची जा रही है, जबकि पावर कॉरपोरेशन निजीकरण न होने व निजी क्षेत्र की सिर्फ भागीदारी होने का गलत तर्क दे रहा है।

### संविदा बिजली कर्मी करेंगे सत्याग्रह

विद्युत संविदा मज़दूर संगठन उप्र ने नई बिजली कंपनियां बनाने की कार्रवाई को रोकने की मांग करते हुए प्रदेश के हर जिले में सत्याग्रह किए जाने का फैसला लिया है। इस सिलसिले में संगठन की ओर से पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन को नोटिस दी गई। संगठन के संरक्षक आरएस राय व विमल चन्द्र पांडेय ने बताया कि प्रबंधन से हुई वार्ता में संगठन ने निजीकरण प्रक्रिया का स्पष्ट विरोध दर्ज करा दिया है।

### आरक्षित वर्ग के कर्मियों ने जताया विरोध

उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन से जुड़े आरक्षित वर्ग के कर्मियों ने निजीकरण प्रक्रिया पर कड़ा विरोध करते हुए कहा कि इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि आरक्षण संवैधानिक अधिकार है, इसके साथ कोई भी खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**रुचि प्रकटन सूचना**

भारत के राष्टष्पति की ओर से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पूर्वोत्तर रेलवे गोण्डा की तरफ से उप मण्डलीय चिकित्सालय पूर्वोत्तर रेलवे गोण्डा हेतु निम्न कार्य हेतु दिनांक 23.12.2024 को समय 14:30 बजे तक दवाओं की आपूर्ति के रेट कॉन्ट्रेक्ट फॉर वेन्डर रजिस्ट्रेशन कार्य हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। जिसका विवरण निम्नवत है। **सूचना संख्या: 2024-Med/180/1/LP/2024 Dt. 19.10.2024; कार्य का नाम:** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पूर्वोत्तर रेलवे, गोण्डा के अधीनस्थ मेडिसिन (जेनरिक एण्ड एथिकल ब्रान्डेड) (अदर दैन नारकोटिक्स) सेरा (ए.टी.एस. एवं ए.डी.एस.) एण्ड वैक्सीन, सर्जिकल एण्ड ऑर्थोपेडिक आइटम्स एण्ड कन्जुमेबल, पैथालॉजिकल रीजेंट, किट्स, एण्ड कन्जुमेबल, अदर हॉस्पिटल कन्जुमेबल लाइक एक्स—रे आइटम्स एवं प्लेट्स/कैसेट्स, डेन्टल आइटम्स, ई०सी०जी० रोल, फर्स्ट एड आइटम्स, डायलिसिस कन्जुमेबल सी.ए.पी.डी. फ्लूड्स, हीमोडायलिसिस फ्लूड्स, ऑप्थलमिक आइटम्स एण्ड कन्जुमेबल, सूचर्समद एवं नार्कोटिक्स दवा की आपूर्ति उप मण्डलीय चिकित्सालय गोण्डा में करने के लिये उप मण्डलीय चिकित्सालय, पूर्वोत्तर रेलवे गोण्डा के नजदीक रूट 10 किमी० दूरी के अन्दर आने वाले डिस्ट्रीब्यूटर्स/केमिस्ट प्रतिष्ठानों/वेन्डर्स का रेट कॉन्ट्रेक्ट करने का कार्य। **कार्य का औसत मासिक टर्न ओवर:** उप मण्डलीय चिकित्सालय पू.उ.रे. गोण्डा ₹80000/-(रुपये अस्सी हजार मात्र) प्रति माह दवा हेतु; **पंजीकरण की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिए; **पंजीकरण हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि और खुलने की तिथि:** रेट कॉन्ट्रेक्ट हेतु आवेदन पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर प्रकाशन की तिथि से आवेदन कर सकते हैं। प्राप्त ऑफर दिनांक 23.12.2024 को अपरान्ह 15:00 बजे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पूर्वोत्तर रेलवे, गोण्डा के कार्यालय में खोले जायेंगे। यदि ऑफर खुलने के दिन अवकाश होता है, तो ऑफर अगले कार्य दिवस में दिये गये निर्धारित समय पर खोला जायेगा; **पूर्वोत्तर रेलवे वेबसाईट: www.ireps.gov.in** पब्लिकेशन की तिथि से; **पंजीकरण हेतु आवेदन प्राप्त करने का विवरण:** पंजीकरण का पूर्ण विवरण व आवेदन पत्र पूर्वोत्तर रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है; **कार्य की कुल लागत:** ₹19,20,000/- (रुपये उन्नीस लाख बीस हजार मात्र); **अर्नेस्ट मनी:** ₹19,200/- (रुपये उन्नीस हजार दो सौ मात्र)।

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक गोण्डा**

**मुजाधि/विविध—22**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# सुलतानपुर: कोर्ट परिसर में हत्यारोपी पर हमले का प्रयास

## छात्र के अपहरण और हत्या मामले में 5 को जेल

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार**: छात्र ओसामा हत्याकांड के मुख्य आरोपी को उसके घर वालों के साथ पुलिस ने गुरुवार को कोर्ट में पेश किया। इस दौरान न्यायालय कक्ष के बाहर हत्या से नाराज कुछ लोगों ने हत्यारोपी पर हमले का प्रयास किया पर पुलिस ने उसे बचा लिया। सुरक्षा घेरे के बीच कोतवाली नगर पुलिस ने आरोपी आसिफ व उसके घर वालों को अदालत में पेश किया। जहां से उन सभी को 11 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

कोतवाली नगर के गांधीनगर मोहल्ले में आसिफ ने सोमवार को पड़ोसी व्यापारी शकील के पुत्र ओसामा (11) का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी थी। घरवालों से पांच लाख की फिरौती मांगी थी।

### छीनी गई मोबाइल से मांग रहा था फिरौती

कोतवाल नारदमुनि सिंह के मुताबिक मंगलवार को दिन में आसिफ ने भुलकी बाईपास के पास एक ई-रिक्शा चालक से काल करने के लिए मोबाइल मांगा और फिर बाइक से भाग निकला। उसके बाद उसी दिन उसने बाईपास के पास ही धम्मौर के एक दिव्यांग का मोबाइल छीन लिया, जिसका मुकदमा कोतवाली देहात में दर्ज है। इन्हीं दोनों नंबरों से वह फिरौती मांग रहा था। कॉल करने के तुरंत बाद वह मोबाइल स्विच ऑफ कर देता था। उसने फिरौती की आखिरी कॉल अपने घर के पास से की थी, तभी पुलिस ने गांधी नगर मोहल्ले को खंगालना शुरू किया।

पुलिस ने आरोपी आसिफ को बुधवार को उसके घर से पकड़ा था। उसी के कमरे में अपहृत ओसामा का शव मिला था। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी आसिफ, उसके पिता ताज मोहम्मद, चाचा सलीम, चाची रिजवाना व बहन शबनम को कोर्ट में पेश किया। इस दौरान न्यायालय कक्ष जाते समय आक्रोशित लोगों ने उस पर हमले का प्रयास किया तो पुलिस उसे किसी तरह से बचाते हुए न्यायालय कक्ष में ले गई। सीजेएम नवनीत सिंह ने सभी आरोपियों को 11 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। दूसरी ओर, जिले में छात्र की हुई निर्मम हत्या को लेकर कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना से मिला। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेसी जिलाधिकारी दफ्तर पहुंचे। जहां जिलाधिकारी के माध्यम से सात सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री को भेजा और हत्या में सम्मिलित सभी दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

## अंतरराष्ट्रीय क्रोनोमेडिसिन पर 3 दिनी कांफ्रेंस आज से

**अयोध्या कार्यालय अमृत विचार**: अयोध्या में पहली बार होने जा रही 10वीं अंतरराष्ट्रीय क्रोनोमेडिसिन-2024 तीन दिवसीय कांफ्रेंस का आज शुक्रवार सुबह 10 बजे से राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज गंजा के मल्टीपर्पज हॉल में आरंभ होगा। इसमें शामिल होने के लिए विदेशों से चिकित्सक पहुंच चुके हैं। कांफ्रेंस में क्रोनोमेडिसिन के जनक डॉ. नर सिंह वर्मा भी शामिल होंगे।मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर व आयोजन के सचिव डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया क्रोनोमेडिसिन मानव स्वास्थ्य व बीमारी को समझने के लिए एक अनुशासन है। कांफ्रेंस में हर दिन अलग-अलग विषयों पर बात होगी। एमएलबी भट्ट के वाइस चांसलर पद्मश्री प्रो.डॉ. कमलाकर त्रिपाठी,प्रो. डॉ. अनुज महेश्वरी, बीएचयू डायरेक्टर प्रो. डॉ. एन एस शंखवार, एम्स के डायरेक्टर प्रो.डॉ. अजय सिंह भी शामिल होंगे। इसके अलावा अयोध्या, लखनऊ, सुल्तानपुर, प्रयागराज, गोंडा से लगभग 300 चिकित्सक मौजूद रहेंगे।

# केके स्पन को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश

- मुख्य सचिव ने अमृत योजना से सीवर कार्य में लापरवाही पर जताई नाराजगी

संवाददाता, रायबरेली



रायबरेली में अमृत योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

**अमृत विचार**। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने गुरुवार को अमृत योजना से शहर में चल रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यदायी संस्था केके स्पन द्वारा निर्धारित समय में कार्य पूरा नहीं करने समेत कई शिकायतें मिलने पर मातहतों को जमकर फटकार लगाई। साथ ही जिलाधिकारी को कार्यदायी संस्था केके स्पन इंडिया लिमिटेड को ब्लैक लिस्टेड करने का निर्देश दिया।

मुख्य सचिव अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान अमृत योजनान्तर्गत निर्मित गोडवा गदियानी स्थित सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट (18 एमएलडी क्षमता, एसबीआर तकनीक आधारित) का निरीक्षण किया। मुख्य सचिव ने सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट पर निर्मित प्रशासनिक भवन के मीटिंग हाल में योजना के मुख्य पहलुओं के बारे में जानकारी हासिल की। मुख्य सचिव को बताया गया कि मुख्य अभियन्ता (लखनऊ क्षेत्र) उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) लखनऊ द्वारा 18 एमएलडी क्षमता के एसटीपी का निर्माण मेसर्स घारपुरे एण्ड कान्स्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड पुणे द्वारा वर्ष 2022 में पूर्ण कर दिसम्बर-2023 में नगर पालिका परिषद, रायबरेली को हस्तान्तरित किया गया है। सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लांट की ब्रान्च सीवर लाइनों के कार्य मेसर्स केके स्पन इण्डिया लिमिटेड, फरीदाबाद द्वारा कराया जा रहा है। इसकी लागत 168 करोड़ है, जिसके अंतर्गत 178 किमी सीवर लाइन बिछाया जाना प्रस्तावित है। मुख्य सचिव को बताया गया कि अब तक 110 किमी सीवर लाइन के कार्य किया जा चुका है। लक्ष्य को पूर्ण करने के सापेक्ष 14 किमी सीवर लाइन बिछाया जाना शेष है, जिसमें चार किमी सीवर लाइन ट्रेन्चलेस विधि से किया जाना अपरिहार्य है।इसी दौरान विधायक, सदर द्वारा अवगत कराया गया कि विधान सभा क्षेत्र सदर में लगभग 10 किमी सड़क पुर्नस्थापना का कार्य शेष है। इस पर मुख्य सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि मेसर्स केके स्पन इण्डिया लिमिटेड के विरूद्ध अनुबन्ध के आलेख में ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही कराते हुये अवशेष कार्य के लिए अग्रिम कार्यवाही करायी जाये।

## दबंगों ने प्रधान पति को मारी गोली

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार**। जिलाधिकारी से सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत करना प्रधानपति को भारी पड़ गया। बृहस्पतिवार की भोर में बेखौफ दबंगों ने घर में घुसकर प्रधानपति को गोली मार दी। गंभीर हालत में प्रधानपति को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मामला डलमऊ तहसील के रंजीतपुर लोनारी गांव है, जहां स्वाती कुमारी पत्नी दिनेश कुमार ग्राम प्रधान है। वर्तमान में दिनेश सुल्तानपुर में चकबंदी लेखपाल कर पद पर कार्यरत है। गांव में होलिका दहन के लिए सुरक्षित सरकारी जमीन पर गांव के ही कुछ दबंगों ने कब्जा कर लिया है, जिसको लेकर प्रधान पति दिनेश कुमार ने कई बार डलमऊ तहसील से जिलाधिकारी कार्यालय तक शिकायती पत्र दिए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। भदोखर थानाध्यक्ष दयानंद तिवारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# अयोध्या से गोंडा-बहराइच और सिद्धार्थनगर मार्ग होगा फोरलेन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार**: अयोध्या से गोंडा-बहराइच और सिद्धार्थनगर से बहराइच मार्ग फोरलेन बनेगा। पूर्वांचल विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने गुरुवार को आयुक्त सभागार में आयोजित पूर्वांचल विकास बोर्ड की बैठक में इसका प्रस्ताव बनाने का निर्देश दिया। बैठक में अयोध्या के ग्रामीण क्षेत्र और पूर्वांचल के विभिन्न जिलों में विकास को लेकर चर्चा हुई। कई अन्य मुद्दे भी उठे। जनप्रतिनिधियों ने अपने विकास से जुड़े प्रस्तावों को सौंपा। उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने बैठक और पत्रकार वार्ता में बताया कि पूर्वांचल के आठ मंडलों और 28 जिलों के विकास के लिए बोर्ड का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अयोध्या धाम का समग्र विकास किया जा रहा है। इसके साथ अयोध्या के ग्रामीणांचल का भी विकास किया जाना है। उन्होंने निर्देश दिया कि बेहतर योजना बनाकर अयोध्या के ग्रामीण अंचलों का भी विकास किया जाए। बैठक में बोर्ड के सदस्यों ने पर्यटन विकास, पशुपालन, शिक्षा, सड़क निर्माण, मत्स्य, आवास आवंटन, आपदा प्रबन्धन, नलकूप, कृषि, चिकित्सा, जल संरक्षण, महिला समूह जैसे बिंदुओं पर सुझाव दिया।

# प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के पहले मनेगा प्राकट्य उत्सव

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार**: रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरा होने पर राम मंदिर में वार्षिक उत्सव के कार्यक्रम होंगे। इसके 10 दिन पहले श्रीरामलला का 76 वां प्राकट्य उत्सव मनाया जायेगा। श्रीराम जन्मभूमि सेवा समिति के द्वारा नौ दिवसीय कार्यक्रम के साथ इस आयोजन को भी भव्यता दी जाएगी। जिसमें रामलला के गर्भगृह में 25 दिसंबर को कलश स्थापना के बाद धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न होंगे। इसके साथ 2 जनवरी को भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो राम कोट की परिक्रमा करेंगी।



राम मंदिर में विराजमान श्री रामलला।

- 25 दिसम्बर को गर्भगृह में होगी कलश स्थापना व धार्मिक अनुष्ठान

1949 में पौष शुक्ल तृतीया को राम जन्मभूमि परिसर में भगवान श्रीरामलला का प्राकट्य हुआ था। इस दौरान बाबा अभिराम दास के द्वारा भगवान के मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा किया गया था। जिसके बाद से प्रत्येक वर्ष श्रीराम जन्मभूमि सेवा समिति प्राकट्य महोत्सव मनाती है। 1992 की घटना के बाद कानूनी बंदिशों का हवाला देते हुए राम जन्मभूमि परिसर के अंदर कार्यक्रम के आयोजन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। समिति मंदिर के बाहर ही इस आयोजन को मनाती थी। अब इस वर्ष भी इस आयोजन को करने की तैयारी है। जिसमें पहली बार स्थाई राम मंदिर में कलश को स्थापित किया जायेगा।

### छह दिसंबर को छह मंदिरों से निकलेगी राम बारात

**अयोध्या कार्यालय,अमृत विचार** : श्रीराम विवाह महोत्सव अयोध्या में धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी है। यहां छह से अधिक मंदिरों से 6 दिसंबर की देर शाम श्रीराम की भव्य बारात निकाली जाएगी। जानकी उपासक जानकी महल और रंग महल मंदिर से भी वर पक्ष के तरफ बारात निकलेगी। बारात नगर भ्रमण कर मंदिर पहुंचेगी। जहां कन्या पक्ष द्वारा स्वागत और फिर अन्य कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। अयोध्या में माता सीता के जानकी महल व रंग महल उपासक मंदिर है। जहां भगवान श्रीराम का बारात पहुंचेगी और सनातन परंपरा के अनुसार हिंदू परंपरा से इस विवाह महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। अयोध्या के राम कोट क्षेत्र स्थित माता सीता के उपासक मंदिर रंग महल में जनक नंदनी माता सीता के पक्ष को लेकर तैयारी की जा रही है। हल्दी रस्म, मेहंदी रस्म के साथ हिंदू रिवाज में होने वाले अन्य सभी रस्मों का कार्य किया जा रहा है। सुंदर विवाह मंडप भी सजाया जा रहा है। मंदिर से निकलकर बारात रंग महल पहुंचेगी।

# दलों को धरातल पर करना होगा काम : राकेश टिकैत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:



**अमृत विचार**। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने गुरुवार को शहर कोतवाली अंतर्गत न्यू नगर पालिका मार्केट में संगठन की यूथ विंग के जिला कार्यालय का उद्घाटन किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि भाकियू का यूथ संगठन हमारी विचारधारा को आगे बढ़ाने का काम करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि किसान आंदोलन ने किसानों की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती दी। पार्लियामेंट के सेशन में अब किसानों का जिक्र होता है। यह किसान आंदोलन की ही देन है। राजनीतिक पार्टियों को धरातल पर काम करना होगा। सिर्फ बयानबाजी से किसानों का भला नहीं होगा।

राकेश टिकैत ने कहा कि अगर वह अपनी नीतियों पर काम करे तो कई समस्याओं का समाधान हो सकता है। एमएसपी गारंटी कानून अभी तक लागू नहीं हुआ है। जिसका नुकसान किसानों को हो रहा है। देशभर में इस मुद्दे पर बैठकें और पंचायतें हो रही हैं।

# डीजीपी की फोटो लगा व्हाट्सएप कॉल से ठगी करने की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार** : जिले में साइबर क्राइम का एक मामला सामने आया है। जिसमें अज्ञात व्यक्ति ने एक व्यापारी को व्हाट्सएप कॉल कर खुद को पुलिस अधिकारी बताया और बेटे को दिल्ली से रेप केस में अरेस्ट करने की बात कहते हुए 30 हजार रुपये की मांग की ।

व्हाट्सएप डीपी पर डीजीपी प्रशांत कुमार की फोटो लगी थी। हालांकि जिस व्यापारी को यह व्हाट्सएप कॉल आई थी, उनके दोनों बच्चों की उम्र अभी काफी कम है। इसके चलते वह तुरंत इस फ्राड कॉल को भांप गये और अंजान बनकर ठग से बातचीत करते रहे।



व्हाट्सएप डीपी पर लगी डीजीपी की फोटो।

- बेटे को रेप केस में अरेस्ट होने की बात कहकर मांगे 30 हजार
- व्यापारी ने पुलिस को सूचना देकर की कार्रवाई की मांग

फिलहाल व्यापारी ने पुलिस से पूरे मामले की शिकायत की है। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के निवासी दानिश खान के पास गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे व्हाट्सएप्प पर एक अंजान कॉल आई। व्हाट्सएप डीपी पर डीजीपी प्रशांत कुमार की फोटो लगी होने के चलते दानिश को थोड़ी शंका हुई। उन्होंने कॉल उठाई तो अज्ञात व्यक्ति ने अपना नाम सब इंस्पेक्टर दीपक सिंह बताया। उसने कहा कि वह पुलिस स्टेशन से बात कर रहा है। खुद को सब इंस्पेक्टर बताने वाले दीपक सिंह ने पहले दानिश से उसके परिवार का पूरा ब्योरा जाना, फिर कहा कि दिल्ली में पढ़ने वाला आपका बेटा रेप केस में अरेस्ट हो गया है। उसे छुड़ाने के लिये ऑनलाइन 30 हजार रुपये भेजना पड़ेगा।दानिश ने बताया कि उसके दोनों बच्चों की उम्र काफी कम है और कोई बेटा दिल्ली में नहीं पढ़ता। इसीलिये वह तुरंत इस फ्राड कॉल को भांप गया।

# कुशाग्र हत्याकांड में रचिता वत्स की जमानत अर्जी खारिज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। कुशाग्र कनोडिया अपहरण व हत्याकांड में एडीजे 10 की गैंगस्टर कोर्ट ने मुख्य आरोपी रचिता वत्स की जमानत अर्जी गुरुवार को खारिज कर दी। मामले में ट्यूशन टीचर समेत तीन आरोपी है। 30 अक्तूबर को रायपुरवा निवासी कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के बेटे हाईस्कूल के छात्र कुशाग्र की अपहरण करके हत्या कर दी गई थी। हत्या के बावजूद मामले में डायवर्ट करने के लिए फिरौती भी मांगी गई।

रायपुरवा पुलिस ने मामले में ट्यूशन टीचर रचिता वत्स, प्रभात शुक्ला और शिवा गुप्ता को आरोपी बनाया था। तीनों के खिलाफ अपहरण और हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। तीनों आरोपी जेल में है।

पुलिस ने तीनों आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करते हुए रायपुरवा थाने में मुकदमा दर्ज किया था। हत्या के मामले में हाईकोर्ट से जमानत पाई रचिता वत्स ने गैंगस्टर के मामले में जमानत अर्जी दाखिल की थी। जिसमे बचाव पक्ष के अधिवक्ता श्रीकांत दीक्षित ने रचिता को बेकसूर बताकर जमानत की मांग की थी।

### गार्ड की गवाही 4 को

एडीजे 17 की कोर्ट में कुशाग्र हत्याकांड के मेन मामले में वादी मुकदमा संजय कनोडिया की गवाही और जिरह पूरी हो चुकी है। अब चार दिसंबर को गार्ड की गवाही और जिरह होनी है।

## वर्ग पहेली-266

**बाएं से दाएं**

4. साथ चलने या रहने वाला।
5. ख़र्च या व्यय किया हुआ, किसी कार्य या व्यवसाय में लगाया हुआ, निवेश किया हुआ (धन)।
7. 1. बंगाल नामक प्रांत 2. एक दवा जो ताकत बढ़ाती है।
8. धन या रुपया प्राप्त करने की घोर लालसा, प्रबल धनलिप्सा, संपत्ति हासिल करने की लालसा या घोर तृष्णा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. विस्तार, फैलाव, प्रसार 2. परिमाण 3. समूह, झुंड।
2. आपत्तिजनक संवादों
3. 1. (इस्लाम) ख़ुदा या ईश्वर का हुक्म जिसका पालन करना बंदों का फ़र्ज़ होता है
5. 1. निरोध करने की क्रिया या भाव, बंधक या रोक में रखना 2. रोक, रुकावट 3. वैद्यक या आयुर्वेद में पारा का शोधन करते समय किया जाने वाला एक संस्कार।
6. झींगा मछली।



### वर्ग पहेली -265 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1के | द | | | | | 2घूँ |
| मा | | 3पे | 4प | र | वे | ट |
| | 5स् | | चे | | | ना |
| 6अ | व | हे | लि | त | | |
| | यं | | म | | 7म | |
| | से | | | 8जू | झ | ना |
| 9नि | वा | र | ण | | ला | |

## सुडोकू -179

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | | 5 | | 3 |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| | 5 | | | | | | | 1 |
| | | 5 | 7 | | | | | |
| | | | | | | 4 | | |
| | 9 | | | | 8 | 3 | | |
| | | 9 | | | | | 5 | |
| | 2 | | | | | 6 | | |
| | | 3 | | | 2 | | 4 | |

### सुडोकू - 178 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 8 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 8 | 5 | 6 | 2 | 3 | 9 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | 6 | 8 | 1 |
| 7 | 9 | 6 | 5 | 3 | 4 | 8 | 1 | 2 |
| 8 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 5 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 3 | 2 | 8 | 5 | 9 | 4 | 7 |
| 4 | 2 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 5 | 8 | 9 | 6 | 4 | 7 | 1 | 2 | 3 |

# पश्चिम मंडल-1 के शक्ति केंद्र के सभी बूथों का चुनाव संपन्न

लखनऊ, अमृत विचार। भाजपा संगठन पर्व-2024 के अंतर्गत मां मनपूर्णा मंदिर पार्क टिकैतराय एलडीए कॉलोनी परिसर में पश्चिम मंडल-1 के सभी शक्ति केंद्र के सभी बूथों की बैठक का आयोजन कर चुनाव संपन्न किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे पश्चिम मंडल -1 के मंडल चुनाव अधिकारी किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री विनोद कुमार (कल्लू), पश्चिम मंडल-1 अध्यक्ष राजेश मिश्रा (राजन), पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय सोनी, पूर्व मंडल महामंत्री मनोज तिवारी, मंडल के पदाधिकारी, वार्ड अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र चुनाव अधिकारी, बूथ अध्यक्ष एवं बूथ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



भाजपा की बैठक को संबोधित करते पदाधिकारी। अमृत विचार

## संरक्षा मोबाइल एप्लीकेशन लांच

**नई दिल्ली, अमृत विचार**: भारतीय रेल ने संरक्षा मोबाइल एप्लीकेशन लांच करके यात्री संरक्षा की दिशा में एक और कदम उठाया। इस एप्लीकेशन का उद्देश्य भारतीय रेल के फ्रंटलाइन संरक्षा श्रेणी के कर्मचारियों की क्षमता निर्माण के माध्यम से रेल संरक्षा में सुधार करना है। रेलवे बोर्ड के सदस्य परिचालन और व्यवसाय विकास रविंदर गोयल ने आज सभी मंडल रेल प्रबंधक, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक और सभी मंडलों के अधिकारियों की उपस्थिति में संरक्षा मोबाइल एप्लीकेशन लांच किया।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 नवंबर, शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-मार्गशीर्ष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 08 .39 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**-हेमंत।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 10 .18 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष**: आज बेरोजगार लोगों को नौकरी मिलने की संभावना है। साझेदारी में नया कारोबार शुरू कर सकते हैं। आपके सभी काम बेहतरीन तरीके से पूरे होंगे। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक समय का आनंद उठाएंगे। अपने खानपान की आदतों पर ध्यान दें।

**वृष**: आज जॉब में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। पुराना उधार चुकाने में सफलता मिलेगी। कोई कठिन कार्य पूरा हो सकता है। किसी से ईर्ष्या व द्वेष न करें। आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। जॉब में सहकर्मियों से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

**मिथुन**: आज प्रतियोगी परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। मार्केटिंग से जुड़े कारोबार में धन लाभ मिलेगा। नव विवाहित लोग ट्रिप के लिए जा सकते हैं। अपने प्रेमीजन को प्रपोज करने के लिए दिन शुभ है। अपनी कार्यक्षमता पर विश्वास करें।

**कर्क**: आज सरकारी कार्यों में रुकावटें होने की संभावना है। युवा अपनी पढ़ाई को लेकर गंभीर रहेंगे। नजदीकी लोगों की सलाह की उपेक्षा करना नुकसानदेह हो सकता है। दांपत्य संबंधों में अनबन हो सकती है। व्यर्थ के खर्चे बढ़ने से मन अप्रसन्न रहेगा।

**सिंह**: आज आपकी संवादशैली से लोग प्रभावित रहेंगे। करियर में बड़ा बदलाव करने की योजना बना सकते हैं। दांपत्य संबंधों में भावनात्मक लगाव और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कानूनी मामलों में आपको विजय मिलने के योग बन रहे हैं।

**कन्या**: आज साहित्य के प्रति रुचि उत्पन्न होगी। जीवनसाथी के साथ एकांत में समय बिताना पसंद करेंगे। बाहर का भोजन करने से पाचन खराब हो सकता है। अपने खर्चों में कटौती करें वरना बजट गड़बड़ा सकता है। संतान के व्यवहार से थोड़ा आहत हो सकते हैं।

**तुला**: आज पुराने निवेश के माध्यम से धन लाभ होगा। युवा जातक प्रेम संबंधों को लेकर परिवार में चर्चा कर सकते हैं। ऑफिस का काम पूरी मेहनत से करेंगे। कारोबार में उत्तम धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। मित्रों की सलाह लेना आपके लिए हितकर होगा।

**वृश्चिक**: आज तात्कालिक निर्णय लेने में जल्दबाजी करना उचित नहीं है। बिना मांगे किसी को राय देने से अपमान हो सकता है। दवाइयों पर धन खर्च करना पड़ेगा। अनैतिक कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। उधार धन के लेन-देन में सावधानी रखें।

**धनु**: आज शेयर मार्केट से धन लाभ होगा। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। लोग आपसे परामर्श लेना पसंद करेंगे। कारोबार को लेकर यात्रा हो सकती है। उच्च अधिकारी आपके काम से काफी प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में आपके अधिकार बढ़ेंगे।

**मकर**: आज कारोबार में बड़ा प्रयोग कर सकते हैं। आपके कार्य धीमी गति से पूर्ण होंगे। पड़ोसियों के साथ विवाद शांत होंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ रहने वाला है। अपनी दिनचर्या को संतुलित रखें। रिश्तों में मधुरता का आनंद लेंगे।

**कुंभ**: आज शोधकार्यों में बड़ी सफलता मिल सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों के लिए दिन शुभ है। दांपत्य संबंधों में थोड़ी उठा-पठक हो सकती है। धर्म-कर्म में रुचि कम होने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन**: आज अत्यधिक कार्यभार के कारण थकान महसूस होगी। स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर हो सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं रहेगी। नए कार्यों की शुरुआत न करें। कारोबार में बड़ा निवेश करने से पहले पूरी जांच-परख कर लें।

## आज की फिल्में

B4U Movies: नसीब सुबह : 08 .41; मि. इंडिया रात : 07 .21
&pictures: लिंगा सुबह : 09 .35; वेलकम बैक रात : 08 .00
Sony Pix: घोस्ट राइडर सुबह : 11 .39; 300 रात : 07 .12
Zee Cinema: स्कंदा दोपहर : 01 .24; ओएमजी : ओ मांची घोस्ट रात : 08 .00
Zee Action: गद्दार सुबह : 10 .52; त्रिदेव रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

संजू अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया।
लड़की का पिता- मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुजारे।
संजू- बस अंकल, इसीलिए तो मैं उसे यहां से ले जाने आया हूं।
दे जूते दे चप्पल...

बिट्टू- आखिर आज पता चल ही गया कि पत्नी को बेगम क्यों कहते हैं!
बिट्टू- क्यों?
सिट्टू- क्योंकि शादी के बाद पत्नी बे, गम हो जाती है और सारे गम पति के हिस्से में चले जाते हैं।
बिट्टू की बात सुनकर सोनू हैरान रह गया।

# नमाज व अदालत में सुनवाई के मद्देनजर मंडल में अलर्ट

## संभल हिंसा 16 कंपनी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात

कार्यालय संवाददाता, संभल



जामा मस्जिद के निकट सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेतीं एएसपी अनुकृति शर्मा।

**अमृत विचार :** संभल में जामा मस्जिद में सर्वे को लेकर हुए बवाल के बाद पहले जुमे और अदालत में जामा मस्जिद प्रकरण की सुनवाई के मद्देनजर मुरादाबाद मंडल में अलर्ट है। वहीं संभल शहर और चंदौसी न्यायालय परिसर में बेहद कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।

संभल में 16 कंपनी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर जामा मस्जिद के आसपास क्षेत्र में तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था कर सीमित संख्या में नमाजियों के जामा मस्जिद में नमाज अदा करने की रणनीति बनाई गई है। जामा मस्जिद के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाकर इस क्षेत्र की दिनभर ड्रोन से निगरानी की गई। अधिकारियों ने शाम को पुलिस जवानों के साथ पैदल मार्च किया। वहीं पीस कमेटी की बैठक में कमिश्नर और डीआईजी ने धर्मगुरुओं से शहर में शांति व्यवस्था के लिए मंथन किया। संभल में इंटरनेट पर पाबंदी अभी जारी है। वहीं पुलिस ने गुरुवार को बवाल में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दरोगा से लूटी गई पिस्टल की मैगजीन और तमंचे बरामद किए।

मुरादाबाद मंडल के कमिश्नर आन्जनेय कुमार सिंह ने बताया कि

- **मस्जिद के आसपास तीन लेयर की सुरक्षा, सीमित संख्या में ही लोग अदा करेंगे नमाज**
- **बवाल में शामिल रहे तीन और आरोपी गिरफ्तार, दरोगा से लूटी मैगजीन और तमंचे बरामद**

स्थानीय लोग ही जामा मस्जिद में नमाज अदा करें, इसके लिए प्रबंध किए गए हैं। पुलिस प्रशासन का मकसद नमाजियों को परेशान करना नहीं बल्कि माहौल खराब करने की मंशा से आने वाले बाहरी लोगों को रोकना है। उधर, जामा मस्जिद के निकट गुरुवार को 20 से ज्यादा नए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। आधा दर्जन ड्रोन जामा मस्जिद के आसपास क्षेत्रों में उड़ाए गए। शुक्रवार शाम को हालात की समीक्षा के बाद इंटरनेट पर पाबंदी को लेकर प्रशासन कोई फैसला लेगा।

### मौलाना तौकीर का आज संभल जाने का एलान

आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने शुक्रवार को संभल जाने का एलान किया है। उन्होंने कहा कि बरेली में जुमे की नमाज अदा करने के बाद वह संभल रवाना होंगे। आईएमसी प्रमुख ने गुरुवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में यह एलान किया। कहा, संभल की जामा मस्जिद पर सर्वे के आदेश के बाद अब अजमेर की गरीब नवाज दरगाह में मंदिर होने का दावा कर दाखिल की गई याचिका अदालत में स्वीकार कर ली गई है। आखिर यह सब हो क्या रहा है, कौन लोग हैं जो योजना के तहत मुल्क में बदअमनी फैलाना चाहते हैं। मौलाना तौकीर ने कहा कि संभल में पांच लड़कों को शहीद कर दिया गया। संभल जाकर शहीदों के परिजनों से मिलेंगे। उनकी हर संभव सहायता की जाएगी।

## नोवल शुगर मिल में आयकर टीम का छापा

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)


नोवल शुगर मिल के बाहर खड़ी टीम की कार।

**अमृत विचार :** नोवेल शुगर मिल में आयटीम की छापामारी से हड़कंप मच गया। मिल खुलने के कुछ देर बाद ही तीन गाड़ियों में सवार होकर टीम पहुंची और फिर गेट बंद करा दिए गए। दिनभर टीम अभिलेख खंगालती रही। किसी को न तो बाहर आने दिया गया न ही कोई भीतर जा सका। रात तक टीम मिल में ही गोपनीय तरीके से कार्रवाई करती रही।

बता दें कि पीलीभीत बीसलपुर मार्ग पर बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल के पास ही नोवल शुगर मिल है। जिसे छोटी चीनी मिल के नाम से भी जाना जाता है। किसानों से गन्ना खरीदकर नकद व खाते दोनों तरीके से भुगतान किया जाता है। इस मिल में ही स्टील का भी प्लांट लगा हुआ है। गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे मिल पर अफसर -कर्मचारी मौजूद थे। इस बीच तीन गाड़ियों में सवार होकर आयकर विभाग की टीम मिल

- **अफसर, कर्मचारी नहीं आ सके बाहर गड़बड़ी पकड़ने की रही चर्चाएं**

में पहुंच गई। आयकर टीम ने मिल के गेट को भी बंद करा दिया। इसके बाद अधिकारियों कर्मचारियों के साथ टीम पड़ताल करती रही। दिनभर मिल का गेट भी बंद रहा। उधर, गड़बड़ी पकड़े जाने की चर्चाएं होती रही। दोपहर बाद ये भी कहा जाता रहा कि मिल स्वामी की करीब पांच फर्म संचालित है। इन सभी जगह अलग-अलग टीमों के द्वारा छापामारी की गई है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले की सुनवाई 4 दिसंबर को

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान कुछ देर तक अधिवक्ताओं के तर्कों को सुना और उसके बाद सुनवाई आगामी 4 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की एकलपीठ ने ठाकुर केशव देव जी महाराज विराजमान मंदिर कटरा केशव देव और दो अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया।

## मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक को नहीं मिली जमानत

**अमृत विचार, नैनीताल :** बनभूलपुरा हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक को हाईकोर्ट से कोई राहत नहीं मिली। हाईकोर्ट ने जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 16 दिसंबर की तिथि नीयत की है।

गुरुवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ ने अब्दुल मलिक के जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई की। राज्य सरकार ने उनकी जमानत प्रार्थनापत्रों में आपत्तियां पेश कीं। जिसमें कहा गया कि अब्दुल दंगे का मुख्य आरोपी व साजिशकर्ता है। मलिक पर एनआईए भी लगा है, उसका जवाब भी कोर्ट में पेश किया गया है। इस पर खंडपीठ ने अगली सुनवाई के लिए 16 दिसंबर की तिथि नीयत की। मामले के अनुसार 8 फरवरी 2024 को हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके में अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम, प्रशासन व पुलिस टीम पर साजिशकर्त्ता सहित अतिक्रमणकारियों ने पथराव, आगजनी और गोलीबारी की। हिंसा के दौरान दंगाइयों ने कई गाड़ियों सहित थाने को घेरकर गोलीबारी की। इसमें कई लोगों की मौके पर मौत हो गई।

## केनरा बैंक के कर्मचारियों पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**अमृत विचार, बरेली :** केनरा बैंक की संजयनगर शाखा के कर्मचारियों ने महिला व्यापारी का लोन पास होने के बाद उसकी अनुमति के बिना रकम अपने चहेतों के खाते में ट्रांसफर कर दी। बैंक अधिकारियों से शिकायत के बाद भी हल नहीं निकला तो व्यापारी ने एसएसपी को शिकायती पत्र दिया। एसएसपी के निर्देश पर थाना बारादरी पुलिस ने बैंक कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गोपालनगर निवासी एएन फूड प्रोडक्ट्स की मालकिन आरती गुप्ता के मुताबिक, उन्होंने वर्ष 2022 में केनरा बैंक की शाखा संजयनगर में व्यापार लोन के लिए आवेदन किया था। बैंक अधिकारियों के कहने पर उन्होंने नया खाता खुलवा दिया। इसके बाद उन्हें बिना बताए एमएसएमई खाते में पांच लाख और व्यापार खाते में 10 लाख रुपये भेज दिए। इसके बाद बैंक कर्मियों ने मिलीभगत करके 17 मई 2022 को उनके दोनों खातों से 15 लाख रुपये दूसरों के खातों में भेज दिए। शिकायत करने पर बैंक कर्मियों ने धनराशि नहीं दी।

## सार-संक्षेप

### बीमारी से परेशान पूर्व सैनिक ने गोली मारकर की आत्महत्या

**अमृत विचार, बरेली :** मठ लक्ष्मीपुर हंसनगर में गंभीर बीमारी से परेशान पूर्व सैनिक ने लाइसेंसी दोनाली बंदूक से सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। थाना इज्जतनगर पुलिस और फील्ड यूनिट ने मौके पर जांच की। पुलिस ने बंदूक को कब्जे में ले लिया है। मठलक्ष्मीपुर में ओमवीर (50) पत्नी और बच्चों के साथ रहते थे। वह पांच वर्ष पहले ही सेना से सेवानिवृत्त हुए थे। गुरुवार शाम 4:30 बजे बच्चे और पत्नी दूसरे कमरे में थे तभी ओमवीर ने कमरे में खुद के सिर में बंदूक से गोली मार ली। गोली की आवाज सुनते ही परिजन और पड़ोसी इकट्ठा हुए। सूचना पर सीओ तृतीय देवेंद्र कुमार ने थाना प्रभारी धनंजय पांडे के साथ मौके पर पहुंचे कर जांच की। पुलिस ने ओमवीर को जिला अस्पताल भेजा लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि ओमवीर ने बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। बीमारी के कारण उनकी दिमागी हालत भी ठीक नहीं थी।

### मानव तस्करी में दंपति समेत 4 गिरफ्तार

**अमृत विचार, रामपुर/मसवासी :** मानव तस्करी करने वाला गिरोह पहली बार पुलिस के चंगुल में फंस गया है। बरेली के प्रेमनगर थाना क्षेत्र के लाइनपार मुरावपुरा निवासी ममता सोमवार को अपनी 3 वर्षीय बेटी के साथ अपने पति के पास बनवसा जा रही थी। रास्ते में मसवासी थाना क्षेत्र के मिलक नौखरीद पुल के नीचे 3 महिलाएं और एक व्यक्ति उसकी बच्ची को गोद से छीन कर ले गए थे। दो दिन तक वह बच्ची को पाने की चाहत में अपहरणकर्ताओं के घर के आसपास भटकती रही। परेशान होने के बाद महिला मसवासी चौकी पहुंच गई और आपबीती सुनाई। पुलिस को बच्ची के अपहरण करने वालों का पता बताया। इसके बाद पुलिस ने स्वार थाना क्षेत्र की मसवासी चौकी क्षेत्र के गांव सीतारामपुर विशंभर सैनी के घर छापा मारा। पुलिस को वहां से विशंभर की पत्नी जावित्री और कुछ अन्य महिलाएं भी मिलीं। पुलिस ने गुरुवार को चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है। इन सभी के खिलाफ मानव तस्करी सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### अवमानना याचिका पर बरेली के नगर आयुक्त को उपस्थित होने का निर्देश

**अमृत विचार , प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नगर निगम, बरेली द्वारा निर्धारित अधिनियम के अनिवार्य प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए उपविधि 2020 अधिसूचित किए जाने के मामले में दाखिल अवमानना याचिका पर बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान विपक्षी को नोटिस तामील किए जाने के संबंध में रिपोर्ट के साथ मामले को आगामी 5 दिसंबर 2024 को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है। उपरोक्त तिथि पर विपक्षी पक्ष या तो अनुपालन हलफनामा दाखिल करेगा या व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय की एकलपीठ ने एस एस ग्राफिक्स द्वारा दाखिल अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मालूम हो कि उपविधि 2020 अधिसूचित किए जाने के मामले में आपत्ति आमंत्रित करने और उससे निपटने के लिए वैध प्रक्रिया का पालन नहीं किए जाने की सीमा तक उपविधि को असंवैधानिक घोषित किया गया है।

### बुलंदशहर में शहद चुराने पर साढ़े चार साल की सजा

**बुलंदशहर, एजेंसी :** जिले की एक अदालत ने एक निजी मधुमक्खी पालन केंद्र में चोरी के मामले में एक व्यक्ति को चार साल सात महीने और 11 दिन की सजा सुनाई है। कोर्ट का यह फैसला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मामला वर्ष 2015 का है, जब गांव रूडपुर बांगर के अमरवीर सिंह पर आरोप लगा कि उन्होंने छतारी के मधुमक्खी पालन केंद्र से शहद के 76 डिब्बे चुरा लिए। इसके बाद मधुमक्खी केंद्र के मालिक मोहम्मद उस्मान ने 10 सितंबर 2015 को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में अनूपशहर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने जनवरी 2016 में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। नौ साल तक चली सुनवाई के बाद अतिरिक्त सिविल जज यज्ञेश कुमार सोनकर ने इसी महीने 26 नवंबर को अभियुक्त को दोषी ठहराया था। फैसले के बाद मोहम्मद उस्मान ने कहा कि वह सारी उम्मीदें छोड़ चुके थे, लेकिन अंत में इंसाफ मिल गया है। बुलंदशहर के एसएसपी श्लोक कुमार ने कहा कि यह पुलिस की प्रभावी पैरवी से हुआ है।

### सवा वर्ष से फरार चल रहे हत्यारोपी को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

**अमृत विचार, मुरादाबाद :** मझोला थाना क्षेत्र में हुए भाजपा नेता अनुज चौधरी हत्याकांड में सवा वर्ष से फरार चल रहे हत्यारोपी विकास सिंह धामा को एसटीएफ बरेली की टीम ने सहायनपुर से गिरफ्तार कर लिया। बिजनौर के अफजलगढ़ निवासी आरोवी विकास सिंह धामा की गिरफ्तारी पर एक लाख का इनाम घोषित था। मझोला थाना पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। जनपद संभल के ऐचोड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव अलिया नेकपुर निवासी भाजपा नेता और बीडीसी सदस्य अनुज चौधरी मझोला क्षेत्र के नया मुरादाबाद स्थित हाउसिंग सोसाइटी पार्श्वनाथ प्रतिभा अपार्टमेंट में रहते थे। बीते 10 अगस्त 2023 को शाम करीब 6 बजे वह अपने दोस्त पुनीत चौधरी के साथ सोसाइटी के सड़क पर घूक रहे थे। उसी दौरान बाइक सवार तीन बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर अनुज चौधरी की हत्या कर दी थी। पुलिस ने 16 अगस्त को असमोली ब्लॉक प्रमुख संतोष देवी के बेटे अनिकेत और रेलवे क्लर्क नीरजपाल को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा किया था।

## उत्तराखंड में नगर निकाय चुनाव दिसंबर माह में संभव, तैयारियां शुरू

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** राज्य में नगर निकाय चुनाव दिसंबर माह में हो सकते हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। 15 दिसंबर तक आचार संहिता लगने की संभावना है। हालांकि निकाय चुनाव को लेकर कुछ प्रक्रियाएं अभी बाकी हैं। इसमें ओबीसी आरक्षण लागू करने संबंधी अध्यादेश पर फैसला आना बाकी है, जिस पर इस सप्ताह राजभवन से मंजूरी मिल सकती है।

आरक्षण नियमावली पर मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद आरक्षण लागू करने की प्रक्रिया जिलाधिकारियों के स्तर से होगी। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग अधिसूचना जारी करेगा। माना जा रहा है कि 15 दिसंबर के आसपास अधिसूचना जारी हो सकती है। शहरी विकास

- **15 दिसंबर को आयोग जारी कर सकता है अधिसूचना**

विभाग और राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। सरकार और निर्वाचन आयोग इस साल के अंत तक चुनाव कराने की योजना पर काम कर रहा है, यदि इस साल चुनाव नहीं हो पाए तो दो से तीन महीने का इंतजार करना पड़ेगा।

वहीं 1 जनवरी 2025 के आधार पर मतदाता सूची को दुरुस्त करना होगा। जिसमें लगभग एक महीने का वक्त लगेगा तो वहीं फरवरी और मार्च महीने में बोर्ड एग्जाम के चलते चुनाव कराना भी संभव नहीं होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राहुल कुमार गोयल ने बताया कि प्रदेश में 102 नगर निकाय हैं, चुनाव के लिए वोटर लिस्ट समेत सभी चुनावी तैयारी पूरी की जा चुकी हैं।

## सेवा मामलों में जनहित याचिकाएं सुनवाई योग्य नहीं : हाईकोर्ट

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक सेवा मामले में दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि किसी अजनबी को किसी भी कार्यवाही में हस्तक्षेप करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है, जब तक कि वह प्राधिकारी को संतुष्ट न कर दे कि वह पीड़ित व्यक्तियों की श्रेणी में आता है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सेवा मामलों में जनहित याचिकाओं पर विचार नहीं किया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट की एकलपीठ ने मिर्ज़ा इक़रार बेग की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया, साथ ही याची पर अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने के लिए 20 हजार का जुर्माना भी लगाया।

## दिल्ली के प्रशांत विहार में धमाका, एक शख्स घायल

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के रोहिणी में पीवीआर प्रशांत विहार के पास गुरुवार को कम तीव्रता का विस्फोट हुआ, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। विस्फोट उसी इलाके में एक पार्क के पास एक मिठाई की दुकान के सामने हुआ, जहां 20 अक्टूबर को सीआरपीएफ स्कूल की एक दीवार भीषण विस्फोट से क्षतिग्रस्त हो गई थी।

दिल्ली पुलिस ने कहा कि पूर्वाह्न 11:47 बजे प्रशांत विहार में बंसी वाला मिठाई की दुकान के सामने विस्फोट होने की सूचना मिली। बम का पता लगाने वाली टीम, खोजी कुत्ते, पुलिस और दमकल कर्मियों के मौके पर पहुंचने के तुरंत बाद पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई। मौके से सफेद पाउडर बरामद हुआ। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि विस्फोट के समय मल्टीप्लेक्स के अंदर फिल्म का शो चल रहा था। क्षेत्र में धुआं फैल जाने




- **20 अक्टूबर को इसी इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के पास हुआ था विस्फोट**

से आगंतुकों और निवासियों में दहशत फैल गई। पीवीआर और विस्फोट स्थल के बीच की दूरी कुछ ही मीटर की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार सुबह हुआ विस्फोट पिछले महीने प्रशांत विहार में सीआरपीएफ स्कूल की चाहरदीवारी के बाहर हुए विस्फोट जैसा ही था। इस संबंध में एक पुलिस अधिकारी ने कहा, विस्फोट में ऑटो रिक्शा चालक चेतन कुशवाहा (28) मामूली रूप से घायल हो गया, जिसका तिपहिया वाहन विस्फोट स्थल के पास खड़ा था।


### कार्यालय नगर पचांयत देवा, बाराबंकी

पत्रांक मेमो– न0पं0देवा/2024–25 दिनांक– 26/11/2024

अल्पकालीन कोटेशन सूचना

आयकर एवं जी0एस0टी0 में पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत देवा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार कार्य एवं आपूर्ति हेतु कोटेशन दिनांक 06.12.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमन्त्रित किये जाते है प्राप्त कोटेशन इसी तिथि को अपरान्ह 3:00 बजे खोले जायेगें एक या समस्त कोटेशन निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय में निहित है।

| क्र0सं0 | विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन हेतु रिक्शा ठेला पेन्टिंग का कार्य। | प्रति नग |
| 2 | ई–बैट्री रिक्शा रिपेयरिंग का कार्य। | प्रति नग |
| 3 | शौचालय की वॉल पेन्टिंग का कार्य। | प्रति वर्ग मी0 |
| 4 | एम0आर0एफ0 सेन्टर पर स्वच्छता सम्बन्धी वॉल पेन्टिंग | प्रति वर्ग मी0 |
| 5 | स्वच्छ सर्वेक्षण–2024 निकाय में जागरूकता हेतु वॉल पेन्टिग का कार्य। | प्रति वर्ग मी0 |
| 6 | स्वच्छता हेतु बैनर का कार्य। | प्रति वर्ग मी0 |
| 7 | नालो की इंडिंग प्वाईन्ट में जाली का कार्य। | प्रति किग्रा0 |
| 8 | सफाई कर्मचारियों की वर्दी फुल गर्म | प्रति सेट |
| 9 | शौचालय में रख–रखाव हेतु गमले, शीशा, कंघी, तौलिया, हैण्डवॉश, फिनायल, हार्पिक, वाइपर, फूल झाडू आदि। | प्रति नग |
| 10 | 12 फिट अरज का तिरपाल | प्रति मीटर |
| 11 | बॉस 20 फिट | प्रति नग |
| 12 | नुक्कड़ नाटक | प्रति कार्यक्रम |

सेवा शर्ते:–
1. कोटेशन में दी गई दर लेबर/भाड़ा सहित होगी। 2. भुगतान कार्यवाही कार्य आपूर्ति पूर्ण होने तथा संतोषजनक होने पर प्रारम्भ की जायेगी। 3. बिल से नियमानुसार आयकर जी0एस0टी0 आदि की कटौती निकाय द्वारा की जायेगी। 4. यदि कोई कार्य/आपूर्ति गुणवत्ताहीन पाया जाता है तो आपूर्तिकर्ता के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी ऐसी स्थित में समस्त उत्तरदायित्व फर्म/ठेकेदार का होगा।

अतिरिक्त मजिस्ट्रेट (तृतीय) / अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत देवा, बाराबंकी

अध्यक्ष
नगर पंचायत देवा
बाराबंकी



### कार्यालय नगर पंचायत ऊँचाहार, रायबरेली

पत्रांक– 463/न0पं0ऊँचा/2024–25 दिनांक 28.11.2024

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 शासन, नगर विकास अनुभाग–9, सं0 912/नौ–9–2024–85ज/05टीसी0–1 लखनऊ दिनांक 28 जून 2024 को अधिसूचना उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनो के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली 2024 के प्रस्तर–5 में प्रत्योजित शक्ति का प्रयोग करते हुए अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत ऊँचाहार, रायबरेली उक्त अधिसूचना में प्राविधित उपबन्धो के अधीन मासिक किराया दर एवं कलेक्टर द्वारा निर्धारित सर्किल दर के आधार पर वर्गवार / श्रेणीवार भवन / भूमि समूह के लिये प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट) हेतु न्यूनतम मासिक किराया दर निर्धारत कराती है। जिस भी व्यक्ति सस्था / गैर सरकारी संस्थान / सरकारी विभाग को निर्धारित मासिक किराया दर पर आपत्ति हो तो अधिसूचना के प्रस्तर–5 (ख) में विहत प्रक्रियाधीन 15 दिनों के अन्दर जरिये पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट / ईमेल npunchahar@gmail.com दिनांक 13.12.2024 तक अपरान्ह 05 बजे तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। आपत्तियों का निस्तारण बण्डलवार विनिष्वय किया जायेगा न कि आपत्तियों को या हितबद्ध व्यक्तियों को व्यक्तिगत रूप से सुना जायेगा। निर्धारित न्यूनतम मासिक किराया दर के आधार पर अधिरोपित होने वाला कर (भवन या भूमि/प्लाट) अधिसूचना की प्रस्तर–5 (2) के अनुसूची की श्रेणी में 1.2.3 एंव 4 के अनुसार कर अधिरोपित किया जायेगा। प्रस्तर 5(2) की वर्गवार की निर्धारित अनुसूची में वर्गीकृत प्रकृतिवार कर निर्धारण समझा जायेगा। प्राप्त आपत्ति को अधिसूचना के प्रस्तर (ख) के अनुसार बण्डलवार दिनांक 30.12.2024 को कार्यालय नगर पंचायत ऊँचाहार, रायबरेली के बैठक कक्ष में 12.00 बजे किया जायेगा। वार्डवार मासिक किराया प्रति वर्गफुट दरो की सूची निम्नवत है–

वार्डवार निर्धारित मासिक किराये की सामान्य दर (रुपया प्रति वर्गफुट में)

| क्र0 सं0 | वार्ड का नाम | 24 मी0 से अधिक चौडे मार्ग पर | | | 12–24 मी0 से अधिक चौडे मार्ग पर | | | 09–12 मी0 से अधिक चौडे मार्ग पर | | | 9 मी0 से कम चौडे मार्ग पर | | | भूमि के सम्बन्ध में स्थिति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आर0सी0सी0छत्त सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | आर0सी0सी0छत्त सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | आर0सी0सी0छत्त सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | आर0सी0सी0छत्त सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | 24 मी0 | 12–24 मी0 तक | 9–12 मी0 तक | 9 मी0 तक |
| 1 | फड | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.15 | 0.10 | 0.10 | 0.10 | 0.05 | 0.05 | 0.30 | 0.20 | 0.10 | 0.10 |
| 2 | खरौआं कुआं | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.15 | 0.10 | 0.10 | 0.10 | 0.05 | 0.05 | 0.30 | 0.20 | 0.10 | 0.10 |
| 3 | मजहरगंज | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.15 | 0.10 | 0.10 | 0.10 | 0.05 | 0.05 | 0.30 | 0.20 | 0.10 | 0.10 |
| 4 | तकिया बहादुर शाह | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.15 | 0.10 | 0.10 | 0.10 | 0.05 | 0.05 | 0.30 | 0.20 | 0.10 | 0.10 |
| 5 | सरांय | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.15 | 0.10 | 0.10 | 0.10 | 0.05 | 0.05 | 0.30 | 0.20 | 0.10 | 0.10 |
| 6 | अलीगंज | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.15 | 0.10 | 0.10 | 0.10 | 0.05 | 0.05 | 0.30 | 0.20 | 0.10 | 0.10 |
| 7 | बस स्टेशन | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.15 | 0.10 | 0.10 | 0.10 | 0.05 | 0.05 | 0.30 | 0.20 | 0.10 | 0.10 |
| 8 | तकिया नूर शाह | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.15 | 0.10 | 0.10 | 0.10 | 0.05 | 0.05 | 0.30 | 0.20 | 0.10 | 0.10 |
| 9 | फाटक भीतर | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.15 | 0.10 | 0.10 | 0.10 | 0.05 | 0.05 | 0.30 | 0.20 | 0.10 | 0.10 |
| 10 | भितरी गांव | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.15 | 0.10 | 0.10 | 0.10 | 0.05 | 0.05 | 0.30 | 0.20 | 0.10 | 0.10 |

1. अधिसूचना के प्रस्तर–5(2) अनुसार व्यवसायिक भवन / भूमि सामान्य दर का दो गुना, एंव सरकारी भवन / भूमि सामान्य दर का तीन होगा।
2. अधिसूचना के प्रस्तर–7 के अधीन भवन/भूमि के वार्षिक मूल्य की गणना की जायेगी, वार्षिक मूल्य का 10.00 प्रतिशत सामान्य गृहकर, 7.50 प्रतिशत जलकर तथा 2.50 प्रतिशत जल निकास कर लागू होगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत ऊँचाहार
रायबरेली

# तेज बिकवाली से सेंसेक्स-निफ्टी धड़ाम

## सेंसेक्स 1,190 तो निफ्टी 361 अंक गिरा, इन्फोसिस, रिलायंस और एचडीएफसी में भारी बिकवाली

मुंबई, एजेंसी



- बीएसई की कंपनियों की पूंजी 1.50 लाख करोड़ घटकर 442.98 लाख करोड़ हुई
- ब्याज दरों में कटौती पर अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने का दिखा असर

वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच घरेलू स्तर पर गुरुवार को कुछ दिग्गज कंपनियों के शेयरों में तगड़ी बिकवाली से गिरावट आई। सेंसेक्स 1,190 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 361 अंक की गिरावट रही। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव के बीच इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक में भारी बिकवाली के चलते घरेलू बाजार में बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

बीएसई का सेंसेक्स 1,190.34 अंक यानी 1.48% का गोता लगाते हुए 79,043.74 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,315.16 अंक गिरकर 78,918.92 पर आ गया था। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.50 लाख करोड़ रुपये घटकर 442.98 लाख करोड़ रुपये रह गया। एनएसई का निफ्टी भी 360.75 अंक यानी 1.49% गिरकर 23,914.15 पर आ गया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि सप्ताह की मजबूत शुरुआत के बाद घरेलू बाजारों में गिरावट रही। ब्याज दरों में कटौती से अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से अमेरिकी बाजार में बिकवाली का जोर रहा, जिससे आईटी और विवेकाधीन खर्च से जुड़े उत्पादों के शेयरों में गिरावट आई। सेंसेक्स समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, अडाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज और पावर ग्रिड गिरावट के साथ बंद हुईं। वहीं, एसबीआई लाभ में रहने वाला एकमात्र शेयर रहा। विवादों में घिरे अडाणी समूह की पांच कंपनियों के शेयर तेजी के साथ बंद हुए। अडाणी टोटल गैस में 16% की तेजी रही जबकि अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस 10%, अडाणी ग्रीन एनर्जी 10% और अडाणी एंटरप्राइजेज 1.63% चढ़ गए।

### स्मालकैप में बढ़त तो मिडकैप में आई गिरावट

छोटी कंपनियों का स्मालकैप 0.41% की बढ़त पर रहा जबकि मिडकैप में 0.06% की गिरावट रही। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि वायदा एवं विकल्प सौदों के मासिक निपटान और कमजोर वैश्विक संकेतों से निफ्टी गिरा। रूस-यूक्रेन संघर्ष तेज होने और अमेरिकी ब्याज दर पर अनिश्चितता ने भी धारणा पर असर डाला। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की बढ़त पर रहे जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार प्रौद्योगिकी कंपनियों में बिकवाली के असर में गिरावट के साथ बंद हुए थे। शेयर बाजार के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 7.78 करोड़ के शेयरों की खरीदारी की। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.49% बढ़कर 73.18 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## एक नजर

### वित्त मंत्रालय निर्यात पर लाभ कर की करेगा समीक्षा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर की प्रभावशीलता की समीक्षा करेगा क्योंकि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें स्थिर हो गई हैं। घरेलू आपूर्ति की कीमत पर ईंधन के निर्यात पर कुछ तेल रिफाइनरियों द्वारा अर्जित अभूतपूर्व मुनाफे के मद्देनजर सरकार ने जुलाई 2022 में पेट्रोल, डीजल और एविएशन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) पर निर्यात कर लगाने का फैसला किया था।

### मान्यता समझौतों के लिए 30 देशों से बात : सीबीआईसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को कहा कि भारत करीब 30 देशों के सीमा शुल्क अधिकारियों के साथ पारस्परिक मान्यता समझौते (एमआरए) पर हस्ताक्षर करने के लिए बातचीत कर रहा है। पारस्परिक मान्यता समझौते दोहरे प्रमाणन से बचकर विदेशी व्यापार को आसान बनाने में मदद करते हैं। इस प्रकार यह अनुपालन लागत को कम करता है, केवल एक विनियमन का पालन कर अनुपालन आवश्यकताओं को सरल बनाता है और व्यापार के अवसरों को बढ़ाता है।

### ऊर्जा भंडारण के लिए परीक्षण सुविधाओं की जरूरत

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सदस्य वीके सारस्वत ने गुरुवार को कहा कि भारत को अपने महत्वाकांक्षी स्वच्छ ऊर्जा बदलाव लक्ष्य को समर्थन देने के उद्देश्य से बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त परीक्षण सुविधाएं स्थापित करनी चाहिए। फिक्की के ऊर्जा भंडारण सम्मेलन-2024 में उन्होंने परीक्षण और प्रमाणन बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण अंतर को उजागर किया। भारत का लक्ष्य 2030 तक 238 गीगावाट घंटे से अधिक की बैटरी भंडारण क्षमता की है ताकि विस्तारित नवीकरणीय ऊर्जा नेटवर्क को संतुलित किया जा सके।

# भारत को नई कर संहिता की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

विशेषज्ञों ने कहा है कि समग्र रूप से नई कर संहिता की जरूरत है, जिसमें कम दर, कर आधार बढ़ाने, बेहतर संग्रह और विकसित भारत के लिए अनुपालन पर ध्यान केंद्रित किया जाए। विशेषज्ञों ने कहा कि राजस्व बढ़ाने के साथ अर्थव्यवस्था को गति देने और 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए कर की कुछ ही और कम दरें, कानूनी विवाद में कमी, समावेशी कर आधार और कुशल कर संग्रह पर ध्यान देने की जरूरत है।

2025-26 का आम बजट एक फरवरी को पेश किए जाने की संभावना है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के पूर्व चेयरमैन पीसी झा ने कहा कि यह निश्चित रूप से अच्छी स्थिति नहीं है कि जीएसटी के तहत हमारे पास इतनी सारी कर दरें हैं। आदर्श रूप से, जीएसटी में कर की एक दर होनी चाहिए, लेकिन हमारे देश में एक कर दर होना संभव नहीं है। थिंक चेंज फोरम (टीसीएफ) के सेमिनार में उन्होंने कहा कि 12, 18 को मिलाकर 16 की एकल दर बनाई जा सकती है और तीन कर दरों (5%, 16% और 28%) पर विचार हो सकता है। कराधान प्रणाली में वर्तमान प्रावधानों को सरल बनाने की आवश्यकता का समर्थन करते हुए ईवाई के साझेदार राजीव चुघ ने कहा कि कर दरों में कमी से नागरिकों और कंपनियों के हाथों में खर्च योग्य आय बढ़ेगी। यदि इसे युक्तिसंगत बनाया जाए, तो इससे अर्थव्यवस्था में तेजी आ सकती है।



- विशेषज्ञों ने कहा- कम दर, कर आधार बढ़ाने, संग्रह के अनुपालन पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत

### कर कानूनों को सरल बनाने की आवश्यकता

एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ साझेदार रजत मोहन ने कहा कि कर कानूनों को सरल बनाने, अनुपालन पर ध्यान देने के साथ उनमें एकरूपता लाने तथा कर आधार को बढ़ाने की आवश्यकता है। मोहन ने कहा कि सरकार 50% से अधिक मुकदमे सर्वोच्च न्यायालय पहुंचने से पहले ही हार जाती है। हाल ही में, हमने देखा है कि ऐसी कंपनियों पर कर की मांग की गई है, जिनके पास कर मांग के आकार का राजस्व भी नहीं है। इसलिए, अधिक कुशल कर प्रणाली के लिए कानूनी विवाद के मामलों में कमी लानी होगी। लीगोसी ग्रोथ के प्रबंध साझेदार सूरज मलिक ने कहा कि हालांकि कर कानूनों में क्रमिक परिवर्तन हुए हैं और बहुत सी अस्पष्टताएं दूर हो गई हैं। फिर भी अंतर्राष्ट्रीय और भारतीय प्रक्रियाओं में अभी भी बड़ा अंतर है और विदेशी निवेशक भारतीय कर कानूनों में एकरूपता की तलाश कर रहे हैं।

## ओएनजीसी को मिले 4 तेल क्षेत्र, पट्टे का इंतजार

**नई दिल्ली।** तेल एवं गैस कंपनी ओएनजीसी ने प. बंगाल में अशोकनगर के पास छह साल में चार और तेल क्षेत्रों की खोज की है, लेकिन उनके खनन पट्टे के लिए राज्य सरकार की मंजूरी का इंतजार है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को लोकसभा में यह जानकारी दी। ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने 24 सितंबर, 2018 को ब्लॉक डब्ल्यूबी-ओएनएन-2005/4 में अशोकनगर की पहली खोज को अधिसूचित किया था। यह खोज बंगाल तलछटी बेसिन में ओएनजीसी के निरंतर अन्वेषण प्रयासों का परिणाम है।

## ईपीएफओ सदस्य बढ़ा सकेंगे उच्च पेंशन में अंशदान

नई दिल्ली, एजेंसी

- कर्मचारी पेंशन योजना 1995 में सुधार करने पर विचार कर रहा श्रम मंत्रालय

श्रम मंत्रालय अधिक पेंशन के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सदस्यों को ज्यादा अंशदान की अनुमति दे सकता है। इसके लिए मंत्रालय कर्मचारी पेंशन योजना 1995 (ईपीएस-95) में सुधार पर विचार कर रहा है। फिलहाल ईपीएफओ के सदस्यों के वेतन (मूल वेतन और महंगाई भत्ता) का 12%, ईपीएफ खाते में जाता है। वहीं नियोक्ता के 12% योगदान में से 8.33% ईपीएस-95 में जाता है, जबकि शेष 3.67% ईपीएफ खाते में जमा होता है। यदि सदस्य अपने ईपीएस-95 खाते में अधिक योगदान करते हैं तो उन्हें अधिक पेंशन मिलेगी। इसलिए, मंत्रालय इसकी अनुमति देने के विकल्पों पर विचार कर रहा है। कर्मचारियों को संशोधित ढांचे के तहत पेंशन लाभ बढ़ाने के लिए ईपीएस-95 में योगदान करने की भी अनुमति दी जा सकती है। सूत्र ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा लाभ में सुधार के अलावा नरेन्द्र मोदी सरकार देश में रोजगार सृजन पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है।

## हमारे निर्देश से एसएमएस, ओटीपी मिलने में नहीं होगी देरी : ट्राई

- 1 दिसंबर से ओटीपी संदेश में देरी की खबर को नियामक ने किया खारिज

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने गुरुवार को कहा कि अनचाही कॉल एवं संदेशों (स्पैम) पर अंकुश लगाने को दूरसंचार कंपनियों को एसएमएस का स्रोत सुनिश्चित करने संबंधी आदेश से संदेश या ओटीपी मिलने में कोई देरी नहीं होगी। ट्राई ने एक्स उन रिपोर्टों को तथ्यात्मक रूप से गलत बताते हुए खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि एक दिसंबर से ओटीपी संदेश मिलने में देरी हो सकती है। ट्राई ने कहा कि यह सूचना गलत है। ट्राई ने सेवा प्रदाताओं को संदेश भेजने वाले की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आदेश दिया है। इससे संदेश की आपूर्ति में देरी नहीं होगी। नियामक का यह स्पष्टीकरण कुछ मीडिया रिपोर्टों के बाद आया है, जिनमें कहा गया था कि ग्राहकों को बैंकिंग सेवाओं और ई-कॉमर्स जैसे ओटीपी-आधारित लेनदेन में देरी का सामना करना पड़ सकता है।

## सहकारी क्षेत्र में 2030 तक 5.5 करोड़ नौकरियां सृजित करने की क्षमता

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रबंधन परामर्श कंपनी प्राइमस पार्टनर्स ने सहकारी क्षेत्र पर जारी की रिपोर्ट
- भारतीय सहकारी तंत्र वैश्विक स्तर पर 30% का करता है प्रतिनिधित्व

भारत के सहकारी क्षेत्र में 2030 तक प्रत्यक्ष रूप से 5.5 करोड़ नौकरियां और 5.6 करोड़ स्वरोजगार के अवसर सृजित करने की क्षमता है। प्रबंधन परामर्श कंपनी प्राइमस पार्टनर्स ने गुरुवार को सहकारी क्षेत्र पर जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत का सहकारी तंत्र वैश्विक स्तर पर 30 लाख सहकारी समितियों में से 30% का प्रतिनिधित्व करता है।

भारत 2030 तक 5000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य में सहकारी क्षेत्र आशा तथा क्षमता की किरण बना है। रिपोर्ट अनुसार भविष्य की ओर देखते हुए सहकारी समितियों में 2030 तक 5.5 करोड़ प्रत्यक्ष रोजगार और 5.6 करोड़ स्वरोजगार के अवसर उत्पन्न करने की क्षमता है, जिससे रोजगार सृजनकर्ता के रूप में उनकी भूमिका और बढ़ जाएगी। इसमें कहा गया है कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर उनका प्रभाव भी उतना ही प्रभावशाली है। इनका 2030 तक संभावित योगदान 3 से 5% तक हो सकता है। प्रत्यक्ष तथा स्वरोजगार दोनों की बात करें तो यह 10% से अधिक हो सकता है।

# राष्ट्रीय

# अडाणी-संभल मुद्दे पर गतिरोध जारी, नहीं चले दोनों सदन

## हंगामे के बीच लोकसभा एवं राज्यसभा को एक-एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए किया गया स्थगित

- सत्र के पहले दिन से विपक्ष सरकार पर दबाव बनाए हुए है
- लोस अध्यक्ष ने कहा- जिनका देश से संबंध नहीं, आप उन्हें उठा रहे हैं
- रास में सभापति ने बोले- संसदीय अवरोध समाधान नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में हंगामा करते विपक्ष के सदस्य।

संसद में गुरुवार को अडाणी समूह से जुड़े आरोपों तथा संभल हिंसा सहित कई मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे से तीसरे दिन गतिरोध बना रहा तथा लोकसभा एवं राज्यसभा को एक-एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। हंगामे से दोनों ही सदनों में प्रश्नकाल एवं शून्यकाल सामान्य ढंग से नहीं चल पाए। सोमवार से शुरू हुए संसद के शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन से अडाणी समूह से जुड़े आरोपों एवं संभल हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर विपक्ष सरकार पर दबाव बनाए हुए है जिसके कारण दोनों सदनों में गतिरोध कायम है।

लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला ने हंगामा और नारेबाजी कर रहे विपक्ष के सदस्यों को इंगित करते हुए कहा कि जनता ने आपको अनेक आकांक्षाओं के साथ यहां भेजा है, आपको उनकी चिंताएं और क्षेत्र की समस्याएं उठानी चाहिए। बिरला ने कहा कि जिन मुद्दों का देश से कोई संबंध नहीं है, आप उन्हें यहां उठा रहे हैं, चर्चा के लिए नियम प्रक्रियाओं को अपनाया जाता है। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही में डाले जा रहे व्यवधान पर चिंता जताते हुए कहा कि संसदीय अवरोध कोई समाधान नहीं है बल्कि यह एक रोग है जो देश की नींव को कमजोर करता है और संसद को अप्रासंगिकता की ओर ले जाता है। लोकसभा में कांग्रेस, सपा समेत विपक्षी दलों ने अडाणी समूह तथा उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा के मुद्दे को लेकर हंगामा किया, जिससे सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सदन में हंगामे को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में सभी ने मिलकर फैसला किया था कि कौन सा विधेयक आएगा और कब आएगा जो बाकी मुद्दे हैं उन पर चर्चा का अलग अलग नियम बना हुआ है। राज्यसभा में सभापति धनखड़ ने सदन की बैठक शुरू होने पर आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए और फिर बताया कि उन्हें अडाणी, मणिपुर और संभल हिंसा के मुद्दे पर चर्चा के लिए नियम 267 के तहत 16 नोटिस मिले हैं। उन्होंने सभी नोटिस अस्वीकार किए। कांग्रेस के प्रमोद तिवारी, रणदीप सिंह सुरजेवाला, अखिलेश प्रताप सिंह, सैयद नासिर हुसैन और आप के संजय सिंह आदि ने अडाणी समूह के कथित भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं पर चर्चा के लिए नोटिस दिए थे। सपा के रामजी लाल सुमन और रामगोपाल यादव, भाकपा (मार्क्सवादी) के जॉन ब्रिटास और ए ए रहीम सहित कुछ अन्य सदस्यों ने उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा पर चर्चा को नोटिस दिए थे जबकि द्रमुक के तिरूचि शिवा और भाकपा के पी संदोष सहित कुछ ने मणिपुर हिंसा पर चर्चा के लिए नोटिस दिए। धनखड़ ने सभी को अस्वीकार करते हुए कहा कि इन मुद्दों को प्रावधानों के तहत उठा सकते हैं।

# अदालत के नोटिस को बताया चिंताजनक

अजमेर/नई दिल्ली, एजेंसी

अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह शिव मंदिर पर बने होने के दावे से संबंधित विवाद गुरुवार को उस वक्त गहरा गया जब इसे लेकर नेताओं एवं अन्य के बयान सामने आए। कुछ ने इसको चिंताजनक तो किसी ने दुखदायी बताया।

अदालत ने बुधवार को वाद को सुनवाई के लिए स्वीकार किया और अजमेर दरगाह समिति, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, दिल्ली को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दरगाह कमेटी के खादिमों की संस्था अंजुमन सैयद जादगान के सचिव सैयद सरवर चिश्ती ने कहा कि बाबरी मस्जिद पर फैसले को स्वीकार किया और हमें विश्वास था कि उसके बाद कुछ नहीं होगा, लेकिन ऐसी चीजें बार-बार हो रही हैं। इसे रोका जाना चाहिए। इससे संबंधी अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होगी।

अजमेर दरगाह



- 20 दिसंबर को होगी वाद से संबंधी अगली सुनवाई

हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने दाखिल याचिका में हर बिलास शारदा की किताब का हवाला देते हुए दावा किया कि जहां दरगाह है वहां शिव मंदिर था। कई अन्य तथ्य जो साबित करते हैं कि दरगाह से पहले शिव मंदिर था। यूनाइटेड मुस्लिम फोरम राजस्थान के अध्यक्ष मुजफ्फर भारती ने कहा कि यह याचिका उपासना स्थल अधिनियम 1991 का उल्लंघन है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भी इस बयान से सहमति जताई। भाकपा (मार्क्सवादी) ने उच्चतम न्यायालय से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की। वहीं राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने एक्स पर लिखा, चिंताजनक। नया दावाः अजमेर दरगाह में शिव मंदिर। हम इस देश को कहां ले जा रहे हैं? और क्यों? राजनीतिक लाभ के लिए?"

### कोर्ट ने सर्वे का आदेश दिया तो दिक्कत क्या : गिरिराज

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि हमारा मानना है कि अगर किसी ने याचिका दायर की है और अदालत ने सर्वे का आदेश दिया है तो इसमें दिक्कत क्या है? यह सत्य है कि जब मुगल आक्रांता आए थे, तो उन्होंने हमारे मंदिरों को तोड़ा था.. अब आप कहेंगे कि कितने मस्जिदों के बारे में आप दावा करेंगे, तो मैं कहूंगा कि आज तक कांग्रेस की सरकार केवल तुष्टीकरण करती रही आक्रांताओं द्वारा मंदिरों पर मस्जिद बनाने का जो मुहिम चला था उसे 1947 में ही समाप्त कर दिया गया होता, तो आज हमें अदालत में अर्जी देने की जरूरत नहीं पड़ती।

## एक नजर

### सीजीएसटी अधीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**इंदौर।** सीबीआई ने गुरुवार को केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) विभाग के अधीक्षक केपी राजन को 15 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा। सीबीआई के अनुसार अधीक्षक के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत मिली थी। जीएसटी की राशि वापसी से जुड़े मामले के निपटारे में यह राशि मांगी जा रही थी। शिकायत पर सीबीआई ने राजन को संबंधित व्यक्ति से 15 हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़ा।

### कर्नाटक : एमयूडीए के पूर्व आयुक्त से पूछताछ

**मैसूरु।** मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) स्थल आवंटन मामले की जांच कर रही लोकायुक्त पुलिस ने गुरुवार को अपने पूर्व आयुक्त पीएस कांताराजू से पूछताछ की। कांताराजू सितंबर 2017 से नवंबर 2019 तक एमयूडीए के आयुक्त थे। एमयूडीए के पूर्व आयुक्त ने बताया कि उन्होंने मामले से संबंधित सभी बिंदु जांच अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए।

### यासीन मलिक से सुप्रीम कोर्ट ने किया जवाब-तलब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चार भारतीय वायुसेना कर्मियों की हत्या और 1989 में मुफ्ती मुहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद के अपहरण से जुड़े जिरह का मुकदमा जम्मू से दिल्ली स्थानांतरित करने की सीबीआई की याचिका पर गुरुवार को आरोपी यासीन मलिक से जबाव तलब किया।

## भारतीय संस्कृति विश्व स्तर पर गूंज रही है : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई देशों में भारतीय संस्कृति की प्रस्तुतियों का वीडियो संकलन साझा करते हुए गुरुवार को कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व स्तर पर गूंज रही है। प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं के दौरान अक्सर पारंपरिक भारतीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की झलक देखने को मिलती है। उन्होंने एक्स पर कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व स्तर पर गूंज रही है। मैं जहां भी जाता हूं, मुझे अपने इतिहास और संस्कृति के प्रति अपार उत्साह दिखाई देता है, जो बेहद खुशी की बात है। वीडियो में ऑस्ट्रिया में वंदे मातरम गाते और पोलैंड और मास्को में गरबा, कजान में ढोलिडा, भूटान में डांडिया रास, सिंगापुर में भरतनाट्यम और लाओस और ब्राजील में रामायण गाते दिखाया गया है। इसमें भूटान के कलाकार थे, जो मोदी का उल्लेख करते हुए गीत गा रहे हैं।

## छापे के दौरान दिल्ली में ईडी टीम पर हमला

**नई दिल्ली।** साइबर धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली में फार्महाउस पर छापेमारी के दौरान ईडी की टीम पर गुरुवार को हमला किया गया, जिससे एक अधिकारी घायल हो गया। राष्ट्रीय राजधानी के बिजवासन क्षेत्र स्थित एक फार्महाउस पर हुई घटना के संबंध में एजेंसी ने दिल्ली पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एक शख्स को हिरासत में लिया गया है। दिल्ली के कुछ अन्य स्थानों पर भी छापे मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फार्महाउस अशोक कुमार शर्मा का है, जो पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) हैं।

## वक्फ समिति का कार्यकाल बजट सत्र के आखिरी दिन तक बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



- समय बढ़ाने का प्रस्ताव को लोकसभा से मिली स्वीकृति

लोकसभा ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति का कार्यकाल गुरुवार को अगले साल बजट सत्र के आखिरी दिन तक के लिए बढ़ा दिया। समिति अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने वक्फ (संशोधन) विधेयक संबंधी संसद की संयुक्त समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का समय बजट सत्र, 2025 के आखिरी दिन तक बढ़ाने का प्रस्ताव लोकसभा में पेश किया, जिसे स्वीकृति प्रदान की गई।

पाल के नेतृत्व में बुधवार को हुई समिति की बैठक में सदस्यों ने इस संदर्भ में प्रस्ताव पर सर्वसम्मति व्यक्त की थी। बैठक में प्रस्ताव के माध्यम से निर्णय लिया गया कि समिति लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से आग्रह करेगी कि उसका कार्यकाल अगले साल बजट सत्र के आखिरी दिन तक के लिए बढ़ाया जाए। टीएमसी सांसद और समिति सदस्य कल्याण बनर्जी ने कहा कि कार्यकाल बढ़ने से सभी सबंधित लोगों और समूहों को अपनी बात रखने का मौका मिलेगा। समिति की अब तक हो चुकीं 25 से अधिक बैठकों में कई मौकों पर पाल और विपक्षी सदस्यों के बीच गतिरोध देखने को मिला है। विपक्ष ने पाल पर मनमाने ढंग से काम करने का आरोप लगाया था्र जिसका भाजपा सांसद ने खंडन किया था। सरकार ने वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करने वाले कानून में संशोधन से संबंधित विधेयक गत 8 अगस्त को लोकसभा में पेश किया था, जिसे सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच नोकझोंक एवं चर्चा के बाद संयुक्त समिति को भेजने का फैसला हुआ था। इस विधेयक में वर्तमान अधिनियम में दूरगामी बदलावों का प्रस्ताव रखा गया है, जिनमें वक्फ निकायों में मुस्लिम महिलाओं और गैर-मुसलमानों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना भी शामिल है। वक्फ (संशोधन) विधेयक में वक्फ अधिनियम, 1995 का नाम बदलकर 'एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995' करने का भी प्रावधान है। विधेयक के उद्देश्यों और कारणों के विवरण के अनुसार, विधेयक में यह तय करने की बोर्ड की शक्तियों से संबंधित मौजूदा कानून की धारा 40 को हटाने का प्रावधान है कि कोई संपत्ति वक्फ संपत्ति है या नहीं।

## ट्रेन में कंबल चाहिए तो भूल जाइए स्वच्छता

नई दिल्ली, एजेंसी

- 30 लोगों के प्रयोग के बाद धुलता है ट्रेन का कंबल

किसी कपड़े या कंबल को प्रयोग करने के बाद आप हफ्ते भर में उसे धो देते हैं, लेकिन यह भारतीय रेल महीने में एक बार कंबल की धुलाई कराता है। 30 दिन पूरे होने पर रेलवे कंबल धुल जाए, ये जरूरी नहीं है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया है कि ट्रेन में यात्रियों को मिलने वाले कंबलों को महीने में एक बार धोया जाता है। एम महीने में 30 यात्री तो इसका प्रयोग करते ही है।

कांग्रेस सांसद कुलदीप इंदौरा ने कंबल की धुलाई और साफ-सफाई को लेकर रेल मंत्री से सवाल पूछा था। रेल मंत्री वैष्णव ने लोकसभा में कहा कि महीने में कम से कम एक बार कंबलों की धुलाई जरूर होती है। ट्रेन के एसी क्लास में चादर और कंबल रेलवे की ओर से यात्रियों को दिया जाता है। इसमें गंदे चादरों और कंबलों की सप्लाई की अक्सर खबर पढ़ने को मिलती है। चादर तो हर इस्तेमाल के बाद जरूर धो दी जाती है, लेकिन कंबल तो समेट पर फिर से अगले पैसेंजर को दे दिया जाता है। एक ओवरनाइट ट्रेन में एक महीने के दौरान 30 यात्री तो आराम से इसे इस्तेमाल कर ही लेते हैं। वैष्णव ने संसद में बताया कि बेड रोल में कंबल के साथ दो चादरों भी होते हैं। एक चादर बर्थ पर बिछाने के लिए और दूसरा चादर कंबल पर कवर के लिए उपयोग होता है। रेलवे के अधिकारी बताते हैं दूसरा चादर हमेशा कंबल से चिपका लेना चाहिए और चादर वाली तरफ से ओढ़ना चाहिए।

## पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2022 सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी और गलत तरीके से ओबीसी एवं दिव्यांगता कोटा लाभ लेने के आरोप में बर्खास्त पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर गुरुवार को आदेश सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने कहा कि उन्हें गिरफ्तारी से दिया गया अंतरिम संरक्षण इस बीच जारी रहेगा। दिल्ली पुलिस और शिकायतकर्ता संघ लोक सेवा आयोग के वकील द्वारा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका का विरोध किए जाने के बाद अदालत ने कहा कि दोनों पक्षों को सुना गया। आदेश सुरक्षित रखा जाता है।



## महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी



- महिला सरपंच को हटाने पर छत्तीसगढ़ के अधिकारियों को कोर्ट ने फटकारा, शीर्ष अदालत ने दिया बहाली करने का आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने महिला सरपंच को काम पूरा होने में देरी के मामूली आधार पर हटाने पर छत्तीसगढ़ के अधिकारियों को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए उदाहरण पेश करना चाहिए।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और उज्जल भुइयां ने इसे औपनिवेशिक सोच करार दिया और उनकी बहाली के आदेश दिए। साथ ही सरकार पर अवांछित मुकदमेबाजी और उत्पीड़न के लिए एक लाख का जुर्माना लगाया। पीठ के 14 नवंबर को पारित आदेश में कहा गया कि ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति हो रही है, जहां प्रशासनिक अधिकारी और ग्राम पंचायत सदस्य महिला सरपंचों के खिलाफ प्रतिशोध लेने के लिए मिलीभगत करते हैं। निर्वाचित महिला प्रतिनिधि को हटाना, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में मामूली माना जाता है। सोनम लकड़ा ने 2020 में जशपुर जिले के साजबहार पंचायत के सरपंच के रूप में निर्वाचित होने के बाद अधिकारियों द्वारा उन्हें हटाए जाने को चुनौती दी थी।





# चैंपियंस ट्रॉफी पर आज होगा फैसला

दुबई, एजेंसी



● बोर्ड आईसीसी बोर्ड की बैठक में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए हाइब्रिड मॉडल पर होगी मुख्य चर्चा

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की शक्तिशाली बोर्ड की शुक्रवार को होने वाली अहम बैठक में अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लंबे समय से प्रतीक्षित कार्यक्रम को लेकर मुख्य चर्चा होगी। चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पाकिस्तान के पास है और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी को बता दिया है वह टीम को पाकिस्तान नहीं भेजेगा। पाकिस्तान दूसरी तरफ टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल के तहत आयोजित नहीं करने पर अड़ा हुआ है।

आईसीसी बोर्ड की बैठक वर्चुअल तरीके से होगी और इसमें चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम को लेकर कोई हल निकलने की संभावना है। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा इस समय हाइब्रिड मॉडल सबसे अच्छा विकल्प है। हमें उम्मीद है कि टूर्नामेंट में शामिल सभी पक्ष टूर्नामेंट के हित में समझदारी भरा फैसला लेंगे। भारत और पाकिस्तान के बिना टूर्नामेंट का आयोजन करना अच्छा नहीं है। आईसीसी के सदस्य पीसीबी को यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच के बिना चैंपियंस ट्रॉफी की चमक फीकी पड़ जाएगी और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे बड़े पैमाने पर वित्तीय नुकसान होगा। टूर्नामेंट के मुख्य प्रसारक जियो स्टार ने पहले ही आईसीसी के शीर्ष अधिकारियों से संपर्क कर कार्यक्रम के बारे में अंतिम निर्णय पर पहुंचने में हो रही देरी पर अपनी निराशा व्यक्त की है। आईसीसी और प्रसारणकर्ता के बीच हुए अनुबंध के अनुसार संचालन संस्था से अपेक्षा की गई थी कि वह टूर्नामेंट का कार्यक्रम कम से कम 90 दिन पहले दे, लेकिन यह समय सीमा पहले ही पार कर ली गई है।

इस सूत्र ने भारत और पाकिस्तान को अलग-अलग ग्रुप में रखने की संभावना को खारिज करते हुए कहा मुझे नहीं लगता कि टेलीविजन अधिकार धारक इस बात से सहमत होंगे। वे ग्रुप चरण में ही भारत बनाम पाकिस्तान मैच की मांग करेंगे, ताकि टूर्नामेंट की लोकप्रियता और मौद्रिक आय में वृद्धि हो सके। दोनों टीमों का सामना अगर नॉकआउट चरण में होगा तो यह उनके लिए किसी बोनस की तरह होगा। भारत ने पहले ही तय कर दिया है कि नॉकआउट चरण में पहुंचने पर भी टीम पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी ऐसे में यह चर्चा हाइब्रिड मॉडल के इर्द-गिर्द होगी।

### हाइब्रिड मॉडल स्वीकार्य नहीं : पीसीबी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को सूचित किया कि वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल स्वीकार नहीं करेगा। पीसीबी ने साथ ही विश्व संचालन संस्था से शुक्रवार को होने वाली बोर्ड बैठक में विकल्प पर चर्चा नहीं करने के लिए कहा है। भारत के पाकिस्तान में टूर्नामेंट में खेलने के लिए अपनी टीम भेजने से इनकार कर दिया है जिसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम संबंधित उलझन सुलझान के लिए आईसीसी ने कार्यकारी सदस्यों की वर्चुअल बैठक बुलाई है। एक सूत्र ने पीटीआई से कहा मैं पुष्टि कर सकता हूं कि पीसीबी ने कुछ घंटे पहले आईसीसी को बताया है कि टूर्नामेंट का हाइब्रिड मॉडल स्वीकार्य नहीं है।

### भारत में नहीं खेलेगा पाकिस्तान : नकवी

**लाहौर।** पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भारतीय टीम के पाकिस्तान यात्रा करने से इनकार करने का हवाला देते हुए कहा कि भविष्य में टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान के भारत जाने की संभावना नहीं होगी। नकवी ने गद्दाफी स्टेडियम में कल रात निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के बाद कहा यह संभव ही नहीं है कि पाकिस्तान भारत में जाकर सभी टूर्नामेंट खेलता रहे और भारतीय अधिकारी अपनी टीम पाकिस्तान में खेलने के लिए भेजने को तैयार नहीं हों। हम ऐसी विषम स्थिति नहीं होने दे सकते।

# गुकेश ने तीसरी बाजी जीत कर लिरेन पर बनाई मानसिक बढ़त

सिंगापुर, एजेंसी



● विश्व शतरंज चैंपियनशिप में आज चौथी बाजी के लिए डिंग लिरेन के खिलाफ चुनौती पेश करेंगे गुकेश

भारत के युवा शतरंज खिलाड़ी डी गुकेश ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप में एक दिन के विश्राम के बार शुक्रवार को चौथी बाजी के लिए जब चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ चुनौती पेश करेंगे तो 14 बाजियों वाले इस मुकाबले की तीसरी बाजी में मिली जीत से उनका मनोबल बड़ा हुआ होगा।

18 साल के गुकेश ने तीसरे दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए इस चैंपियनशिप की अपनी पहली जीत दर्ज की। क्लासिक टाइम कंट्रोल के तहत खेली जा रही चैंपियनशिप में अभी 11 मुकाबले बचे हुए हैं। इससे पहले गुकेश को शुरुआती मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था जबकि दूसरा मुकाबला ड्रॉ रहा था। तीन बाजियों के बाद दोनों दोनों खिलाड़ियों के अब एक समान डेढ-डेढ अंक हैं। गुकेश ने कहा बहुत अच्छा लग रहा है। पिछले दो दिन मैं अपने खेल से खुश था। आज मैने और अच्छा खेला। बोर्ड पर अच्छा लग रहा था और मैं अपने प्रतिद्वंद्वी को हराने में कामयाब रहा। गुकेश ने अच्छी वापसी करते हुए लिरेन को बराबरी पर रोका।

## खेल डायरी

### स्वियातेक ने डोपिंग में एक माह का निलंबन स्वीकारा

**लंदन।** पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने प्रतिबंधित पदार्थ ट्राइमेटाजिडीन (टीएमजेड) के लिए पॉजिटिव पाये जाने के बाद एक महीने का निलंबन स्वीकार किया। अंतर्राष्ट्रीय टेनिस इंटिग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने गुरुवार को यह घोषणा की। अगस्त में स्वियातेक प्रतियोगिता से बाहर हुई जांच में विफल रही और आईटीआईए ने पोलैंड की 23 साल की खिलाड़ी के स्पष्टीकरण को स्वीकार कर लिया कि यह अनजाने में हुआ था। स्वियातेक यह बिना पर्चे वाली दवा 'मेलाटोनिन' जेट लैग और नींद की समस्याओं के लिए ले रही थी। आईटीआईए ने कहा कि उनकी गलती का स्तर लापरवाही की सीमा के सबसे निचले स्तर पर था। टेनिस में यह दूसरा हालिया हाई-प्रोफाइल डोपिंग मामला है। शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिक सिनर मार्च में स्टेरॉयड के लिए हुई जांच में विफल रहे थे।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए उमा को भारतीय टीम में जगह

**मुंबई।** अखिल भारतीय महिला चयन समिति ने आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेले जाने वाले तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए घोषित 16 सदस्यीय टीम में उमा छेत्री को जगह दी गई है। 22 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज छेत्री ने जुलाई में भारत के लिए पदार्पण किया था और अब तक चार टी-20 मैच खेल चुकी हैं। अब उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चोटिल यस्तिका भाटिया की जगह पहली बार एकदिवसीय टीम में शामिल किया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि बीसीसीआई का चिकित्सा दल भाटिया की रिकवरी पर नजर बनाये हुए है। पहला एकदिवसीय मुकाबला पांच दिसंबर को ब्रिस्बेन में होगा। दूसरा एकदिवसीय मैच आठ दिसंबर को ब्रिस्बेन में तीसरा एकदिवसीय मैच 11 दिसंबर को पर्थ में खेला जायेगा। टीम में हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रिया, रोड्रिग्स, हरलीन, ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसबनीस, दीप्ति शर्मा, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, राधा, तीतास साधु, अरुंधति रेड्डी, रेणुका, साइमा ठाकोर, उमा छेत्री शामिल हैं।

### विलियमसन की पारी से न्यूजीलैंड ने टेस्ट पर बनाई पकड़

**क्राइस्टचर्च।** केन विलियमसन की शानदार (93), कप्तान टॉम लैथम (47) और ग्लेन फिलिप्स (नाबाद 41) रनों की पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय आठ विकेट पर 319 के स्कोर पर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में डेवन कॉन्वे (दो) का विकेट गवां दिया। इसके बाद कप्तान टॉम लैथम और केन विलियमसन ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 58 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में ब्राइडन कार्स ने टॉम लैथम (47) को पगबाधा आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। दिन का खेल समाप्त होने के समय ग्लेन फिलिप्स (नाबाद 41) और टिम साउथी (नाबाद 10) रन बनाकर क्रीज पर थे।

### तेज गेंदबाज सिद्धार्थ ने संन्यास की घोषणा की

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल ने गुरुवार को भारतीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने 2018-19 में तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच में देश का प्रतिनिधित्व किया। आईपीएल में दिल्ली डेयरडेविल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व करने वाले पंजाब के 34 वर्षीय तेज गेंदबाज कौल ने सोशल मीडिया पर संन्यास की घोषणा की। कौल ने एक्स पर लिखा अब भारत में अपने करियर को खत्म करने और संन्यास की घोषणा करने का समय आ गया है। कौल 2008 में अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे। उन्होंने हालांकि विदेशी लीग में खेलने का विकल्प खुला रखा है। मैं भगवान को मेरे लिए बनाए गए मार्ग के लिए, प्रशंसकों को अंतहीन समर्थन के लिए, मेरे माता-पिता और परिवार को उन बलिदानों और आत्मविश्वास के लिए, विशेषकर चोटों और निराशाओं के दौरान धन्यवाद देना चाहता हूं। कौल ने कहा ड्रेसिंग रूम की यादों और दोस्ती के लिए मेरे साथियों को, भारत का प्रतिनिधित्व करने और 2008 अंडर-19 विश्व कप जीतने और 2018 में मेरे टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय पदार्पण करने के एक छोटे बच्चे के सपने को पूरा करने के लिए बीसीसीआई को।

## सैयद मोदी इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप, महिला युगल में अश्विनी व तनीषा एवं श्रुति व प्रिया अंतिम आठ में

# क्वार्टर फाइनल में सिंधु और सेन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** शीर्ष वरीय पीवी सिंधु ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप में संघर्ष भरी जीत के साथ महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में स्थान बना लिया। पुरुष एकल में भारत के शीर्ष वरीय लक्ष्य सेन ने आसान जीत के साथ अंतिम आठ में जगह बनाई।

बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में चैंपियनशिप में आज प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। इनमें महिला एकल में गैर वरीय भारत की उन्नति हुड्डा ने धमाकेदार खेल दिखाकर उलटफेर भरी जीत दर्ज की। इसके अलावा दूसरी वरीय मालविका बंसोड (महिला), तीसरी वरीय किरण जार्ज (पुरुष) एकल एवं मिश्रित युगल में भारत की बी.सुमित रेड्डी व सिकी रेड्डी की शीर्ष वरीय जोड़ी उलटफेर का शिकार हो गई।

महिला युगल में पिछले संस्करण की उपविजेता शीर्ष वरीय अश्विनी पोनप्पा व तनीषा क्रैस्टो के साथ प्रिया कोन्जेंगबम व श्रुति मिश्रा की पांचवीं वरीय भारतीय जोड़ी भी अंतिम आठ में पहुंच गई। शीर्ष वरीय पीवी सिंधु का मुकाबला आज हमवतन इरा शर्मा से हुआ जिसे पीवी सिंधु ने 21-10, 12-21, 21-15 से जीता। बीडब्लूएफ में 147वीं रैंकिंग इरा के खिलाफ जीत के लिए विश्व में 18वीं वरीय सिंधु को मशक्कत करनी पड़ी। पहला गेम में सिंधु ने आसानी से जीत हासिल की। दूसरे गेम में सिंधु शुरू में पिछड़ गई और इरा ने 11-1 तक की बढ़त बना ली थी। तीसरे व निर्णायक गेम में पीवी सिंधु ने एक-एक अंक के लिए संघर्ष के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की। पीवी सिंधु की टक्कर अब चीन की डाई वांग से होगी।पुरुष एकल में भारत के शीर्ष वरीय लक्ष्य सेन ने इजरायल के डेनियल डुबोवेंको को आसानी से सीधे गेम में 21-14, 21-13 से हराया। राष्ट्रमंडल खेल के स्वर्ण व विश्व चैंपियनशिप के कांस्य विजेता लक्ष्य की अब अगले दौर में भारत के माइसनम लुआंग मेरबा से टक्कर होगी।

मिश्रित युगल के प्री क्वार्टर फाइनल में भारत को शीर्ष वरीय बी.सुमित रेड्डी व सिकी रेड्डी की हार से झटका लगा। इस जोड़ी को मलेशिया के लू बिंग कून व हो लो यी ने 19-21, 21-16, 21-13 से हराया। महिला युगल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रिया कोन्जेंगबम व उत्तर प्रदेश की श्रुति मिश्रा की पांचवीं वरीय भारतीय जोड़ी हमवतन कविप्रिया सेल्वम व सिमरन सिंघी के खिलाफ 21-15, 21-12 की जीत से अंतिम आठ में पहुंच गई। शीर्ष वरीय भारत की तनीषा क्रैस्टो व अश्विनी पोनप्पा ने चीनी ताइपे की चेन सू यू व यी यिन एच को 21-19, 8-21, 21-12 से और दूसरी वरीय भारत की त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पी ने अश्विनी भट्ट व शिखा गौतम को 21-13, 21-10 से हराया।



● मालविका बंसोड किरन जार्ज और बी.सुमित रेड्डी-सिकी रेड्डी उलटफेर का शिकार

पीवी सिंधु।

### श्रीयांशी और उन्नति अंतिम आठ में

महिला एकल में गैर वरीय भारत की श्रीयांशी वली शेट्टी ने उलटफेर करते हुए दूसरी वरीय भारत की मालविका बंसोड को 21-12, 21-15 से हरा कर उन्हें चैंपियन बनने की दौड़ से बाहर कर दिया। महिला एकल में ही गैर वरीय भारत की उन्नति हुड्डा ने थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइइकेवांग को 21-18, 22-20 से उलटफेर भरी जीत के साथ अंतिम आठ में स्थान सुरक्षित किया। महिला एकल में भारत की तस्नीम मीर ने पांचवीं वरीय भारत की अनुपमा उपाध्याय को 21-15, 13-21, 21-7 से हराया।



प्रिया कोन्जेंगबम व श्रुति मिश्रा



प्रियांशु राजावत

### प्रियांशु अगले दौर में

पुरुष एकल में दूसरी वरीय भारत के प्रियांशु राजावत ने वियतनाम के ले डक फट को 21-15, 21-8 से और भारत के आठवीं वरीय आयुष शेट्टी ने मलेशिया के जस्टिन होह को 21-12, 21-19 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। जापान के शोगो ओगावा ने तीसरी वरीय भारत के किरण जार्ज को 19-21, 22-20, 21-11 से हराकर उलटफेर किया।

### हरिहरण व आरके रेथिना की जीत

पुरुष युगल में दूसरी वरीय भारत के हरिहरण व आरके रेथिना साबापति ने थाईलैंड के पी.काओसामंग व टैनडान पी. को 21-18, 21-17 से और भारत के साई प्रतीक व पृथ्वी के.राय ने चीन के चेन झू जून व जीआर हान को 21-14, 22-20 से हराया। मिश्रित युगल में भारत के दूसरी वरीय सतीश कुमार करुणाकरन व आद्या वरियानाथ, पांचवीं वरीय भारत के ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो और महिला युगल में भारत की रूतुपर्णा पांडा व स्वेतपर्णा पांडा भी जीत के साथ अंतिम आठ में पहुंच गए।

# ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री से मिली भारतीय टीम



कैनबरा, एजेंसी

● कैनबरा में दो दिवसीय अभ्यास मैच से पहले स्वागत समारोह में हुई मुलाकात

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज ने 30 नवंबर से प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ दो दिवसीय गुलाबी गेंद (दिन-रात्रि टेस्ट) अभ्यास मैच से पहले यहां भारतीय क्रिकेट टीम के एक स्वागत समारोह में मेजबानी की। यह मैच मनुका ओवल में खेला जाएगा जो छह दिसंबर से एडिलेड में होने वाले दिन-रात्रि टेस्ट के लिए अच्छी तैयारी के तौर पर काम करेगा। भारत पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में 295 रन से जीत दर्ज की थी। यह ऑस्ट्रेलिया की धरती पर रनों के लिहाज से टीम की सबसे बड़ी जीत है। प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान कप्तान रोहित ने प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सभी साथियों को उनसे मिलवाया।

## वेबस्टर ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में शामिल

**ऐडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया ने तस्मानिया के बो वेबस्टर को मिच मार्श के कवर के रूप में भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट के लिए टीम में जगह दी है। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट मैच के लिए टीम की घोषणा कर दी है। टीम में मध्यम तेज गेंदबाजी के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर ऑफ स्पिन भी कराने वाले वेबस्टर को शामिल किया गया हैं। वेबस्टर ने भारत ए के खिलाफ दो अनौपचारिक टेस्ट श्रृंखला में वेबस्टर 72.50 की औसत से 145 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया ए के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने 20 से कम औसत से सात विकेट भी लिए।

# टेस्ट: रिकॉर्ड 42 रन के न्यूनतम स्कोर पर सिमटी श्रीलंकाई टीम

डरबन (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका ने मार्को यानसेन (13 रन देकर सात विकेट) के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बदौलत गुरुवार को यहां किंग्समीड में श्रीलंका को टेस्ट क्रिकेट में उसके न्यूनतम 42 रन के स्कोर पर समेट दिया। इससे पहले श्रीलंका का न्यूनतम स्कोर पाकिस्तान के खिलाफ कैंडी में 20 साल पहले का है जिसमें टीम महज 71 रन पर ढेर हो गई थी।

दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट के दूसरे दिन श्रीलंका को पहली पारी में केवल 83 गेंद (13.5 ओवर) में आउट कर दिया। 100 साल में इतनी कम गेंद में पारी समेटने का भी यह रिकॉर्ड रहा। इंग्लैंड ने 1924 में दक्षिण अफ्रीका को 75 गेंद में ढेर कर दिया था। किंग्समीड पर भी यह न्यूनतम स्कोर और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी यह रिकॉर्ड न्यूनतम स्कोर रहा। न्यूजीलैंड की टीम 2013 में केपटाउन में 45 रन पर सिमट गई थी। पिच पहले टेस्ट के दूसरे दिन बल्लेबाजी के मुफीद लग रही थी और दक्षिण अफ्रीका ने सुबह चार विकेट पर 80 रन से आगे खेलते हुए 111 रन जोड़े और पहली पारी 191 रन पर खत्म की।

## बॉलीवुड हलचल

# वैन डेम और बीस्ट से जैकलीन ने किया कोलैबरेशन



**मुंबई।** बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा एवं पूर्व मिस श्रीलंका जैकलीन फर्नांडिस ने हॉलीवुड फिल्म किल एम ऑल 2 में दिग्गज अभिनेता जीन-क्लाउड वैन डेम के साथ काम करके एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। जैकलीन ने अपने टैलेंट और ग्लैमर के दम पर फैंस के दिलों में खास जगह बनाई है। इस साल उन्होंने न केवल अपने करियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान भी मजबूत की है। जैकलीन इस फिल्म में उनकी दमदार परफॉर्मेंस ने साबित किया है कि वे ग्लोबल मंच पर अपनी अलग पहचान बनाने में सक्षम हैं। इसके अलावा जैकलीन ने स्टॉर्मराइडर म्यूजिक वीडियो के जरिए अपनी सिंगिंग प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया। यह गाना दर्शकों के बीच हिट रहा और उनके फैंस ने उनके इस नए अवतार को खूब सराहा। उनकी यह बहुमुखी प्रतिभा उन्हें बॉलीवुड की पारंपरिक सीमाओं से आगे ले जाती है। एक और बड़ी उपलब्धि यह रही कि जैकलीन फर्नांडिस पहली भारतीय अभिनेत्री बनीं, जिन्होंने विश्व प्रसिद्ध यूट्यूबर मिस्टर बीस्ट के साथ एक प्रोजेक्ट में काम किया। यह कोलैबरेशन उनके सामाजिक सरोकारों और ग्लोबल अपील को दर्शाता है। उन्होंने ब्रांडिंग और म्यूजिक इंडस्ट्री में भी अपनी अमिट छाप छोड़ी है।



### शाहिद की फिल्म देवा जनवरी को होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर स्टारर देवा 31 जनवरी 2025 को रिलीज होगी। जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स की मच अवेटेड एक्शन थ्रिलर देवा, 31 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म देवा मलयालम फिल्मों के जाने-माने निर्देशक रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित हैऔर इसे ज़ी स्टूडियोज़ और सिद्धार्थ रॉय कपूर ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म लगभग एक साल बाद शाहिद कपूर की बड़े पर्दे पर वापसी का मौका है। फिल्म में उनके साथ पूजा हेगड़े और पावेल गुलाटी भी नजर आएंगे।

### 250 करोड़ पहुंची भूल भुलैया 3 की कमाई



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 ने भारतीय बाजार 250 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी फिल्म भूल भुलैया 3, भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। भूल भुलैया 3, दीवाली के अवसर पर 01 नवंबर को रिलीज हुई है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी ने मुख्य भूमिका निभायी है। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार ने अपने बैनर टी-सीरीज के तले मुराद खेतानी के साथ मिलकर फिल्म भूल भुलैया 3 को प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म दर्शकों के दिलों पर राज करने में कामयाब रही है। पहले दिन से ही फिल्म भूल भुलैया 3 अच्छी कमाई कर रही है। फिल्म में कॉमेडी के साथ दर्शकों को हॉरर का तड़का भी देखने को मिला है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार भूल भुलैया 3 ने फिल्म भूल भुलैया 3 ने अपने पहले सप्ताह में सात दिनों में भारत में 158 .25 करोड़ की कमाई की थी।फिल्म ने दूसरे सप्ताह में 58 करोड़, तीसरे सप्ताह में 23 .35 करोड़ और चौथे सप्ताह में अबतक 10 .5 करोड़ की कमाई की है। भूल भुलैया 3 ने अबतक भारतीय बाजार में 250 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है।

# लीवरपूल ने रियल मैड्रिड को हराया

लीवरपूल, एजेंसी

एलेक्सिस मैक एलिस्टर और कोडी गाकपो के गोल के दम पर लीवरपूल ने यूएफ चैंपियंस लीग फुटबॉल मैच में रियल मैड्रिड को 2-0 से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की।

लीवरपूल की इस जीत में गोलकीपर कोइमहिन केलहर और रक्षापंक्ति के युवा खिलाड़ी कोनोर ब्रैडली ने भी प्रभावी योगदान दिया। केलहर ने मैच के 61वें मिनट में रियल मैड्रिड के दिग्गज किलीयन एमबापे की पेनल्टी कीक का शानदार बचाव किया जबकि 21 साल के ब्रैडली ने मैच के दूसरे हाफ में फ्रांस के इस खिलाड़ी को गोल करने के मौका बनाने से दूर रखा।

ब्रैडली का एमबाप्पे को शानदार तरीके से किया गया टैकल करना सोशन मीडिया पर वायरल हो गया। मैड्रिड की यह पांच मैचों में पांचवीं जीत है और टीम 15 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पायदान पर है। चैंपियंस लीग के इस सत्र को नए प्रारूप में खेला जा रहा है। जिसमें जनवरी के आखिरी में शीर्ष आठ स्थान पर रहने वाली टीमें अंतिम 16 के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी जबकि नौ से 24वें स्थान की टीमें आठ स्थान के लिए प्लेऑफ मुकाबले में भिड़ेगी। इस हार के बाद मैड्रिड 36 टीमों की तालिका में दो जीत से छह अंक के साथ 25वें पायदान पर है। टीम की यह पांच मैचों में तीसरी हार है। लीग के अन्य मैचों में बेनफिका ने मोनाको को 3-2 से हराया। मोनाको के पास इस मैच को जीतकर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचने का मौका था लेकिन टीम पांच मैचों में 10 अंक के साथ आठवें पायदान पर है। बोरुसिया डॉर्टमंड ने डाइनेमो जगरेब को 3-0 से शिकस्त दी जबकि पीएसवी आइंडहोवन ने 3-2 से जीत दर्ज की।



रियल मैड्रिड के खिलाफ जीत के बाद जश्न मनाते खिलाड़ी। ● एजेंसी

### यामल ने जीता 2024 का गोल्डन बॉय पुरस्कार

**रोम।** बार्सिलोना के फॉरवर्ड लैमिन यामल ने वर्ष 2024 का गोल्डन बॉय तथा महिला वर्ग में मिडफील्डर विकी लोपेज ने गोल्डन गर्ल पुरस्कार जीता है। ट्यूरिन स्थित मीडिया आउटलेट टुट्टोस्पोर्ट ने बुधवार को इन पुरस्कारों की घोषणा की। वर्ष 2003 से शुरू हुए गोल्डन बॉय पुरस्कार से यूरोप में 21 वर्ष या उससे कम आयु के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को पुरस्कृत किया जाता है। इससे पहले बार्सा फेमिनी स्टार विकी लोपेज ने गोल्डन गर्ल पुरस्कार जीता।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

**सिद्धू ने किया अपनी पत्नी को घरेलू, प्राकृतिक आहारों से कैंसरमुक्त कर देने का दावा, विशेषज्ञ बोले- अप्रमाणित दावों के झांसे में आकर कैंसर का इलाज बाधित न करें**

# सिद्धू के दावे को सिरे से खारिज कर रहे चिकित्सा विशेषज्ञ

ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** कैंसर के इलाज में आयुर्वेदिक इलाज कारगर है या एलोपैथिक? इस सवाल को लेकर विशेषज्ञों के अपने-अपने तर्क हैं। हालांकि इन दिनों इस विषय पर इस तर्क-वितर्क में पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू का नाम देशव्यापी चर्चा में है। सिद्धू का दावा है कि उन्होंने अपनी पत्नी को घरेलू, प्राकृतिक आहारों से कैंसरमुक्त कर दिया।

यह दावा भले चर्चा-ए-आम हो लेकिन चिकित्सा विशेषज्ञ इसका सिरे से खंडन कर रहे हैं। एलोपैथिक चिकित्सक ही नहीं, आयुर्वेद विशेषज्ञों का भी मानना है आहार-विहार से इम्यूनिटी बढ़ती है, कैंसर ठीक होने का दावा अप्रमाणिक है। इस विषय को लेकर अमृत विचार ने विभिन्न संस्थानों के कैंसर व अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों से सिद्धू के वायरल वीडियो की तह तक जाने का प्रयास किया, प्रस्तुत है विशेषज्ञों की राय।

### दावा गलत और अप्रमाणित है : डॉ. अर्जुन अग्रवाल



रोहिलखण्ड कैंसर इंस्टीट्यूट, बरेली के प्रमुख डॉ. अर्जुन अग्रवाल का कहना है कि प्राकृतिक उपचार और आयुर्वेद पद्धति की दिनचर्या स्थापित करने से सामान्य व्यक्ति में कैंसर होने की संभावना कम होती है, उपवास करके स्टेज फोर का कैंसर ठीक करने जैसा दावा गलत और अप्रमाणित है।

### सिद्धू ने दी है अपूर्ण जानकारीः डॉ. एके त्रिपाठी



किंग जार्ज चिकित्सा विवि के हेमोटोलॉजी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एके त्रिपाठी ने बताया कि सिद्धू द्वारा दी गई जानकारी अपूर्ण सूचना है। उन्होंने एक पक्षीय बात कहीं, एलोपैथिक इलाज लेने के बाद की स्थिति बतानी चाहिए थी। रोग बढ़ने के बाद प्राकृतिक उपचार से कंट्रोल करने के प्रमाण नहीं मिले हैं।

### सेलेब्रेटीज ऐसे दावे न करें : डॉ. आनन्द कुमार



केजीएमयू में इंडोक्राइन सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. आनन्द कुमार मिश्र कहते हैं कि, खुद के प्रचार के लिए सेलेब्रेटीज को उपचार के विषय पर नहीं बोलना चाहिए। ग्रामीण व अशिक्षित मरीजों के परिवारों में संदेह बैठ जाता है, और वह इलाज में लापरवाही बरतते हैं या बीच में छोड़ भी सकते हैं।

### कैंसर के उपचार में देरी न करें : डॉ. रूपेन्द्र श्रीवास्तव



राजधानी के ही लोक बन्धु अस्पताल के चिकित्सक डॉ. रूपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अप्रमाणित उपचारों के चक्कर में फंसकर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार में देरी न करें, बल्कि डॉक्टर से परामर्श करें। वरना, अफ़सोस करने के अलावा कुछ नहीं बचेगा।

### ऐसे उपाय अप्रमाणिक हैं : डॉ. पीसी सक्सेना



आयुर्वेद विभाग के पूर्व निदेशक एवं राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय टुडियागंज के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. प्रकाश चन्द्र सक्सेना का हालांकि कहना है उपवास से प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है लेकिन कैंसर के गंभीर हो जाने के बाद इसका नियंत्रण या छुटकारा पाना ऐसे उपायों से अप्रमाणिक है।

### टाटा मेमोरियल कैंसर अस्पताल ने किया खंडन

पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने प्रेस कांफ्रेंस में दावा किया था कि उनकी पत्नी नवजोत कौर को स्टेज चार का ब्रेस्ट कैंसर था। उन्हें सर्जरी, कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी से भी लाभ नहीं मिला था। बाद में उनकी पत्नी ने प्राकृतिक लाइफ स्टाइल अपनायी, नींबू-पानी से दिन की शुरूआत कर, मौसमी फलों का सेवन आदि किया, मात्र 40 दिन के प्राकृतिक उपचार अपनाने से कैंसर से मुक्ति मिल गई है। सिद्धू के इस दावे का टाटा कैंसर अस्पताल मुम्बई के 262 चिकित्सकों ने खंडन किया। निदेशक का कहना है कि कैंसर का उपचार सर्जरी, रेडियशन थेरेपी और कीमोथेरेपी जैसे प्रमाणित उपायों से ही संभव है।

### सिद्धू को भेजा 850 करोड़ का नोटिस

नीम-हल्दी से पत्नी के कैंसर का इलाज करने के बयान को लेकर सुर्खियों में आए नवजोत सिंह सिद्धू को छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी ने लीगल नोटिस जारी किया है। नोटिस में सिद्धू को 7 दिनों के अंदर पत्नी नवजोत कौर के कैंसर के इलाज के डॉक्यूमेंट पेश करने के लिए कहा है। ऐसा नहीं करने पर 850 करोड़ रुपए की मांग की गई है। सिविल सोसायटी ने भ्रमित जानकारी संबंधी किए दावों का स्पष्टीकरण भी मांगा है जिसमें उन्होंने कहा था कि पत्नी को कैंसर की स्टेज 4 में लाइफ स्टाइल व डाइट बदलने से बीमारी को मात दी है।

## एक नजर

### पाकिस्तान में 5.2 तीव्रता का आया भूकंप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में गुरुवारको 5.2 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, इसका केंद्र अफगानिस्तान और ताजाकिस्तान के बीच सीमा क्षेत्र के पास था और इसकी गहराई 212 किलोमीटर थी। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, पेशावर और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कई क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### एडीबी ने मासातो कांडा को अगला अध्यक्ष चुना

**मनीला (फिलीपींस)।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने गुरुवार को कहा कि उसके बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने सर्वसम्मति से मासातो कांडा को एडीबी का 11 वां अध्यक्ष चुना है। कांडा (59) वर्तमान में जापान के प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के विशेष सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। वह मासात्सुगु असकावा के स्थान पर 24 फरवरी, 2025 को पदभार ग्रहण करेंगे। असकावा अगले साल 23 फरवरी को पद छोड़ देंगे। कांडा असाकावा का अधूरा कार्यकाल पूरा करेंगे, जो 23 नवंबर, 2026 को समाप्त होगा।

### 43 चीनी सैनिकों के अवशेष बीजिंग को सौंपे गए

**शेनयांग।** अमेरिकी आक्रमण का विरोध और कोरिया की सहायता करने के लिए युद्ध के दौरान अपनी जान गंवाने वाले 43 चीनी पीपुल्स वालंटियर्स (सीपीवी) शहीदों के अवशेष कोरिया गणराज्य (आरओके) ने चीनी पक्ष को सौंप दिए हैं। गौरतलब है कि 2014 से 2023 तक दोनों देशों ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मानवीय सिद्धांतों के अनुसार संबंधित कलाकृतियों के साथ 938 सीपीवी शहीदों के अवशेषों को सफलतापूर्वक सौंप दिया है।

### मार्क जुकरबर्ग ने ट्रंप से की मुलाकात

**वाशिंगटन।** मेटा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग ने नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आवास मार-ए-लार्गो एस्टेट में मुलाकात की। व्हाइट हाउस स्टाफ में ट्रम्प के नीति के लिए उप प्रमुख स्टीफन मिलर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जुकरबर्ग, ट्रम्प और उनके भावी कई प्रशासनिक अधिकारियों से मिलने के लिए फ्लोरिडा में आए थे।

# बांग्लादेश : इस्कॉन पर प्रतिबंध से इनकार

## हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका, शेख हसीना ने की हिंदू नेता की रिहाई की मांग की

ढाका/कोलकाता, एजेंसी

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पड़ोसी देश में अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा पर भारत की चिंताओं को दोहराते हुए गुरुवार को हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की तत्काल रिहाई की मांग की। इस बीच, बांग्लादेश उच्च न्यायालय ने इस्कॉन की बांग्लादेश इकाई पर प्रतिबंध लगाने की मांग करने वाली एक याचिका को खारिज कर दिया। दास पूर्व में इस्कॉन-बांग्लादेश से जुड़े थे।

वहीं, कोलकाता में बंगीय हिंदू जागरण मंच के सदस्यों ने अत्याचार और दास की गिरफ्तारी के विरोध में बांग्लादेश के उप-उच्चायुक्त के कार्यालय तक रैली निकाली। बांग्लादेश की अदालत का फैसला राजद्रोह के आरोप में दास की गिरफ्तारी और उन्हें जमानत न दिए जाने के बाद उनके समर्थकों और सुरक्षाबलों के बीच हुई झड़प के दौरान एक वकील के मारे जाने के बाद आया। हसीना ने एक बयान में कहा सनातन धर्म के एक शीर्ष आध्यात्मिक नेता को अन्यायपूर्ण तरीके से गिरफ्तार किया गया है, उन्हें तुरंत रिहा किया जाना चाहिए। अवामी लीग की ओर से एक्स पर किए गए एक पोस्ट में हसीना ने कहा, चटगांव में एक मंदिर को जला दिया गया है। इस्कॉन बांग्लादेश के अध्यक्ष सत्य रंजन बरोई ने भी कहा कि उनका संगठन सांप्रदायिक सद्भाव, धार्मिक सहिष्णुता और मानवता के कल्याण के लिए समर्पित है तथा आरोप हमारी धार्मिक और सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास हैं।

इससे पहले, बांग्लादेश के अटॉर्नी जनरल कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि पीठ ने इस्कॉन की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने से इनकार कर दिया। एक वकील ने इस्कॉन पर प्रतिबंध की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। पीठ ने यह निर्णय पूर्वोत्तर बंदरगाह शहर चटगांव में सहायक सरकारी अभियोजक सैफुल इस्लाम अलीफ की मौत के संबंध में सरकार द्वारा की गई कार्रवाई पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद किया।



कोलकाता में चिन्मय दास की गिरफ्तारी के विरोध में मार्च निकालते हिंदू संगठन।

### हिंदू संगठन ने अत्याचार के विरोध में निकाला मार्च

**कोलकाता।** बंगीय हिंदू जागरण मंच के सदस्यों ने गुरुवार को कोलकाता में बांग्लादेश के उप-उच्चायुक्त कार्यालय तक रैली निकाली और पड़ोसी देश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों और आध्यात्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी का विरोध किया। पुलिस ने सियालदह स्टेशन से बांग्लादेश उप-उच्चायोग तक मार्च कर रहे प्रदर्शनकारियों को रास्ते में ही रोक दिया। कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से धक्का-मुक्की की और अवरोधक तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश की, लेकिन बड़ी संख्या में तैनात पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक दिया।

### इस्कॉन ने कहा- विरोध-प्रदर्शन में वह शामिल नहीं था

**ढाका।** इस्कॉन बंगलादेश ने दावा किया कि हिंदू संगठन अपने पूर्व नेता चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई के लिए विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं था और वह उनके अपराध के लिए कोई दायित्व नहीं लेगा। ढाका के गंदेरिया इलाके में स्वामीबाग मंदिर में इस्कॉन बंगलादेश के महासचिव चारू चंद्र दास ब्रह्मचारी ने कहा कि उन्होंने चिन्मय कृष्ण दास और दो अन्य को संगठन के पदों से कई महीने पहले निष्कासित कर दिया था क्योंकि उनकी गतिविधियां संगठन के संविधान के खिलाफ थीं। उन्होंने यह भी कहा चट्टोग्राम में वकील सैफुल इस्लाम अलिफ की हत्या से संगठन का लेनादेना नहीं है।

### अमेरिका में बांग्लादेश पर प्रतिबंध लगाने की उठी मांग

**वाशिंगटन।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की निंदा करते हुए कई हिंदू अमेरिकी समूहों ने मांग की है कि दक्षिण एशियाई देश के लिए अमेरिकी सहायता इस शर्त पर निर्भर होनी चाहिए कि वहां की सरकार अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा के लिए ठोस कार्रवाई करे। बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदू देश की 17 करोड़ की आबादी का केवल आठ प्रतिशत हैं। अल्पसंख्यक हिंदू आबादी को 5 अगस्त को शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के पतन के बाद से देश के 50 से अधिक जिलों में 200 से अधिक हमलों का सामना करना पड़ा है।

# कनाडा के साथ भारत के संबंध आज भी चुनौतीपूर्ण

- विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने राज्यसभा में दी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि कनाडा के साथ भारत के संबंध चुनौतीपूर्ण रहे हैं और आज भी हैं क्योंकि वहां की सरकार द्वारा ऐसे चरमपंथी एवं अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक आश्रय प्रदान किया जाता है जो भारत विरोधी एजेंडे का समर्थन करते हैं। विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि एक दूसरे की चिंताओं, क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान किसी भी स्थिर द्विपक्षीय संबंध के लिए आवश्यक शर्तें हैं। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के अब्दुल वहाब ने विदेश मंत्रालय से सवाल पूछा था कि क्या यह सच है विगत में कनाडा के साथ भारत के संबध खराब हुए हैं। इसके जवाब में सिंह ने कहा, कनाडा के साथ भारत के संबंध चुनौतीपूर्ण रहे हैं और आज भी हैं। क्योंकि कनाडा सरकार द्वारा मुख्यतः ऐसे चरमपंथी एवं अलगाववादी तत्वों और ऐसे व्यक्तियों को राजनीतिक आश्रय प्रदान किया जाता है, जो भारत विरोधी एजेंडे का समर्थन करते हैं और भारत की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता को खतरे में डालने वाले हिंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए कनाडा की स्वतंत्रता का दुरुपयोग करते रहे हैं।



### भारत ने कनाडा सरकार से बार-बार किया था आग्रह

कीर्तिवर्धन ने कहा, एक दूसरे की चिताओं क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान किसी भी स्थिर विपक्षीय संबंध के लिए आवश्यक शर्तें हैं। सिंह ने बताया कि इस संबंध में भारत सरकार ने कनाडा सरकार से बार-बार आग्रह किया है कि चरमपंथी एवं अलगाववादी तत्व अपने कार्यों के लिए उनकी भूमि का उपयोग कर रहे हैं। भारत सरकार ने ऐसे तत्वों के त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने का भी बार-बार आग्रह किया है। ऐसे तत्व हमारे नेताओं की हत्या का महिमामंडन करने, वर्तमान राजनीतिक नेतृत्व और राजनयिकों को धमकियां देने, पूजा स्थलों का अनादर और वहां तोड़फोड़ करने में शामिल हैं।

## यूक्रेन के ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमला, 10 लाख की आबादी बिजली से वंचित

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हुए बृहस्पतिवार को 200 से ज्यादा मिसाइल और ड्रोन से हमले किए। इन हमलों के कारण देश भर में 10 लाख से ज्यादा आबादी बिजली से वंचित है। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दो सप्ताह से भी कम समय में यूक्रेन के ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर रूस के दूसरे बड़े हवाई हमले से यह आशंका बढ़ गई है कि रूस का इरादा सर्दी से पहले यूक्रेन की ऊर्जा उत्पादन क्षमता को तहस-नहस करना है। रूस ने पिछले वर्षों में यूक्रेन के बिजली संयंत्रों को निशाना बनाया है, जिसका उद्देश्य कड़ाके की ठंड के महीनों के दौरान नागरिकों को बिजली और पेयजल आपूर्ति से वंचित करना तथा यूक्रेन के उत्साह को तोड़ना है।

# सीमा से पीछे हटने के समझौते पर भारत-चीन कर रहे प्रगति

- रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सीनियर कर्नल वू कियान ने जताया संतोष

बीजिंग, एजेंसी

चीन के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि पूर्वी लद्दाख में चार साल पहले शुरू हुए गतिरोध को खत्म करने के लिए चीन और भारत की सेनाएं पीछे हटने के समझौते को लागू करने की दिशा में बड़ी प्रगति कर रही हैं।

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सीनियर कर्नल वू कियान ने यहां मासिक मीडिया ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए कहा, हम चीन और भारत के बीच सामंजस्यपूर्ण तालमेल की भी उम्मीद करते हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके चीनी समकक्ष एडमिरल डोंग जून ने पिछले सप्ताह लाओस की राजधानी वियनतियाने में एक क्षेत्रीय सुरक्षा सम्मेलन के दौरान एक सकारात्मक और रचनात्मक बैठक की थी। दोनों पक्ष संबंधित समझौते को लागू कर रहे हैं। उन्होंने पूर्वी लद्दाख में गतिरोध खत्म करने के लिए पिछले महीने दोनों देशों के बीच हुए समझौते के क्रियान्वयन की प्रगति पर एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। वू ने कहा, अब, हम बड़ी प्रगति कर रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने शीर्ष नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति को लागू करने और दोनों देशों के बीच स्थिर संबंधों को बढ़ावा देने पर सहमति व्यक्त की।



## श्रीलंका में मौसम संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच 12 लोगों की मौत

**कोलंबो।** दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में भारी बारिश के बाद खराब मौसम की वजह से श्रीलंका में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 3.30 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मृतकों में से आठ पूर्वी जिले अम्पारा के बताए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि खराब मौसम बंगाल की खाड़ी में बने गहरे दबाव के क्षेत्र का परिणाम है, जिसने मुख्य रूप से पूर्वी प्रांत को प्रभावित किया है। आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) के अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को स्थानीय समयानुसार सुबह आठ बजे तक 21 जिलों के 98,000 से अधिक परिवारों के 3,30,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने शुक्रवार तक और भारी बारिश का अनुमान लगाया है।

# पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश ने अप्रिय घटनाओं पर जताई चिंता

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के प्रधान न्यायाधीश डॉ. सैयद रेफात अहमद ने गुरुवार को कहा कि देश की शीर्ष और निचली अदालतों में घटी अप्रिय घटनाओं ने उन्हें बहुत चिंतित कर दिया है। ऐसी ही एक घटना में वकीलों के एक समूह ने एक खुले अदालत कक्ष में शीर्ष अदालत के एक न्यायाधीश पर हमला करने की कोशिश की और पिछले दो दिन में एक अन्य वकील की हत्या कर दी गई। इस तरह के एक दुर्लभ बयान में, अहमद ने कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट में हाल की घटनाओं और देश भर में न्यायिक परिसरों में हुई घटनाओं को लेकर बहुत चिंतित हैं।

चुनौतियों के बावजूद न्यायिक प्रक्रिया बाधा न आए, यह सुनिश्चित करने के लिए सभी घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि उनके कार्यालय ने ऐसी शीर्ष अदालत के साथ जिला न्यायालयों और मजिस्ट्रेट अदालतों के परिसरों में 'व्यापक उपाय' लागू किए हैं।

### सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति पर वकीलों ने फेंके थे अंडे

वकीलों के एक समूह ने बुधवार को न्यायालय कक्ष में धावा बोल दिया और सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति मोहम्मद अशरफुल कमाल पर अंडे फेंके, जिससे उन्हें अचानक सत्र समाप्त करके साथी न्यायाधीश के साथ अदालत से जाना पड़ा। वकीलों ने आरोप लगाया कि कमाल ने 2016 में एक फैसले में दिवंगत राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बारे में नकारात्मक टिप्पणी की थी। बांग्लादेश में 26 नवंबर को एक सरकारी अभियोजक की हत्या कर दी गई थी, जब हिंदू आध्यात्मिक नेता चिन्मय के समर्थकों ने उनकी जमानत याचिका खारिज होने के बाद उन्हें जेल ले जाने वाले वाहन को रोक दिया था।

## मस्क ने पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद अधिकारी पर लगाया देशद्रोह का आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अरबपति एलन मस्क ने व्हाइट हाउस के पूर्व सलाहकार अलेक्जेंडर विंडमैन पर देशद्रोह का आरोप लगाया है। विंडमैन ने मस्क के खिलाफ रूसी व्यापारियों के साथ संबंध होने का आरोप लगाया था। मस्क ने कहा, विंडमैन यूक्रेनी कुलीन वर्ग के वेतनभोगी हैं और उन्होंने अमेरिका के खिलाफ देशद्रोह किया है, जिसके लिए उन्हें उचित दंड भुगतना होगा। यह पोस्ट विंडमैन के साक्षात्कार के एक हिस्से के जवाब में आया है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि रूसी नेता मस्क का इस्तेमाल अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में मनोनीत डोनाल्ड ट्रम्प का समर्थन करने के लिए कर रहे हैं।



# हसीना के खिलाफ आईसीसी में मुकदमा चलाएगा बांग्लादेश

- बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के कार्यालय ने दी जानकारी

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय अपराध अदालत (आईसीसी) में मुकदमा चलाना चाहता है जबकि मानवता के खिलाफ अपराध के आरोपों पर वह घरेलू न्यायाधिकरण में मुकदमे का सामना कर रही हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के कार्यालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मुख्य सलाहकार की प्रेस इकाई के एक अधिकारी ने कहा, मुख्य सलाहकार यूनुस ने हसीना के मुकदमे के मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालत (आईसीसी) के अभियोजक करीम ए खान के साथ चर्चा की। खान ने यूनुस से उनके आधिकारिक जमुना आवास पर मुलाकात की। विवादास्पद नौकरी आरक्षण प्रणाली को लेकर अवामी लीग के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद हसीना पांच अगस्त को देश छोड़कर भारत चली गई थीं। तीन दिन बाद, नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में कार्यभार संभाला था।



## इजराइल ने संघर्ष विराम के बाद लेबनान पर किया पहला हवाई हमला

**बेरूत।** इजराइली सेना ने गुरुवार को कहा कि उसके लड़ाकू विमानों ने एक रॉकेट भंडारण इकाई पर हिजबुल्ला की गतिविधि का पता लगने के बाद दक्षिणी लेबनान पर गोलाबारी की। यह इजराइल और हिजबुल्ला के बीच संघर्ष विराम लागू होने के एक दिन बाद पहला इजराइली हवाई हमला है। हवाई हमले में हताहतों के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी गई, जो इजराइली सेना द्वारा यह कहे जाने के कुछ घंटे बाद किया गया कि उसने दक्षिणी लेबनान में कुछ क्षेत्रों में लौटने की कोशिश कर रहे लोगों पर गोलीबारी की। इजराइल ने कहा कि वे युद्धविराम समझौते का उल्लंघन कर रहे थे, लेकिन कोई विवरण नहीं दिया। लेबनान की सरकारी एजेंसी ने कहा कि दो लोग घायल हुए हैं।

**ज्ञान-विज्ञान**

**विनाशकारी सौर तूफान वर्तमान में आया होता तो दुनिया के कई हिस्सों की विद्युत व इलेक्ट्रॉनिक सेवाएं ध्वस्त कर जाता**

# आज भी मौजूद हैं 664 ईसा पूर्व के सौर महातूफान के निशान

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** सौर तूफानों से होने वाले नुकसान की कल्पना, इतनी ही की जा सकती है कि वह दुनिया में भयानक तबाही मचा सकता है। एक ऐसा ही भीषण तूफान 664 ईसा आया था, जिसके निशान पेड़ों व पत्थरों में आज भी मौजूद हैं। नए शोध से यह जानकारी मिली है।

यह 25 वा सौर चक्र चल रहा है और सूर्य इन दिनों बेहद आक्रोशित है। जिसके चलते सूर्य की सतह पर सौर कलंक छाए हुए हैं और निरंतर विस्फोटों के साथ सौर तूफानों को जन्म दे रहे हैं। यह सौर चक्र बेहद शक्तिशाली हो चला है। जिसने रिकॉर्डतोड़ ज्वालाओं को जन्म दिया है। आगे भी सूरज का आक्रोश थमने वाला नहीं है, जिसके भयानक दौर से गुजरने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस सौर चक्र के साक्षी सौर वैज्ञानिक भी बनना चाहते हैं। जिस कारण सूर्य की प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। साथ ही सौर तूफानों के अतीत की खाक छानने में जुटे हुए हैं और अब जो जानकारी निकलकर सामने आई है, वह चौंकाने वाली है। सौर वैज्ञानिकों द्वारा किए नए शोध में 664 ईसा पूर्व आए सौर तूफान के सबूत पेड़ों पर मिले हैं, जबकि पत्थरों में आज भी देखे जा सकते हैं। इन निशानों से सौर ज्वालाओं की तीव्रता का अंदाजा लगाया जा सकता है। एरिज़ोना विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने प्राचीनकाल से मौजूद पेड़ के छल्ले का अध्ययन किया। जिनमे कार्बन-14 पाया गया। कार्बन-14 एक प्रकार का रेडियोधर्मी कार्बन है जो वायुमंडल में लगातार बनता रहता है। कॉस्मिक किरणों के कण ऊपरी वायुमंडल में नाइट्रोजन के साथ संपर्क करके कार्बन-14 बनाते हैं। अंततः कार्बन-14 ऑक्सीजन के साथ मिलकर कार्बन डाइऑक्साइड बनाता है और कुछ महीनों में कार्बन-14 युक्त कार्बन डाइऑक्साइड बन निचले वायुमंडल में पहुंच जाता है। जहां पेड़ इसे अवशोषित कर लेते हैं। सौर महातूफान के दौरान सूर्य भारी मात्रा में ये कण छोड़ता है। ये कण पृथ्वी के वायुमंडल से टकराते हैं, जिससे सामान्य से कहीं अधिक मात्रा में कार्बन-14 बनता है।



नासा के एसडीओ द्वारा 2012 में ली गई ऐतिहासिक सौर ज्वाला की तस्वीर।

### छह और विशाल सौर महा तूफान का पता भी चला

शोध में वैज्ञानिकों ने छह अन्य विशाल सौर तूफानों की पहचान की है । वैज्ञानिकों के अनुसार इन तूफानों को मियाके घटनाओं के रूप में जाना जाता है, जो 14500 वर्षों के दौरान घटित हुए हैं। 7176 ईसा पूर्व, 5410 ईसा पूर्व, 5259 ईसा पूर्व, लगभग 660 ईसा पूर्व, 774 ईसा पूर्व और 993 ईसा पूर्व में यह घटनाएं हुई हैं।